ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 14 अप्रैल 2023 • वर्ष-24 • अंक-72 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अपकमिंग शो 'श्रवणी' में नकारात्मक भूमिका... पेज 12 पर



झांसी में अतीक का बेटा और एक शूटर ढेर, घटनास्थल से विदेशी हथियार बरामद

## मिट्टी में मिले असद-गुलाम

- दोनों के ऊपर था पांच-पांच लाख का इनाम
- अतीक ने कहा: सब मेरे कारण हुआ, बेटे की मिट्टी में शामिल होना चाहता हूं
- अदालत का आदेश : मिट्टी में शामिल नहीं हो सकेगा
- भाजपा ने कहा : जो कहा, वह करके दिखाया
- अखिलेश ने कहा : एनकाउंटर की जांच हो



**नवीन मेल नेटवर्क। झांसी**

माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और शूटर गुलाम (दोनों पांच-पांच लाख के इनामी) गुरुवार को दोपहर पौने एक बजे यहां हुई मुठभेड़ में मारे गए। यह मुठभेड़ तब हुआ, जब यूपी एसटीएफ ने मोबाइल पर चैटिंग के दौरान उन दोनों को बाइक पर जाते देखा। एसटीएफ ने जब उन्हें ललकारा तो असद और गुलाम ने उन पर ताबड़तोड़ फायर ओपन कर दिया। जवाब में एसटीएफ ने भी फायर ओपन किया और कोई 90 सेकेंड के इस एनकाऊंटर में असद और गुलाम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### अब तक चार ढेर

**प्रयागराज** में 24 फरवरी को हुए उमेश पाल हत्याकांड में यूपी पुलिस अब तक चार फरार आरोपितों को मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है। पहला एनकाउंटर प्रयागराज में ही 27 फरवरी को अरबाज का हुआ था। अरबाज उस क्रेटा कार को चला रहा था, जिससे हमलावर उमेश पाल के घर तक पहुंचे थे। इसमें असद भी था। दूसरा एनकाउंटर छह मार्च को हुआ था। इसमें उमेश पर पहली गोली चलाने वाले विजय चौधरी उर्फ उस्मान को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। दो बदमाशों को गुरुवार को मार गिराया गया।

### मुख्यमंत्री योगी ने की तारीफ

**यूपी** के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मुठभेड़ पर अधिकारियों की तारीफ की। इसके साथ ही सीएम ने कानून व्यवस्था पर बड़ी बैठक बुलाई है। उधर, भाजपा नेता सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा कि पुलिस और एसटीएफ अपना काम कर रही है। हमने पहले भी कहा था कि कानून के आधार पर ठोस कार्रवाई करेंगे। यह कार्रवाई भी संविधान के तहत है। अपराधियों के प्रति बीजेपी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति रहती है। मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में अंतर नहीं है।

### डेड बॉडी किसे मिलेगी

**बड़ा** सवाल यह है कि अतीक के बेटे की बॉडी किसे मिलेगी। यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि अतीक अहमद जेल में है। उसकी बीवी शाइस्ता फरार है। उसके पांच बेटे थे। बेटा नंबर तीन असद मारा गया। बेटा नंबर चार और पांच सुधार गृह में हैं। बेटा नंबर एक और दो जेल में बंद हैं। डेड बॉडी पर पहला अधिकार माता-पिता का ही होता है। माना जा रहा है कि शाइस्ता को यह पता चल गया हो कि उसके बेटे को मार गिराया गया है। बहुत संभव है कि वह गुरुवार की रात या जुमे की सुबह सरेंडर कर दे।

आईएएस छवि रंजन समेत कई सरकारी कर्मियों व माफिया के यहां ईडी की दबिश

## जमीन घोटाले में ईडी का छापा



### एक साथ रांची, सिमडेगा हजारीबाग, गोपालगंज आसनसोल और कोलकाता में छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में सेना की जमीन के साथ जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी व आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी पैमाने पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज, कई सरकारी कागजात मिले हैं। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य ईडी को मिले हैं। गुरुवार की सुबह 6.30 बजे ईडी ने एक साथ रांची, सिमडेगा, हजारीबाग, बिहार के गोपालगंज, बंगाल के आसनसोल और कोलकाता में छापेमारी की। ईडी ने सेना की जमीन खरीद में गड़बड़ी, चेशायर रोड होम स्थित जमीन की खरीद में गड़बड़ी में दर्ज सदर थाना के केस के आधार पर ईसीआईआर दर्ज किया था। सेना की जमीन व चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिक्री के लिए कोलकाता से कागजात बनाए गए थे।

### क्या हुआ बरामद

ईडी की छापेमारी में बड़गाई अंचल के राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद के यहां से स्टील के बक्सों व अलमीरा में भर कर रखे गए कागजात मिले हैं। आधा दर्जन से अधिक स्टील के बड़े बक्सों में जमीन के डीड, खतियान, रजिस्टर 1-2 समेत कई दस्तावेज बरामद किए गए हैं। सरकारी दस्तावेजों को इतनी अधिक संख्या में आवास में क्यों रखा गया था, इसे लेकर भानु प्रताप प्रसाद कोई खास जवाब नहीं दे पाए। ईडी इस मामले में भानु प्रताप से ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### किस किस के ठिकाने पर छापा

- छवि रंजन, रांची के पूर्व डीसी के राजभवन के समीप स्थित सरकारी आवास, कांके के ओयना में 4 सी, दामोदर जेमिनी सोसायटी, जमशेदपुर के कदमा स्थित फ्लैट नंबर 1, एसबी लोंगिया अपार्टमेंट।
- मनोज कुमार, सीओ बड़गाईं, रामेश्वररम लेन, आर्ची अपार्टमेंट, सी-1 मोरहाबादी।
- भानु प्रताप प्रसाद, राजस्वकर्मी बड़गाईं अंचल, रोड नंबर 7 हिलव्यू रोड, बरियातू व झूलन सिंह चौक, सिमडेगा आवास।
- अशोक सिंह, राजस्वकर्मी नामकुम, श्रीरामप्रीत, हटिया आवास।
- दीपक कुमार, अशोक सिंह का रिश्तेदार, फ्लैट नंबर 302, शकुंतला अपार्टमेंट, बोस्को नगर हेसाग, रांची।
- तलहा खान उर्फ सनी, नीयर राहत नर्सिंग होम, बरियातू।
- बीरेंद्र साहू, तीसरा तल्ला, एनजी गार्डेन।
- राजेश राय, खजूरी, सासामुसा बनतेल, कुचाईकोट, गोपालगंज।
- भारत प्रसाद, 264 मेरू पुंडरी, बीएसएफ मेरू, बड़कागांव, हजारीबाग।
- लखन सिंह, फर्स्ट लेन, कुलिया टंगरा, कोलकाता।
- अफसर अली, नीयर राहत नर्सिंग होम, बरियातू।
- इम्जियाज अहमद, मणिटोला, हिनू।
- फैयाज खान, मिल्लल कॉलोनी, बरियातू।
- सुजीत कुमार, अमीन, रोड नंबर सात, हिल व्यू एरिया, बरियातू।
- तबरेज अख्तर, अफजल रेसीडेंसी, सी ब्लॉक, पहला तल्ला, ए 02 चौहान कॉलोनी, रानीबगान।
- अजहर खान, हाउस नंबर 28, सेकेंड स्ट्रीट हिंदपीढ़ी।
- मो. सद्दाम हुसैन, प्लाट नंबर 40 जेड, फर्स्ट मार्क स्कूल रोड बरियातू।
- प्रदीप बागची, उदयांचल टावर, तीसरा तल्ला, टीपी रोड, उषाग्राम, आसनसोल।

### माओवादियों का 14-15 अप्रैल को बंद, अलर्ट

**रांची।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 14 और 15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी गई है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जाएगी। हालांकि, नक्सलियों ने बंद के दौरान आवश्यक चीजें प्रेस, दूध और एंबुलेंस को मुक्त रखा है। दरअसल, बीते दिनों झारखंड के चतरा जिले के लावालौंग थाना स्थित ग्रहे जंगल में हुई एक मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने के विरोध में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने दो दिन का बंद का आह्वान किया है। इस बंद को देखते हुए खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इस संबंध में झारखंड और बिहार पुलिस के अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

### माओवादियों ने किया आईईडी विस्फोट दो आईईडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुरुवार को सुरक्षाबलों को लक्षित कर माओवादियों ने एक आईईडी विस्फोट किया। इस आईईडी विस्फोट से सुरक्षाबलों को कोई नुकसान तो नहीं हुआ, परंतु एक पशु की जान चली गई। इस बीच विस्फोट वाले स्थान गोइलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु जंगल में सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को पांच 5-5 किलो के दो आईईडी मिले हैं जिन्हें सुरक्षाबलों के बम निरोधक दस्ते के द्वारा जंगल में ही विनष्ट कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि माओवादियों के शीर्ष नेताओं के भ्रमणशील होने की सूचना पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।




## ग्रामीणों को उत्पादों का उचित मूल्य मिले : सीएम

### मुख्यमंत्री ने की कृषि एवं वनोपज पर्षद की बैठक, अधिकारियों के दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपज आधारित उत्पादों का वैल्यू एडिशन कर जीविका का महत्वपूर्ण स्रोत बनाया जा सकता है। ग्रामीणों को उनके द्वारा उत्पादित एवं संग्रहित उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने पर बल दें। सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड राज्य में कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी, फल, इमली, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, लाह, महुआ, करंज, रेशम सहित अन्य का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण तथा क्रय-विक्रय हेतु मार्केटिंग की कारगर व्यवस्था तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी तथा वन क्षेत्र की भूमि पर कौन से वनोपज का कितना वृक्ष है तथा उन वृक्षों के उत्पादों का उपयोग किस समूह द्वारा किया जा रहा है, इसका डेटाबेस तैयार करें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि. रांची के निदेशक पर्षद की द्वितीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में सिदो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लि० के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य के 12 जिलों में लाह प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही राज्य में मेडिसिन प्लांट जैसे चिरईता, जामुन, अश्वगंधा, आंवला इत्यादि को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रथम फेज में रांची, गुमला तथा दुमका जिला में वनोत्पाद तथा कृषि उपज हब का निर्माण किया जा रहा है, इसके अंतर्गत संग्रहण तथा प्रोसेसिंग की कार्रवाई की जाएगी।

### जीआरडीए की हुई बैठक

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीआरडीए) के निदेशक पर्षद की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जीआरडीए अंतर्गत एचईसी क्षेत्र में 45 एकड़ भूमि पर विधायकों के लिए बनाए जाने वाले आवास निर्माण से संबंधित जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जीआरडीए विधायकों के लिए बनाए जाने वाले आवासों में मास्टर प्लान के तहत सीवरेज ड्रेनेज, सड़क एवं पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करें ताकि ससमय आवास निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके।

## देवघर में निर्माणाधीन एम्स में लगी भीषण आग

### स्वास्थ्य मंत्री ने एम्स के डायरेक्टर से फोन पर बात कर ली हादसे की जानकारी, जांच के आदेश




**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

जिले में निर्माणाधीन एम्स में गुरुवार को भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल में मौजूद सभी लोग जान बचाकर बाहर निकल आए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि देवघर एम्स की मुख्य बिल्डिंग के पोर्टिको के बाद वाले भाग में आग लगने की सूचना मिली। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई भी जानमाल की क्षति नहीं हुई। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने देवघर एम्स में आग लगने की खबर पर संज्ञान लिया है। उन्होंने एम्स डायरेक्टर से फोन पर बात कर हादसे की जानकारी ली। डायरेक्टर ने स्थिति नियंत्रण में बतायी है। मंत्री ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## देश के 71 हजार युवाओं को पीएम मोदी ने बांटे नियुक्ति पत्र

### रोजगार मेले में बोले पीएम: तेजी से चल रहा नौकरी देने का सिलसिला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार (13 अप्रैल) को मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय रोजगार मेले का आगाज किया। इसके तहत देश के 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए। पीएम मोदी इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए और युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। रोजगार मेले के तहत प्रधानमंत्री ने सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 71 हजार नए लोगों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र बांटे।

पीएम मोदी ने राष्ट्रीय रोजगार मेले में कहा: केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 70,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है, आप सभी को बधाई। एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों में सरकारी नौकरी देने का सिलसिला तेज गति से चल रहा है। मध्य प्रदेश में कल ही 22,000 से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा: आज 70 हजार से ज्यादा युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौकरी मिली है। आप सभी युवाओं को, आपके परिजनों को बहुत-बहुत बधाई। विकसित भारत की संकल्प से सिद्धि के लिए हमारी सरकार युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सही अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैसाखी के इस शुभ दिन पर केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 70 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है।

युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: आज जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है। उन्हें कुछ सुझाव अवश्य देना चाहता हूं। कुछ लोगों को रेलवे, कुछ लोगों को शिक्षा और कुछ लोगों को बैंक में सेवा देने का मौका मिला है। ये आपके लिए देश के विकास में योगददान का अवसर है। जब देश 2047 में आजादी के 100 साल मनाएगा। इस वक्त देश विकसित भारत का लक्ष्य लेकर चल रहा है। यह आपके लिए सच्चे अर्थ में अमृतकाल है। देश बिल्कुल तेज गति से आगे बढ़ने वाले माहौल में है और आप इसमें अपना योगदान देंगे जो बहुत अहम है।

### स्टार्टअप्स ने 40 लाख रोजगार सृजित किए

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आगे कहा: एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टार्टअप्स ने 40 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। इसी प्रकार से ड्रोन सेक्टर भी है। वहीं, बीते 8-9 सालों में देश के स्पोर्ट्स सेक्टर का भी कायाकल्प हो गया है। आज युवाओं के सामने कई ऐसे सेक्टर खुल गए हैं जो 10 साल पहले युवाओं के सामने उपलब्ध ही नहीं थे। स्टार्टअप का उदहारण हमारे सामने है। स्टार्टअप को लेकर आज भारत के युवाओं में जबरदस्त उत्साह है।

**चुनौती** विरोधी दल साबित करें कि कैसे जाति-धर्म देखकर एनकाउंटर हुआ

## राजनीति बता, तू और कितनी गिरेगी...!



मनोज तोमर (वरिष्ठ पत्रकार)

**'राजनीति** के संत' ने संविधान के मंदिर 'विधानसभा' में संकल्प लिया कि अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्होंने जो कहा, कर दिखाया। सिर्फ यूपी ही नहीं, देश और यहां तक कि विदेशों में रहने वाले भारतीयों ने भी अपराधियों का बुरा हश्र देखकर राहत की सांस ली है। लेकिन, असदुद्दीन ओवैसी सहित तमाम विपक्षी दलों ने असद और गुलाम के एनकाउंटर पर सवाल उठा दिये हैं। तर्क यह कि एनकाउंटर फर्जी है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता तो एनकाउंटरों में मारे गये अपराधियों की जाति और धर्म तक गिना रहे हैं। इस तर्क के पीछे कानून का सहारा लिया जा रहा है। हकीकत यह है कि कानूनी दांव-पेचों का सहारा लेकर ही तो अपराधी अपने साम्राज्य को स्थापित करते रहे हैं। एनकाउंटर का विरोध करने वाले क्या यह बताएंगे कि नब्बे के दशक से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले अतीक अहमद को 32 वर्ष में क्या वो सजा दिला पाये ? जबकि, इन सारे दलों ने इस दौरान यूपी में राज किया।

माफिया/अपराधियों के पास ताकत होती है, पैसा होता है, हथियार होते हैं। वो इन सबका इस्तेमाल अपराध के बाद खुद को बचाने में करते हैं। दूसरी तरफ, पीड़ित पक्ष मानसिक रूप से टूटा हुआ होता है। उसके पास पैसा, ताकत, हथियार कुछ भी नहीं होता। कानूनी लड़ाई की लंबी प्रक्रिया पीड़ितों को तोड़कर रख देती है। ऐसे में ज्यादातर पीड़ित लोग खुद को अपनी किस्मत के सहारे छोड़कर ठंडे पड़ जाते हैं और न्याय गहरी नींद सो जाता है। इस देश में लाखो-करोड़ों ऐसे उदाहरण होंगे जो यह बताते हैं कि 25-30 सालों की लड़ाई के बाद भी लोगों को न्याय नहीं मिल रहा है।

### सरकार का विरोध करना है, सिर्फ इसलिए विरोध किया जाएगा ?

**एनकाउंटरों** का विरोध करने वाले दलों ने कभी अपराधियों से पीड़ित जनता की इस बदहाली/लाचारी पर सवाल उठाये हैं? कोई आंदोलन खड़ा किया है? जवाब है नहीं। तो क्या यह माना जाए कि सरकार का विरोध करना है, सिर्फ इसलिए विरोध किया जाएगा? अपने-अपने वोट बैंक को संदेश देने के लिए सरकार के अच्छे कार्यों का भी विरोध किया जाएगा? विरोधी दलों के सामने चुनौती है कि यदि उनके आरोपों में दम है तो वो ये साबित करें कि योगी सरकार ने कैसे जाति अथवा धर्म देखकर अपराधियों का एनकाउंटर किया है? यदि ये दल ऐसा नहीं करते तो आने वाले समय में जनता इनको करारा जवाब जरूर देगी। सरकार और पुलिस की कार्रवाई का विरोध करने वालों को अतीक अहमद और उसके परिवार की चिंता है मगर उमेश ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्य के सात जिलों में पारा 40 के पार, अभी बढ़ेगी गर्मी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सात जिलों में अधिकतम तापमान 40 तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ेगी। पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में तापमान अभी और बढ़ने की संभावना है। धीरे-धीरे राज्य के कई हिस्सों में लू और गर्म हवाएं तेज होने लगी है। अब लोगों के लिए दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होने लगेगा। कई जिलों में लू चलनी शुरू हो गयी है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अप्रैल महीने में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। रांची के तापमान में भी लगातार बढ़त दर्ज की जा रही है। अगले पांच दिनों में राज्य का तापमान 42.0 के पार जा सकता है। इसी तापमान में बढ़त होगी, लेकिन दस दिनों तक तापमान नीचे आने की संभावना जाहिर नहीं की गयी है। जाहिर है आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। अभी राहत नहीं मिलेगी। हालांकि, बीच में बादल घिर आने की आशंका है लेकिन बारिश की संभावना जाहिर नहीं की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अभी किसी भी तरह की राहत की संभावना नहीं है।

### विभिन्न योजनाओं को लेकर पदाधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

# कार्य में तेजी लाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए रांची, रामवृक्ष महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, वीरेंद्र चौबे, जिला योजना पदाधिकारी रांची, विनय कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रवि शंकर मिश्रा, जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना को ससमय पूरा करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि एक-एक आवास जो इस योजना से बन रहे हैं, उसे फील्ड में जा कर देखें। प्रत्येक दिन मॉनिटरिंग करें कि निर्माण कार्य कैसा चल रहा है। उपायुक्त ने विशेष रूप से बुंडू, लापुंग, तमाड़, चान्हो, मांडर, बुढ़मू प्रखंड को ध्यान देने का निर्देश देते हुए इसे तय सीमा में पूरा कराने को कहा। उपायुक्त ने बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना निर्माण में तेजी लाने का निर्देश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को देते हुए कहा कि जितने मामले लंबित हैं, उसे जल्द से जल्द पूरा करें। चान्हो, कांके, तमाड़, बेड़ो, नामकुम के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस महीने के अंत तक इसे पूरा कराना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जो इस फंड का गलत उपयोग कर अन्य कार्य कर रहे हैं, उनपर एफआईआर दर्ज कराने को कहा उपायुक्त ने कुआं निर्माण में विशेष ध्यान देने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण योजना हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान लाभ ले सकें। जिससे उन्हें सिंचाई और अन्य कार्य करने में सहायता हो। उन्होंने तमाड़, ओरमांझी, लापुंग, बुढ़मू, खलारी, इटकी, चान्हो, मांडर, बुंडू, रातू के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शहीद पोटो खेल विकास योजना जिसमें खेल मैदान, चेंजिंग रूम, टॉयलेट का निर्माण होना है, इ उसमें तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रखण्ड में तेजी से काम करते हुए 3 महीने के अंदर पूरा कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ सभी प्रखंडो में देना एवं इसे तय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।

### रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस में लगेगा विस्टाडोम कोच

**सिल्ली।** रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक विस्टाडोम कोच भी लगेगा। यह झारखंड राज्य के लिए पहला विस्टाडोम कोच होगा। विस्टाडोम कोच में कांच की खिड़कियां होती हैं और इनकी छत भी पारदर्शी होती है। इसमें एलईडी लाइट,घूमने वाली सीट और जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद होती हैं !कोडरमा-बरकाकाना-रांची रेल लाइन जंगल, पहाड़ों और गुफाओं के बीच में से निकलती है और इसकी खूबसूरती देखते ही बनेगी। विस्टाडोम कोच कोडरमा-बरकाकाना-रांची रेल लाइन के बीच की प्राकृतिक सुंदरता का अवलोकन कराने में और पर्यटन को बढ़ाने में बहुत ही सहायक सिद्ध होगा। छोटानागपुर प्रमंडल के रेलयात्री इन बेहतरीन नजारों का लुत्फ उठा सकेंगे। उम्मीद है टेक्निकल स्वीकृति के बाद यह कोच इस ट्रेन में जल्दी लग जाएगा।

### दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

# 170 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महात्मा हनीमैन की 268वीं जयंती के मौके पर कचहरी चौक स्थित यूएस पॉलीक्लिनिक में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व यूएस पॉलीक्लिनिक के मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. उमाशंकर वर्मा ने महात्मा हनीमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर की। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दो दिनों में लगभग 170 मरीजों की निशुल्क जांच की गई। साथ ही सभी को उपलब्ध दवाइयां निशुल्क वितरित की गई। शिविर के आयोजन में डॉक्टर वर्मा को डॉ. प्रेम प्रकाश वर्मा, डॉ. सुचित्रा सिन्हा, डॉ. अंबिया, डॉ. गीता लेआनगी, डॉ. कल्याण, मनोज कुमार वर्मा, अंजना वर्मा, दीपा वर्मा, अखिलेश कुमार, उर्मिला एक्का, जितेंद्र कुमार, किशोर कुमार आदि ने सहयोग किया। इससे पहले डॉक्टर वर्मा ने उपस्थित चिकित्सकों, कर्मचारियों और मरीजों को हैनीमैन की जीवनी को बताया। उन्होंने आगे बताया कि पूरे विश्व में होम्योपैथिक चिकित्सा कराने वालों की संख्या द्वितीय स्थान पर है और अपने देश में 20 करोड़ से अधिक लोग होम्योपैथिक दवाओं का प्रयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि होम्योपैथिक का अविष्कार जर्मनी से हुआ था जहां आज भी 70 प्रतिशत लोग इसे स्वाभीमानता के साथ प्रयोग में लेते हैं। अन्य देशों में अमेरिका, चीन, मैक्सिको, फ्रांस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, बेल्जियम, स्विजरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन, बांग्लादेश, पाकिस्तान में भी प्रयोग किया जा रहा है। डॉक्टर वर्मा ने बताया कि इस वर्ष का थीम 'एक स्वास्थ्य एक परिवार' रखा गया है।


Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office of the Gumla Nagar Parishad, Gumla

Very Short Term Expression of Interest (2nd Call)

नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में लगे हाई मास्ट लाईट/मिनी मास्ट लाईट की मरम्मति (रख–रखाव सहित) हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति द्वारा निविदा के माध्यम से इच्छुक व्यक्ति/पंजीकृत संस्था/संवेदक से दर (सभी कर सहित) आमंत्रित किया जाता है। स्वंय या अधिकृत प्रतिनिधि सहित नगर परिषद, गुमला कार्यालय में दर निविदा डालने वाले ससमय उपस्थित रहेंगे।

A. Sale of Tender Documents : 19.04.2023 to 20.04.2023 till 05.00 PM
B. Date of receiving of sealed EOI : 21.04.2023 up to 01:30 P.M
C. Date and time of opening of EOI : 21.04.2023 up to 02.00 P.M
D. Place of receiving and opening of EOI : Office of Nagar Parishad, Gulmla

| क्र० सं० | विवरणी | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | हाई मास्ट लाईट की रिपेयरिंग (सामग्री सहित व एक वर्ष का रख–रखाव) | 15 |
| 2 | मिनी मास्ट लाईट (सामग्री सहित व एक वर्ष का रख–रखाव) | 15 |

नोट :– नियम एवं शर्त्त कार्यालय नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है। उपरोक्त संख्या आंशिक रूप से घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR 295062 District(23-24)D


### किसानों को मिल रहा फसल बीमा का लाभ

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री सह झारखंड राज्य कॉपरेटिव बैंक के निदेशक प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसान हित में महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। राज्य के किसानों को इसका लाभ भी मिल रहा है। राज्य के किसानों को मिल रहा लाभ केंद्र सरकार व राज्य की पूर्व भाजपा सरकार की देन है। 2018 में खरीफ फसल व 2019 की रबी फसल का बीमा तत्कालीन भाजपा सरकार ने कराया था। तत्कालीन रघुवर सरकार ने किसानों के लिए अंशदान के रूप में ? 87 करोड़ 86 लाख की राशि उस समय स्वीकृत करायी थी। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां राज्य की किसान विरोधी ठग बंधन सरकार फसल बीमा के लिए अपना पीठ थपथपा रही है। वही इस लाभकारी योजना को बंद करने का भी काम कर रही है।

# जमशेदपुर: विधायक के प्रयास से जलापूर्ति हुई प्रारंभ




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में विधायक सरयू राय के प्रयास से लक्ष्मीनगर, प्रेमनगर, बजरंगी बगान, मिश्रा बगान, झगरू बगान सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में जुस्को से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो गया है। इसके लिए जुस्को द्वारा रामाधीन बगान में एक नई पानी टंकी का अधिष्ठापन किया गया है ताकि इन क्षेत्रों में सुगमता से पेयजल आपूर्ति किया जा सके। इन क्षेत्र के लोग विगत कई वर्षों से जुस्को से पेयजल आपूर्ति प्राप्त करने के इच्छुक थे। सरयू राय के विधायक बनने के बाद लोगों ने अनुरोध किया था कि उनके बस्ती में जुस्को से पेयजल आपूर्ति करवाने में सहयोग करें। विधायक सरयू राय ने क्षेत्र का भ्रमण के दौरान भी लोगों से पेयजल का कोई सार्वजनिक स्त्रोत उपलब्ध नहीं होने की जानकारी दी थी, जिसके बाद विधायक सरयू राय ने उन्हें आश्वस्त किया था कि उनकी बस्ती में जुस्को से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर अक्षेस से टैंकर से नियमित पेयजल आपूर्ति करने का निर्देश दिया था। वर्तमान में बिछाये गए नए पाइपलाइन एवं वाल्ब और चैम्बर के कारण पाइपलाइन में स्थित गंदगी एवं धूल कण पानी के साथ लोगों के घरों तक पहुँच रहा था। लोगों ने इसकी शिकायत विधायक सरयू राय से की थी, जिसके बाद विधायक सरयू राय ने जुस्को के अधिकारियों से इसे अविलंब ठीक कर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करवाने का आदेश दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप पाइपलाइनों की वॉशआउट करवाने का कार्य प्रारंभ हुआ। इस दरम्यान पेयजल आपूर्ति बाधित रही। पाइप लाइन वॉशआउट का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। आज संध्या से ही पेयजल आपूर्ति नियमित कर दी जाएगी। भाजमो क लक्ष्मीनगर मंडल अध्यक्ष विनोद राय, नवीन कुमार, सोमनाथ सहित अन्य भाजमो कार्यकर्ताओं ने बस्ती में पेयजल आपूर्ती होने पर विधायक सरयू राय के प्रति धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 24.04.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.04..2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.04.2023 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग (हजारीबाग स्टेडियम) में अवस्थित जिला खेल कार्यालय के जीर्णोद्धार एवं शौचालय निर्माण | 4995000/- | 100000/- | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 295157 Building(23-24)D


# दागी पदाधिकारियों की भी जांच करे ईडी : दीपक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को कई अधिकारियों के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। आए दिन नए-नए कारनामे उजागर हो रहे हैं। ईडी की कारवाई में अधिकारियों के घर में अवैध संपत्ति के दस्तावेज और नकदी बरामद हो रहे हैं। ईडी की अब तक की कार्रवाई से गिरफ्त में आ रहे अधिकारियों से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भ्रष्टाचार के कारनामे केवल उन्हीं तक सीमित नहीं हैं बल्कि ईडी को राज्य सरकार के अन्य चहेते दागी पदाधिकारियों पर भी पैनी निगाह रखनी चाहिए।

सांसद प्रकाश ने कहा कि भाजपा सड़क से सदन तक राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष और आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करती है तो यह सरकार अपने पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए लाठी डंडों गोली बंदूक के बल पर कुचलना चाहती है। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को भी हेमंत सरकार ने कुचलने की कोशिश की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की जनता के सामने राज्य सरकार की पोल खुल चुकी है। यह सरकार केवल विफलताओं की गठरी सिर पर रख कर चल रही है। राज्य की जनता अब क्षण भर भी इस आदिवासी, दलित पिछड़े, महिला, युवा विरोधी तुष्टिकरण में लिप्त सरकार को देखना नहीं चाहती। उन्होंने कहा जनता के लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने के लिए किए गए प्रशासनिक दुरुपयोग पर हेमंत सरकार को माफी मांगनी चाहिए।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कई कार्यक्रम का आयोजन

# छात्रों ने जलियांवाला बाग के बलिदान को किया याद



**नवीन मेल संवाददाताद्ध रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बच्चों ने अंबेडकर जयंती, बैसाखी, बिहू और पोइला बैसाख बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया। छात्रों ने जलियांवाला बाग नरसंहार के दौरान निर्दोष लोगों के बलिदान को भी याद किया। साथ ही भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रस्तावना वाचन से हुई जो कि भारतीय संविधान का सार है। छात्रों ने बैसाखी के फसल कटाई के उत्सव की जीवंत प्रस्तुति एक लघु नाटिका द्वारा की। यह समस्त कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष की थीम पर आधारित था। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और फसल उत्सव के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने माता-पिता, छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और रचनात्मक प्रदर्शन के लिए उनके प्रयासों की सराहना की और समारोह के लिए बधाई दी।


ADVERTISEMENT
RECRUITMENT OF CIVILIAN STAFF IN GROUP 'C' POST IN ARMY RECRUITING OFFICE, RANCHI {HEADQUARTERS RECRUITING ZONE (BIHAR & JHARKHAND)}

(Central Government Department under Ministry of Defence Employment
Notice No : ARO/RNC/01/CMD)

1. Applications are invited in the prescribed format from the Indian Nationals for post of CIVIL MOTOR DRIVER (General Category) alongwith photocopies of certificate/ testimonials in support of age qualification, experience, profession, caste, character, domicile, driving licence and latest passport size photographs (5cm x 3.5cm) duly attested by a Gazetted Officer. Applications competed in all respect should reach Army Recruiting Office, Ranchi, Near Over Bridge, Main Road, Ranchi (Jharkhand), PIN-834001 latest by 1600 hrs on 19 Apr 2023. Application received thereafter will not be entertained.
2. Details of posts are as under :-

| Name of Post | Number of Post/ Vacancies | Classification | Pay Matrix Level |
|---|---|---|---|
| CIVIL MOTOR DRIVER | 01 - (One) (General Category) | General Central Service, Group 'C' Non Industrial Non Ministerial | Level-2 (Rs 19900/- to 63200/-) |

| Whether Selection or Non Selection Post | Age Limit | Educational and Other Qualification Required for Recruitment | Period of Probation |
|---|---|---|---|
| Not Applicable | 18 to 27 Years | (i) Matriculation from a recognised board. (ii) Must possess valid driving license for heavy vehicle and must have two years experience of driving such vehicle | Two years |

Note :- There is no weightage for additional qualification. Screening of application on the basis of percentage of marks obtained in the examination for essential qualification may be carried out.
Terms and conditions can be seen on the notice board.

(Rupal)
Major
Offg Director Recruiting

PR 295116 Home (23-24)_D


### मांग: सात सूत्री मांगों को लेकर आजसू का न्याय मार्च

# सरकार अपने वादों में हो रही विफल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सात सूत्री मांगों को लेकर आजसू ने गुरुवार को मोरहाबादी के बापू वाटिका से समाहरणालय तक न्याय मार्च निकाला। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नेतृत्व में निकाले गये न्याय मार्च में आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। आजसू ने डीसी राहुल कुमार सिन्हा को अपनी सात सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सुदेश महतो ने झारखंड की वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हल्ला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का कार्यकाल पूरा होने को है। लेकिन यह सरकार अपने वादों को पूरा करने में असफल रही है। आरोप लगाया कि सरकार ने अपने साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में झारखंडी भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ विश्वासघात किया है। जनता अब इन चीजों से ऊब चुकी है। सुदेश महतो ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने युवा, किसान, मजदूर, गरीब, बुजुर्ग सभी को ठगने का काम किया है। सरकार ने अपने कार्यकाल में न तो वैकेंसी निकाली। न ही भर्ती परीक्षा ली गयी। पदों पर नियुक्तियां नहीं हुई। बेरोजगारों युवाओं बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया। जबकि मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि सत्ता में आते ही पहले साल पांच लाख यवाओं को नौकरी देंगे। आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारी केवल अपनी जेब भरने का काम कर रहे हैं। चारों तरफ खनिज संपदा की लूट मची हुई है। आजसू नेता देवशरण भगत ने कहा कि बड़े पैमाने पर संसाधनों की लूट और भ्रष्टाचार के कारण राज्य का विकास अवरुद्ध हो रहा है। अराजकता की वजह से राज्य की छवि लगातार खराब हो रही है। आजसू पार्टी ने साढ़े तीन करोड़ जनता के हित में विचार मंथन कर जनादेश का हिसाब लेने के लिए राज्य भर में न्याय मार्च निकाला है। ज्ञात हो कि आजसू पार्टी अप्रैल माह को सामाजिक न्याय महीना के रूप में मना रही है। इसके तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। आजसू के न्याय मार्च कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। महानगर अध्यक्ष सीमा सिंह ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम रही है। इस सरकार के कार्यकाल में महिलाओं को न तो आरक्षण मिला और ना ही किसी भी प्रकार की सुविधा दी गयी। सीमा सिंह ने कहा कि आगामी चुनाव में आजसू पार्टी इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

### पांच दिनों में और तेज होगी सूर्य की तपिश लोग रहेंगे परेशान

**रांची।** अगले पांच दिनों में खूंटी और आसपास के इलाके में सूर्य की तपिश और तेज होगी। इसके कारण अधिकतम मापमान में वृद्धि होगी और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इन पांच दिनों में आसमान में छिटपुट बादल रहने की सम्भावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 40-41 डिग्री सेंटीग्रेट तथा न्यूनतम तापमान 22-23 डिग्री सेंटीग्रेट के आसपास रहेगा। कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के कृषि एवं मौसम वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने गुरुवार को बताया कि आगामी मौसम पूर्वानुमान के आधार पर अधिकतम तापमान 42-44 डिग्री सेंटीग्रेट तथा न्यूनतम तापमान 24-25 डिग्री सेंटीग्रेट तक पहुंचने की सम्भावना है। इसके कारण लोगों को अधिक गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। डॉ चौधरी ने कहा कि गर्मी से बचने के लिए रोजाना कम से कम पांच लीटर पानी पीएं।


झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, गुमला।
भर्ती कैम्प–2023

रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला के तत्वाधान में दिनांक– 15.04.2023 (शनिवार) के पूर्वाहन 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–
स्थान – जिला नियोजनालय कार्यालय, गुमला परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required: Essential | Qualification Required: Desirable | Experience / Height | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Smart Brains Engineers& Technologist Pvt. Ltd Noida | Operator | 100 Permanent | 10th ITI/ Diploma | | Nil | 18-35 | 11000-14000 | Delhi- NCR |
| | | Technician | 100 Permanent | 10th ITI/ Diploma | | Nil | 18-35 | 11000-14000 | Delhi- NCR |
| | | Diploma Engg. Trainee (DET) | 100 Permanent | 10th ITI/ Diploma | | Nil | 18-35 | 12500-15500 | Delhi- NCR |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉफी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 295050 Labour Employment and Traning(23-24)D

# आपराधिक गिरोह पुलिस के रडार पर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड पुलिस नक्सलियों के तीन कोर एरिया ध्वस्त करने के बाद अब राज्य में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोह को खत्म करने में जुट गयी है। राज्य में नक्सल के चार कोर एरिया हुआ करते थे। इनमें बुढ़ा पहाड़, पारसनाथ और ट्राई जंक्शन (खूंटी,सरायकेला और चाईबासा )और कोल्हान शामिल है। इनमें तीन को नक्सलियों से मुक्त करा लिया गया है। सिर्फ कोल्हान में नक्सलियों की मौजूदगी है। वहां भी लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में सक्रिय बड़े आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से पुलिस काम कर रही है। इस कड़ी में जो कुख्यात झारखंड के बाहर भी पनाह लिए हुए है उनके गिरफ्तारी के लिए भी स्पेशल टीम बना दी गयी है। स्पेशल टीम को आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) लीड कर रही है। एटीएस की टीम कई राज्यों में पैनी नजर रख रही है। आईपीएस रैंक के अधिकारी स्पेशल टीम को लीड कर रहे हैं, जबकि पुलिस मुख्यालय से आईजी रैंक के अधिकारी स्पेशल टीम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में फिलहाल आठ से दस संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं। इनमें से अधिक्तर गिरोह के प्रमुख जेल में बंद हैं। कुछ फरार हैं जबकि कुछ के गैंगवार में मारे जाने के बाद भी उनके गिरोह को उनके परिवार के सदस्य या फिर उनके बेहद करीबी रहे गिरोह का संचालन कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से डॉन अखिलेश सिंह, सुजीत सिन्हा, अमन साव, अमन सिंह और अनिल शर्मा शामिल हैं। ये सभी राज्य के अलग अलग जेलों में बंद हैं। जबकि कुख्यात अपराधी भोला पांडेय और सुशील श्रीवास्तव दोनो ही गैंगवार में मारे गए हैं, लेकिन दोनों का गिरोह राज्य में बेहद सक्रिय हैं। इस समय भोला पांडेय गिरोह का विकास पांडेय संभाल रहा है। वहीं सुशील श्रीवास्तव गैंग को उसका बेटा अमन श्रीवास्तव संभाल रहा है। वहीं दूसरी ओर डब्लू सिंह को पलामू के आतंक के रूप में जाना जाता है। ये सभी गिरोह झारखंड पुलिस के स्पेशल टीम के रडार पर हैं। दूसरा प्रमुख नाम गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रिंस खान है, प्रिंस खान फिलहाल दुबई में है और वहीं से अपने गिरोह को संचालित कर रहा है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि संगठित आपराधिक गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है। स्पेशल सेल राज्य के बाहर छिपे कुख्यात अपराधियों पर भी करवाई कर रहा है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एटीएस की सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही सीआईडी भी इसपर काम कर रही है। स्पेशल टीम के इनपुट पर कई अपराधियों को पकड़ा गया है।

**कुख्यात अपराधी झारखंड के बाहर भी पनाह लिए हुए है उनके गिरफ्तारी के लिए भी स्पेशल टीम बना दी गयी है**

# कुश्ती का ट्रायल संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अंडर-17 सब जूनियर राष्ट्रीय बालिका एवं बालक कुश्ती प्रतियोगिता-2023 में भाग लेने हेतु झारखंड सब जूनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सह टीम चयन आज गणपत राय इंडोर स्टेडियम खेलगांव होटवार, रांची में आयोजित किया गया।उक्त चयन ट्रायल में पूरे जिले से 130 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल का विधिवत उद्घाटन झारखंड राज्य कुश्ती संघ के ,महासचिव श्री रजनीश कुमार, साथ में झारखंड राज्य कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष श्री बबलू कुमार,सीनियर प्लेयर सह कोच राजीव रंजन भीम,मधु तिर्की, एवं रांची जिला कुश्ती संघ सचिव अनिल यादव,गुमला जिला के सचिव निलेश कुमार साहू, गढ़वा जिला के सचिव धीरज चौबे साथ अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। उक्त प्रतियोगिता सह चयन में चयनित पहलवान व-17 सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जो 15 अप्रैल से 18 अप्रैल 2023 नंदिनी नगर गोंडा उत्तर प्रदेश में आयोजित है सभी चयनित खिलाड़ी झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## झारखंड के सात जिलों में पारा 40 के पार

**रांची।** झारखंड के सात जिलों में अधिकतम तापमान 40 तक पहुंच गया है। अभी गर्मी और बढ़ेगी, पारा और चढ़ेगा। कई जिलों में तापमान अभी और बढ़ने की संभावना है। धीरे-धीरे राज्य के कई हिस्सों में लू और गर्म हवाएं तेज होने लगी है। अब लोगों के लिए दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होने लगेगा। कई जिलों में लू चलनी शुरू हो गयी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अप्रैल महीने में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। रांची के तापमान में भी लगातार बढ़त दर्ज की जा रही है। अगले पांच दिनों में राज्य का तापमान 42.0 के पार जा सकता है। इसी तापमान में बढ़त होगी, लेकिन दस दिनों तक तापमान नीचे आने की संभावना जाहिर नहीं की गयी है। जाहिर है आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। अभी राहत नहीं मिलेगी। हालांकि बीच में बादल घिर आने की आशंका है लेकिन बारिश की संभावना जाहिर नहीं की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार अभी किसी भी तरह की राहत की संभावना नहीं है।

## आदेशपाल के निधन पर शोक सभा आयोजित



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति कोषांग में कार्यरत आदेशपाल श्रीमति रेलों देवी के निधन पर गुरुवार को प्रबंध पर्षद कक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। कुलपति के तकनीकी परामर्शी एवं निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस शोक सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत आत्मा की शांति की कामना की गयी। इस अवसर पर डॉ पीके सिंह ने रेलों देवी के कर्त्तव्यपरायणता की प्रशंसा की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मौके पर संजय राय, धर्मेन्द्र रावल, अजित कुमार, दिलीप कुमार सहाय एवं देव शुक्ला सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। कांके प्रखंड के सुकुरहुटू गांव की निवासी 47 वर्षीय रेलों देवी करीब 13 वर्षो से बीएयू के कुलपति कोषांग में आदेशपाल के पद पर कार्यरत थी। वे करीब छः महीनों से गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। एक बेटी शादीशुदा है।

## ई-संजीवनी और टेली मानस पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** ई-संजीवनी और टेली मानस कार्यक्रम पर सीआईपी में गुरुवार को एक दिवसीय जागरुकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें टेली मानस, सीआईपी झारखंड के नोडल पदाधिकारी डॉ सुरजीत प्रसाद ने टेली मानस कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर फैलाने में सीएचओ को शामिल करने के महत्व को बताया। इसके बाद मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और मानसिक बीमारी को समझने, व्यक्ति, परिवार और सामुदायिक स्तर पर मानसिक बीमारियों के विकास के जोखिम कारकों और व्यक्तियों और समुदाय के बीच भलाई पर साइकियाट्रिक सोशल वर्क पर बात हुई। क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रिया सुरीन ने चेतावनी के संकेतों और सामान्य मानसिक विकारों के प्रकारों की पहचान के बारे में बताया। डॉ रौनक महर्षि (वरिष्ठ रेजिडेंट, स्टेट टेली मानस सेल) ने झारखंड में मानसिक स्वास्थ्य बोझ, सांख्यिकी और इलाज की कमी पर प्रस्तुति दी।

# राहुल गांधी को सच बोलने की सजा मिली: सुबोधकांत

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि राहुल गांधी को सच बोलने और अडाणी के साथ प्रधानमंत्री के रिश्ते को सार्वजनिक करने की सजा मिली है। महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन किया था। आज केंद्र सरकार की मार पराकाष्ठा पर है। आज संसद में भी बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। पहली बार ऐसा देखने को मिला, जब सत्ता पक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा को नहीं चलने दिया। पूर्व मंत्री सहाय गुरुवार को प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस राज्य में 12 हजार उद्योग बंद हो चुके हैं। स्पेशल इकनॉमिक जोन की मांग हम कर रहे थे, लेकिन एयरपोर्ट और कोयला खदान तक एक ही व्यक्ति को दिया गया। इन्हीं मुद्दों को लेकर जय भारत सत्याग्रह चलाया जा रहा है। इस सत्याग्रह का समापन 16 अप्रैल को पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा में होगा। समापन समारोह में 18 प्रखंड के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस सड़क से सदन तक केंद्र सरकार की नीति के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

# 24 घंटे में कोरोना मरीज बढ़े


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कोरोना का डर अभी भी लोगों को सता रहा है। ऐसा लगता है कि कोराना अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है वह धीरे-धीरे फिर बढ़ने लगा है। अखबारों और टीवी चैनलों से पता चलता है कि कोरोना जिस तरह से देश में फिर सर उठाने लगा है इससे यह साबित होता है कि यह फिर खतरना रूप ले सकता है। लोगों को अब अपने आपको एलर्ट होने की जरूरत है। मास्क वगैर फिर लगानी चाहिए ताकि लोग सुरक्षित रह सके। कोराना में जरा सी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। अभी दूसरी और तीसरी लहर का मामला लोग देखते चुकें हैं, कितनों ने अपने परिवार और दोस्तों को खो दिया है जो बहुत दुख की बात कही जा सकती है। लोग एक-दूसरे को भागने लगे थे। शवों को जलाने वाला नहीं मिल रहा था। अपने लोग उसे घर ले जाना नहीं चाहते थे। यह बड़ी आफत थी जो झेलकर चुके हैं। झारखंड में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 24 नए मरीज सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 124 हो गई है। दो मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। आंकड़ों में मरीजों के ठीक होने की तुलना में संक्रमितों की तुलना हर रोज बढ़ रही है। राज्य में 197 दिनों बाद ऐसा हुआ है, जब एक्टिव मरीजों की संख्या सौ के आंकड़े को पार कर रही है। 27 सितम्बर को राज्य में सौ से अधिक कोरोना संक्रमित मरीज थे। फिलहाल, रांची समेत राज्य के 14 जिले कोरोना की चपेट में हैं। रांची में पॉजीटिविटी दर 0.08 फीसदी है। रांची में 10 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं।

**जिलों में मरीजों की संख्या**

चतरा- 01, देवघर-13, दुमका-02, पूर्वी सिंहभूम-15, गढ़वा- 01, गुमला- 01, हजारीबाग- 03, खूंटी- 01, कोडरमा-05, लातेहार -03, लोहरदगा-12, रामगढ़- 02, रांची-48, प. सिंहभूम- 02 मिले हैं।



# चाईबासा में दो दिवसीय फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए चयन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**
पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण , रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एवम बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय चयन एसोसियेशन फुटबॉल ग्राउंड- चाईबासा में संपन्न हो गया। जिसमें जिला, राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवम फुटबॉल स्किल टेस्ट किया गया। बैट्री टेस्ट अन्तर्गत ऊंचाई, वजन,30 मीटर ,6 गुणा 10 मीटर सटल रनिंग, बॉल थ्रो,800 मीटर ,वर्टिकल जंप,स्किल टेस्ट के अंतर्गत ड्रिबलिंग,जैगलिंग ,बॉल कंट्रोलिंग, विथ बॉल रनिंग एंड टर्निंग, विथ बॉल जिग जैग मूवमेंट, मैच सिचुएशन गेम्स समेत कई तरह के टेस्ट लिए गए। 15-16 अप्रैल - फुटबॉल स्टेडियम दुधानी-दुमका 19-20 अप्रैल-रामा साहू हाई स्कूल-गढ़वा 24-25 अप्रैल - कर्जन स्टेडियम- हजारीबाग में ट्रायल होंगे। उपर्युक्त स्थलों से चयनित खिलाड़ियों का अंतिम चयन प्रक्रिया 28 एवम 29 अपैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी,रांची में किया जायेगा। अंतिम रूप से चयनित(बालक/बालिका) खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। चयन के अवसर पर चयन समिति के देवेन्द्र कुमार सिंह, खेल परामर्शी सह प्रतियोगिता प्रबंधक साझा, मो सलीम,आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा,अजय सुभाष तिर्की,आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र ,गिरिडीह, योगेश प्रसाद यादव, आवासीय एथलेटिक प्रशिक्षण केंद्र ,साहेबगंज,सतीश मिंज सहायक प्रशिक्षक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, गुमला उपस्थित रहे । वही चयन में चाईबासा के तीरंदाजी कोच, हरेंद्र सिंह,फुटबॉल कोच सोना राम चंपिया,रिंकी कुजूर,बलराम महतो,तीरंदाजी कोच ललिता लागून,गंगाधर नाग,ललिता कार्यालय कर्मी कमल लोहरा समेत अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

# बाइक सवार उचक्के दो लाख रुपयों से भरा बैग छीन कर भागे

**नवीन मेल संवाददाता। झरिया**
झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर विवेकानंद स्कूल बनियाहीर के समीप गुरुवार 13 अप्रैल को कोडरमा निवासी मोहम्मद उस्मान से बाइक सवार उचक्के हाथ से बैग छीन कर फरार हो गए। भुक्तभोगी के अनुसार बैग में दो लाख रुपए। नगद व बैंक पासबुक समेत कई जरूरी कागजात थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मोहम्मद उस्मान भागा स्थित बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकाल कर ऑटो रिक्शा में बैठ झरिया की ओर आ रहे थे। तभी बनियाहीर के समीप बाइक सवार दो युवक तेजी से उनका बैग झपट कर फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने झरिया थाना जा कर मामले की जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने लिखित शिकायत मांगी। फिर उसके बाद उस्मान थाना नही पहुंचा। उसने बैंक पहुंच कर अधिकारी को मामले की जानकारी दी। बैंक अधिकारी ने भी पुलिस से शिकायत करने की बात कही। झरिया थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति आया था। उनसे शिकायत मांगी गई। पर उसने अभी तक लिखित शिकायत नही दी। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा निर्माण का काम आंदोलनकारियों ने रोका

# झारखंड विरोधियों का बोझ आंदोलनकारी बर्दाश्त नहीं करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के वैनर तले आज झारखंड आंदोलन्कारियों ने बिरसा चौक स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने विरोध प्रदर्शन किया। झारखंड आंदोलन्कारी विरोध प्रदर्शन के माध्यम से विधान सभा जाने वाले मुख्य बाय पास रोड मे रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने चौराहे पर झारखंड अलग राज्य के विरोधी नेता स्व कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा लगाने का विरोध कर रहे थे। झारखंड आंदोलन्कारीयो ने कहा की उच्च न्यायालय की रोक के बाबजूद चोरी छिपे बिना अनुमति के गलत तरीके से कैलाश पति मिश्रा की प्रतिमा लगाई जा रही है। झारखंड विरोधी का बोझ आंदोलनकारी बर्दाश्त नहीं करेंगे। चोरी छिपे झारखंड विरोधियों की प्रतिमा लगाया जान झारखंड जनता की भावनाओ के साथ कैलाश पति जी का भी अपमान है। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आंदोलन्कारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि राष्ट्रीय दलों को झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के दर्द एवं दास्तान का ज्ञान नहीं है राष्ट्रीय दल्ले झारखंड यों को अपमानित करने के लिए झारखंड विरोधी तत्वों की प्रतिमाएं गैर कानूनी तरीके से स्थापित झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को धूमिल करना चाहते हैं। झारखंड अलग राज्य के विरोधियों को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। अपने संघर्ष के बल पर ही झारखंड आंदोलनकारी राज्य में बदलाव और नई इबारत लिखेंगे। कुछ तकते झारखंड की सामाजिक सोहर्द विषाक्त बनाने मे लगी हुई है। झारखंड की प्रतिक और पहचान और परंपरा को मिटाने वाली ताकतों को राज्य से उखाड़ फेंकना है यह कार्य सिर्फ झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी ही कर सकते हैं संघर्ष किया है तो एक और सहादत के लिए हमें तैयार रहना है। आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा की झारखंड विरोधियों की प्रतिमा लगाकर झारखंड की पहचान को मिटाने की साजिश की जा रही है हम झारखंड के आदिवासी समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे भाजपा को अगर अपने नेताओं को की प्रतिमा लगाना हो तो झारखंड आंदोलनकारी धोती पहन और ललित ललित उरांव से नेताओं की प्रतिमा लगाएं वरना आदिवासी समाज विरोध करेगा। राजी पड़ा के महानगर अध्यक्ष सोनू खलखो ने कहा की हम झारखंड विरोधियों की प्रतिमा लगाकर झारखंड की पहचान परंपरा को नष्ट नहीं होने देंगे जब तक कैलाशपति मिश्रा जी की प्रतिमा शानी यंत्र ले जाकर स्थापित नहीं किया गया तो विरोध जारी रहेगा और आंदोलनकारीयो से मिलकर आदिवासी समाज मूर्ति अनावरण का भी विरोध करेगा। झारखंड आंदोलनकारी और मजदूर नेता भुवनेश्वर केवट ने कहा की कैलाशपति मिश्रा जी की ना तो स्वतंत्रता आंदोलन में और ना ही झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में कोई भूमिका है ऐसे में विधान सभा जाने वाले मुख्य मार्ग पर झारखंड विरोधी संघी नेता की प्रतिमा बिहार के विकरमगंज में मैं लगाने के बजाय झारखंड के लगाए जाना हास्यास्पद है झारखंड आंदोलनकारियों की मांग है की झारखंड के आंदोलनकारी माननीय शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो जी की प्रतिमा इस चोराहे पर लगाई जाए.अन्यथा विरोध जारी रहेगा। झारखंड आंदोलनकारी महिला आंदोलनकारी रोजलिन तिर्की ने धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहीं झारखंड संघर्षों की धरती रही है वीर सपूतों की धरती यहां के आदिवासी मूलवासी समाज के अनगिनत लोग आजादी से लेकर अलग राज्य के आंदोलन में अपने प्राण की आहुति दी है यहां के आंदोलनकारियों की प्रतिमा लगाने के बजाय कैलाश पति मिश्र की प्रतिमा लगाया जाना झारखंड की पहचान के साथ गद्दारी है।



## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**धनबाद।** बीसीसीएल पीबी प्रोजेक्ट कॉलोनी के निकट सड़क दुर्घटना में घायल सोनू पासवान (30) की 12 अप्रैल की रात रिम्स रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक केंदुआ खटाल का रहने वाला था। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। पत्नी गर्भवती है। रांची से शव आने के बाद परिजन पुटकी थाना पहुंचे और मुआवजा की मांग की। थाना प्रभारी आरएस लाल ने पुटकी सीओ से फोन पर बात की। सीओ ने आवश्यक पेपर वर्क करने के बाद मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। गंभीर स्थिति में उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया। स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया था।

## श्राद्ध कर्म के लिए विधायक ने की आर्थिक मदद

**जमेशदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत के कमारीगोड़ा पक्का घाट तालाब के पास विगत दिनों एक ट्रक के धक्के से सरदार पाड़ा निवासी रमेश बेहरा और उनकी पत्नी काजल बेहरा की मौत हो गई थी। गुरुवार की शाम को विधायक समीर कुमार मोहंती मृत दंपती के आवास पहुंचे। शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्होंने सांत्वना दी। विधायक ने कहा जल्द ही सरकारी मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे. ट्रक मालिक से भी बातचीत कर मुआवजा दिलाने का प्रयास होगा। विधायक ने श्राद्ध कर्म के लिए मृत दंपती के दोनों बेटे कार्तिक बेहरा और राम बेहरा को दस हजार रुपए दिए।

## सड़क का अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से निगम ने वसूला जुर्माना

**धनबाद।** बैंक मोड़, बड़ा गुरुद्वारा के समीप सड़क का अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दो दुकानदारों को दुकानदारी महंगा पड़ गई। दोनों दुकानदारों से निगम की टीम ने 5-5 हजार रुपये जुर्माना वसूला। सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने नगर आयुक्त के निर्देश पर यह कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि स्टेंडर सेल्स और सुरेंद्र ऑयल नामक दुकान के मालिक सड़क का अतिक्रमण कर दुकानदारी कर रहे थे। पहले भी उन्हें हिदायत दी गई थी। बावजूद भी अतिक्रमण जारी था। इसलिए जुर्माना लिया गया है। साथ ही दुकान के आगे बनाए गए शेड को भी हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा आज एसएसएलएनटी महिला कॉलेज के समीप सड़क किनारे जूस की दुकान लगाने वाले को भी सड़क पर गंदगी नहीं फैलने की चेतावनी दी गई है।

## कोयला कारोबारी के आवास पर आयकर व वाणिज्य कर का छापा

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के लाल बाजार स्थित मुन्नीबाई धर्मशाला के समीप कोयला कारोबारी रोहित शर्मा के आवास में गुरुवार 13 अप्रैल की दोपहर लगभग 3 बजे झारखंड सरकार राज्य कर संयुक्त आयुक्त झरिया अंचल एवं वाणिज्य कर विभाग अन्वेषण ब्यूरो धनबाद प्रमंडल की टीम ने संयुक्त रूप से जी एस टी के कागजात की जांच की। तीन बड़े वाहनों पर पहुंचे अधिकारियों ने लगभग पांच घंटे तक रोहित शर्मा के ऑफिस में कई कागजात खंगाले। किसी को भी बाहर या अंदर आने नहीं दिया गया. शाम 7 बजे तक अधिकारियों की टीम जांच पड़ताल कर कुछ आवश्यक फाइल अपने साथ ले गई। जांच में आए अधिकारी मीडिया के सवालों से बचते दिखे। पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर अधिकारियों ने सिर्फ इतना बताया कि जी एस टी पेपर से संबंधित कागजात की जांच की गई है। जांच के बाद ही कुछ कहा जाएगा। बता दे कि पूर्व में भी कोयला कारोबारी रोहित शर्मा के आवास पर छापेमारी हो चुकी है। पैसों का हेरफेर व पेपर के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप भी लग चुका है। आयकर टीम ने 25 बैंक खाते जब्त किए थे, जिनमें 70 करोड़ की राशि जमा थी। आशंका जताई जा रही है कि एक बार फिर से आयकर विभग की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगे सकती है।

# आजसू पार्टी ने निकाला न्याय मार्च सरकार के खिलाफ की नारेबाजी



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति के निर्देश पर गुरुवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चांडिल में सामाजिक न्याय मार्च निकाला गया। सामाजिक न्याय मार्च का नेतृत्व पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने किया. चांडिल स्थित श्रीसाधु बांध मठिया से शुरू होकर सामाजिक न्याय मार्च एनएच 32 होते हुए चांडिल चौक बाजार, डैम रोड़ होते हुए गांगुडीह के रास्ते अनुमंडल कार्यालय पहुंची. अनुमंडल कार्यालय के समक्ष पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को अपनी मांगों के समर्थन में दो अलग-अलग पत्र सौंपा। मौके पर बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के महिला व पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे। सामाजिक न्याय मार्च के दौरान अनुमंडल मुख्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव के दौरान लोगों से किए अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रही है। राज्य सरकार ने स्वयं तीन लाख का आवास, खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पांच से सात हजार बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को 2500 रुपये चूल्हा खर्च आदि देने का घोषणा किया था, लेकिन आज स्वयं अपने ही घोषणाओं को पूरा करने में विफल साबित हो गई हैं।

## जिला समन्वय समिति की बैठक

# सभी योजनाओं में तेजी लाएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 13 अप्रैल 2023 को समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए रांची, रामवृक्ष महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, वीरेंद्र चौबे, जिला योजना पदाधिकारी रांची, श्री विनय कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रवि शंकर मिश्रा, जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना को ससमय पूरा करने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि एक-एक आवास जो इस योजना से बन रहे हैं, उसे फील्ड में जा कर देखें। प्रत्येक दिन मॉनिटरिंग करें कि निर्माण कार्य कैसा चल रहा है। उपायुक्त ने विशेष रूप से बुंडू, लापुंग, तमाड़, चान्हो, मांडर, बुढ़मू प्रखंड को ध्यान देने का निर्देश देते हुए इसे तय सीमा में पूरा कराने को कहा। उपायुक्त ने बाबा भीम राव अम्बेडकर आवास योजना निर्माण में तेजी लाने का निर्देश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को देते हुए कहा कि जितने मामले लंबित हैं, उसे जल्द से जल्द पूरा करें। चान्हो, कांके, तमाड़, बेड़ो, नामकुम के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस महीने के अंत तक इसे पूरा कराना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जो इस फंड का गलत उपयोग कर अन्य कार्य कर रहे हैं, उनपर एफआइआर दर्ज कराने को कहा। उपायुक्त ने कुआं निर्माण में विशेष ध्यान देने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह महत्वपूर्ण योजना हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान लाभ ले सकें। जिससे उन्हें सिंचाई और अन्य कार्य करने में सहायता हो। उन्होंने तमाड़, ओरमांझी, लापुंग, बुढ़मू, खलारी, इटकी, चान्हो, मांडर, बुंडू, रातू के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शहीद पोटो खेल विकास योजना जिसमें खेल मैदान, चेंजिंग रूम, टॉयलेट का निर्माण होना है।



## युवक से मोबाइल व बाइक छीनने के मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची।** सदर थाने की पुलिस ने कोकर तिरिल मैदान के पास चार दिन पहले एक युवक से मोबाइल व बाइक छीनकर ले जाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बेड़ो के बिपिन खेल, कोकर के विनित धान और रवि जैकसन टोप्पो शामिल हैं। आरोपियों के पास पुलिस ने एक बाइक व स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार कोकर टुनकी टोला निवासी दिनेश कुमार महतो बीते नौ अप्रैल को बाइक से तिरिल मैदान की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उनकी बाइक में स्कूटी से धक्का मार दिया। दोनों के बीच बकझक हुई। इसके बाद आरोपियों ने उनसे मोबाइल छीन लिया। थाना ले जाने के बहाने आरोपियों ने उनकी बाइक लेकर फरार हो गए। मामले में दिनेश ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

**प्रेरणा** | डॉ. बी आर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# डॉ.अंबेडकर के जीवन-दर्शन को अपनाने की जरूरत

**नवीन मेल नेटवर्क। महू**
डॉ. अम्बेडकर ने समाज चिंतन को सर्वोपरि माना है। जनजातीय परम्परा और संस्कृति सनातन रही है। हमें जनजातीय समुदायों का समग्र विकास कर करने की आवश्कयता है। जनजातीय समुदायों के रीति-रिवाज रहन-सहन और उनकी पद्धतियों को आत्मसात कर सांस्कृतिक संरक्षण किया जा सकता है। विश्वविद्यालय स्थापना काल से ही डॉ. अम्बेडकर के विचार एवं दर्शन को आत्मसात कर अध्ययन-अध्यापन को जोर दे रहा है। उक्त बातें डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम दास आत्राम ने चार- दिवसीय डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह के तृतीय दिन डॉ. अम्बेडकर का राष्ट्रवाद और जनजातीय सांस्कृतिक योगदान विषय पर आयोजित द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर कही। राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ. अम्बेडकर पीठ, वीरपुत्र महाराणा प्रताप पीठ, जननायक टंट्याभील पीठ, बाबू जगजीवन राम पीठ तथा ज्योतिबाराव फुले पीठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ. अम्बेडकर एवं तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण एवं दीपांजलि कर किया गया। कुलपति डॉ. रामदास आत्राम ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों को शोध एवं चिंतन में शामिल किया जा रहा है। यह संगोष्ठी डॉ. अम्बेडकर के पूर्ण व्यक्तित्व और जनजातीय योगदान को समझने के लिए एक प्रयास है जिसके माध्यम से हम उन आयामों तक पहुँच सकेंगे जिनसे हम अछूते रहे हैं। जिमी मैग्लिगन सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट की निदेशक पद्मश्री जनक पलटा ने संविधान की प्रस्तावना को उद्धृत करते हुए कहा कि हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी, समप्रभुत्व है। डॉ. अम्बेडकर का दृष्टिकोण मानवतावादी है। लोकतंत्र में सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर आर्थिक राजनैतिक न्याय को बढ़ावा देने की जरुरत है। इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी बलिराम मालवीय ने कहा कि हमसभी नगरवासी, वनवासी, जनजाति नहीं भारतवासी हैं. लोग अपनी संस्कृति, परंपरा एवं रीति-रिवाज को भूल रहे हैं। ऐसी ही संगोष्ठियों के माध्यम से हम संस्कृति को समझने की जरुरत है। शिवगंगा झाबुआ के संस्थापक राजाराम कटारा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के जनक के रूप में जनजातीय संस्कृति को मान्यता दी जा सकती है। प्रकृति संवर्धन, मानवीय मूल्य वैदिक ग्रन्थ में देखने को मिलता है। भारतीय सनातन संस्कृति और जनजातीय संस्कृति हम सब मिलकर भारतीय संस्कृति का निर्माण होता है। जनजातीय समाज प्राकृतिक संरक्षण को व्यवहारिक रूप में देखता है।



# लॉज व होटलों में हर हाल में लगाएं सीसीटीवी कैमरा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोअर बाजार थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर गुरुवार को एक बैठक हुई। थाना प्रभारी संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में क्षेत्र के होटल, लॉज के संचालकों ने हिस्सा लिया। बैठक में अपराध पर अंकुश लगाने और अपराधियों पर लगाम कसने पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि होटल, लॉज व घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाना बहुत ही जरूरी है। इससे न सिर्फ निगरानी होती है, बल्कि अपराधी भी आपराधिक घटना को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों, हॉस्टल व होटल के बाहर हर हाल में सीसीटीवी कैमरा लगाएं। इससे चोरी की घटनाओं पर भी लगाम लगेगी। थाना प्रभारी ने लॉज व होटल संचालकों को सुरक्षा संबंधी मापदंड पूरे करने के लिए कहा है। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति की पहचान के तरीके भी बताए गए। उन्होंने बताया कि दूसरे जिलों से अपराध करके भागे अपराधी शरण के लिए छोटे गेस्ट हाउस, होटल व लॉज में छिप जाते हैं। यदि यहां सतर्कता बरती जाए जो अपराधियों को पकड़ना आसान हो जाता है। सभी होटल व लॉज संचालकों आगंतुकों की सही आईडी, मोबाइल नंबर, वाहन का नंबर, साथ आने वालों की सही जानकारी और उनकी आईडी सभी का रिकार्ड रखने के लिए कहा गया है। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति मिलने पर तुरंत थाना या कंट्रोल रूम में सूचना देने को भी कहा गया है। बैठक में सभी संचालकों ने पुलिस को हर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

NEWS इन ब्रीफ

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित ग्राम बंडासिंगा मोड़ में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हीरालाल मरांडी 24 वर्ष पिता रामलाल मरांडी और प्रकाश बास्के 30 वर्ष पिता उपेंद्र बास्के ग्राम रानीचुआं, बरही निवासी को स्थानीय लोगों तथा थाना प्रभारी गोरहर कृष्ण कुमार साहा की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने हीरालाल मरांडी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल प्रकाश बास्के को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया गया। वहीं गोरहर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

## अनियंत्रित होकर पलटी कार

**रामगढ़।** भुरकुंडा से पतरातू की ओर तेज गति से जा रही जेएच 24 ए 9583 नंबर की मारूति सुजूकी कार अनियंत्रित हो कर सड़क के किनारे पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक कार की रफ्तार काफी तेज थी जिसके कारण दुर्घटना हुई। दुर्घटना में कार पर सवार जवाहर नगर ज्योति क्लब भुरकुंडा निवासी ऋतिक दास व उसका दोस्त बाल-बाल बच गया। कार में सवार दोनो युवक पीछे का शीशा तोड़ कर बाहर निकले। जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि पेट्रोल पंप के आगे चढ़ाई में कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## हाजी अब्दुल अयुब को मातृ शोक, पूर्व विधायक ने बंधाया ढाढस

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला निवासी हाजी अब्दुल अयुब की मां किताबन खातून, पति हाजी अब्दुल अदुद का निधन गुरुवार तीन बजे सुबह हो गई। लोगों के मुताबिक बीते दो माह से वह इलाजरत थी। खबर पाते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष यासिन खान ने कोनहरा कला पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। बताया जाता है कि किताबन खातून मृदुल स्वभाव की महिला थी। उनके निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी, अब्दुल मंसूर कादरी, धानेश्वर यादव, महेश मोदी, महावीर यादव आदि उपस्थित थे।

## आठवीं की बोर्ड परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

**रामगढ़।** जैक द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई। उक्त बातें विद्यालय के केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में 104 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए।

# बीडीओ, सीओ, रेंजर सहित विधायक ने धोबघट में की सभा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
चुनाव के पहले विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने धोबघट तक पहुंचने के लिए मार्ग निर्माण का वचन दिया था । गुरुवार को विधायक बीडीओ सीआर इंदीवर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, रेंजर कमलेश सिंह, अमर कुमार सिंह सहित पीसीसी डेलीगेट्स सह कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व विस मीडिया प्रभारी डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान अंसारी आदि के साथ धोबघट पहुंचकर उन्होंने जनता से किए वायदों को पूरा किया । धोबघट में एक ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों ने विधायक सहित सभी लोगो का जोरदार स्वागत किया । विधायक ने ग्राम वासियों को बताया कि उनके हक के लिए वह विधानसभा में कई बार आवाज उठाए । जिसका सार्थक परिणाम आया । पूरा करने का उन्हे सौभाग्य मिल रहा है । उन्होंने बताया कि गिद्दा से पिंडवा धोबघट होते हुए परसातरी तक कुल पांच किमी, रुद्धुकला जीतपुर से नरसिंहवा परसातरी तक कुल 12 किमी तक और कुटमा से पंडरा टोला होते हुए धोबघाट के परसातरी तक कुल 3 किमी तक के सड़क निर्माण कार्य वन विभाग के द्वारा किया जायेगा । मार्ग निर्माण में पैसे कि जो भी कमी होगी उसे राज्य सरकार पूरा करेगी । रेंजर ने भी विधायक की बातो को स्वीकारते हुए दो दिनो के अंदर कार्य प्रारंभ करने की बात कही । ग्रामसभा में ही ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए धोबघट में मतदान केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया गया । सड़कर निर्माण के दौरान वन विभाग की संपति की सुरक्षा हेतु वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि कुमार की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का भी गठन किया गया । इसके अलावा विधायक ने जीतपुर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया । उक्त जानकारी विस मीडिया प्रभारी डॉ अंसारी ने दिया । कार्यक्रम में जगदीश यादव, तुलेश्वर सिंह, जिवलाल मुर्मू, सुरेंद्र सिंह, चरखू सिंह, बाबूलाल मुर्मू आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

# चिलचिलाती धूप में घर लौटने को विवश हैं बच्चे

### शिक्षक संघ ने की स्कूल समय में परिवर्तन की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
चिलचिलाती धूप में स्कूल की समय सारणी बदल जाने के कारण स्कूली बच्चों को विद्यालय से वापस घर लौटने में अत्यधिक परेशानी हो रही है । विदित हो कि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों का समय सारणी पूर्वाहन 6:45 से लेकर अपराहन 2:00 तक की गई है । इस निमित्त अजप्ता प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने पत्रकारों को बताया कि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सरकार से स्कूल की समय सारणी 6:30 प्रातः से लेकर 11:30 पूर्वाहन तक बदलाव करने की मांग की गई है लेकिन अब तक समय सारणी में बदलाव नहीं हुई है । सचिव रामकिशुन महतो ने बताया कि अभी जो समय सारिणी है उसमें कई बच्चे बीमार पड़ रहे हैं क्योंकि विद्यालय छोड़ने के समय धूप चरम पर रहती है। भीषण गर्मी के कारण सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में रोगियों की भीड़ देखी जा रही है। गुरुवार को बरकट्ठा में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा । उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डूमरडीहा के अध्यापक श्याम किशोर पांडेय ने कहा कि पहले सरकार द्वारा दी गई समय सारणी 6:30 बजे से लेकर 11:30 बजे तक निर्धारित था जो नौनिहालों के लिए बहुत ही बेहतर था।

# आजसू ने निकाला न्याय मार्च

### उपायुक्त के नाम उप विकास आयुक्त को 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रामगढ़ जिला में पार्टी जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में 13 अप्रैल को कोठार ओवरब्रिज से उपायुक्त कार्यालय तक न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च में रामगढ़ ज़िले से बड़ी संख्या में आजसू पदाधिकारी व कार्यकर्ता कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान आयोजित सभा में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी , रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एवं संचालन रामगढ़ नगर परिषद कमेटी अध्यक्ष राजेश महतो ने किया। सभा की समाप्ति के उपरांत आजसू पार्टी के एक प्रतिनिधि मंडल ने खतियान आधारित नियोजन नीति,सरना धर्म कोड लागू करने, जातीय जनगणना करवाने, आंदोलनकारियों को उचित सम्मान देने,पूर्व में शामिल अनुसूचित जनजाति को पुनः अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, बेरोजगारों को रोजगार देने, संसाधनों की लूट बंद करने संबंधी सात सूत्री ज्ञापन उपायुक्त के नाम उप विकास आयुक्त को सौंपा।

### न्याय मार्च में ये हुए शामिल

आजसू द्वारा आयोजित न्याय मार्च में पार्टी जिला सचिव लालचन्द महतो, अनुज तिवारी, दिनेश महतो, किशुन मुंडा, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, तापेश्वर महतो, भोला तुरी, महेश करमाली, मनोज करमाली, राजेश मंडल, सतीश सिन्हा, बिन्देश बेदिया, राहुल महतो, चंद्रमणि देवी, देवंती चौधरी, पिंकी देवी, सरिता सिंह, अनुपमा सिंह, कुलदीप साव, नित्यानंद महतो, महेश महतो, राजू महतो, चतर्भुज कश्यप, हरिबोल महतो, दिवाकर नायक, दशरथ चौधरी, दिलीप महतो, गंगाधर महतो, विश्वरंजन सिन्हा, नित्यानंद कुमार, चन्दन कुमार, नरेश महतो, मदन महतो, भुनेश्वर महतो, नीतीश निराला, मनोज कुमार महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## घायल व्यक्ति को मुखिया प्रतिनिधि ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम सोढा खाप निवासी सुनील सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार सुनील सिंह (26) पिता मेघलाल सिंह ग्राम सोढा खाप निवासी अपने घर से उपरेली डेबो जाने के क्रम में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को मिलते ही निजी वाहन से सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर स्थिति को गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिकित्सकों ने सदर हजारीबाग से रिम्स रेफर कर दिया। मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने पत्रकारों से खास बातचीत में कहा की सेवा ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए मैंने अपनी निजी वाहन पंचायत वासियों को सुपुर्द कर दिया है ताकि हर गरीब परिवार इसका लाभ ले सके और पंचायत वासियों को तत्काल बेहतर इलाज मिल सके।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का सफाई अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रामगढ़ जिला समिति द्वारा 13 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के 1 दिन पूर्व 13 अप्रैल को रामगढ़ थाना चौक अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय किया गया है की बाबा साहेब की जयंती के 1 दिन पूर्व पूरे भारत में उनकी प्रतिमा की साफ सफाई कर माल्यार्पण किया जाए। इसी कार्यक्रम के निमित्त में रामगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद कुमार राम के नेतृत्व में रामगढ़ जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुलचंद राम , युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष तरुण कुमार साहू , नीरज राम, धीरज राम, रिकी राम, सनी राम, सुनील राम, नवरंजन राम, नीतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

# राधा गोविंद विवि. में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के परिसर में ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन प्राइम हॉस्पिटल के तत्वाधान में किया गया । जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं समाज के पुनरुत्थान में योगदान दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कहा की हम सभी को स्वस्थ्य समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए इस तरह के कार्यक्रम को समय-समय पर आयोजित करते रहना चाहिए जिससे हमारा समाज स्वस्थ और सुरक्षित रहे । वहीं, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा की आए दिन न जाने कितने ही लोग रक्त की कमी जैसी परेशानी से जूझते हैं । यह परेशानी दुर्घटना और प्रसव के दौरान अधिक देखने को मिलती है । राधा गोविंद विश्वविद्यालय का हमेशा से प्रयास रहा है की शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य पर भी बल दिया जाए, जिससे एक स्वस्थ एवं शिक्षित समाज का निर्माण हो सके । प्राइम हॉस्पिटल के कर्मियों द्वारा भी इस कदम की सराहना की गई एवं समाज को एक नई ऊँचाई तक ले जाने में भरपूर सहयोग देने की बात कही । इस अवसर पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, विश्वविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अजय कुमार सहित अन्य व्याख्यातागण भी मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में होटल के बाथरूम से मिला व्यवसायी का शव

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता सह होटल व्यवसायी रंजन कुमार का शव संदेहास्पद स्थिति में गुरुवार को पुलिस ने बरामद किया है। कांग्रेस ऑफिस रोड स्थित होटल ग्रीन पार्क के एक हिस्से में वह रहा करते थे। पुलिस ने शव उनके बाथरूम के पास से बरामद किया है। शव देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी मौत 24 घंटे से पहले हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उनके परिवार वाले दूसरे अपार्टमेंट में रहा करते थे। उनकी पत्नी झारखंड सरकार के विद्युत विभाग में सेवा दे रही हैं। सूचना मिलने पर पूरा परिवार घटनास्थल पर पहुंचा है और मामले की जांच की मांग की। होटल व्यवसायी रंजन कुमार विश्वकर्मा एक बेहतर कलाकार भी थे। ऐसे में उनकी पहचान हजारीबाग के हर वर्ग में थी। मौत की खबर सुनने के बाद उनके घर पर लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। मौत कैसे हुई, इसे लेकर अब तक रहस्य बना हुआ है। उनके मित्र गुड्डू ने बताया कि 1990 के दशक में शहर के कांग्रेस ऑफिस रोड में होटल ग्रीन पार्क खोला गया था। उस समय यह होटल सबसे लग्जरी हुआ करता था।

### डिजिटल सर्वे के तीसरे दिन, डीएस ने कहा

# डिजिटल क्रांति लाने में सॉफ्टेक की अहम भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
आरसीएसएम नई दिल्ली की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के रजत जयंती पर किए जाने वाले डिजिटल सर्वे के तीसरे दिन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव सहित कई लोगो का डिजिटल सर्वे कर कम्प्यूटर शिक्षा के महत्व की जानकारी ली गई । इस दौरान डीएस डॉ ज्ञानी ने बताया कि बरही में कंप्यूटर क्रांति लाने में सॉफ्टेक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । कंप्यूटर आज के लिए नितांत आवश्यक है । हर एक को इसकी जानकारी लेनी ही होगी । बीपीएम ने बताया कि आज की दिनचर्या ही कम्प्यूटर पर आधारित है । आई टी के इस युग में इसके बिना किसी भी कार्य की परिकल्पना ही व्यर्थ है । सांसद प्रतिनिधि ने बरही के सबसे पुराने और विश्वसनीय संस्थान सॉफ्टेक को उसके रजत जंयती पर केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा को बधाई दिया । उन्होंने बताया कि आज बरही अनुमंडल में यदि कंप्यूटर का दीप जल रहा है तो सॉफ्टेक की महत्वपूर्ण भूमिका है । इसके कई छात्र विदेशों में भी कार्यरत है उन्होंने सभी को इस शिक्षा से जुड़ने का अपील किया ।

## हजारीबाग में 14 अप्रैल को होगा फेमिना मिस इंडिया फाइनलिस्ट रूपाली भूषण का स्वागत



**हजारीबाग।** फेमिना मिस इंडिया 2021-22 की फाइनलिस्ट रूपाली भूषण 14 अप्रैल को पहली बार हजारीबाग आ रही हैं। इस मौके पर तरंग ग्रुप हजारीबाग व संस्कृतिकर्मी डॉ. प्रह्लाद सिंह के साथ संस्था के सचिव अमित कुमार गुप्ता संयुक्त रूप से उनका स्वागत करेंगे। जिसके लिये वैभवी बैंक्वेट हॉल में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से किया जायेगा। बता दें कि रूपाली भूषण हजारीबाग के विवेकानंद सेंट्रल स्कूल से पढ़ी हैं और सिरका खिरगांव में रहती थी। रूपाली अब तेलुगु सिनेमा की अदाकारा भी हैं। फेमिना मिस इंडिया 2021-22 के टॉप 15 में पहुंचने के बाद वह अपने होम टाउन हजारीबाग पहली बार आ रही है। उन्होंने फेमिना मिस इंडिया झारखंड 2021-22 के साथ मिस बिहार 2017 का खिताब भी हासिल किया है।

**अव्यवस्था** | किराए में चलनेवाले सरकारी दफ्तरों को किया जाना था शिफ्ट

# भगहर में बने ढाई करोड़ के भवन खंडहर में तब्दील

**नवीन मेल संवाददाता। चौपारण**
चौपारण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर झारखंड-बिहार के सीमावर्ती इलाके भगहर परसातरी में बने ढाई करोड़ के भवन खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। जिला परिषद से बने इस समेकित भवनों में कई सरकारी दफ्तरों को शिफ्ट किया जाना था। लेकिन यहां के सरकारी कार्यालय आज भी किराए में चल रहे हैं और इधर समेकित विकास भवन भी धीरे-धीरे जर्जर हालत में पहुंच गया है। इस भवन को ग्रामीणों ने गोशाला बना दिया है। लोग यहां अपनी गाय बांध रहे हैं। ऐसे में करोड़ों के इस भवन को बनाने के सरकार के उद्देश्य को गहरा आघात लग रहा है। वर्तमान समय में भवन खंडहर बनता जा रहा है। इधर पंचायत की विकास योजनाओं के संचालन तथा यहां काम करनेवाले अधिकारियों व कर्मियों को भी सूचना प्रसारण आदि में परेशानी उठानी पड़ रही है। चूंकि किराए के भवन में कई तरह की असुविधाएं हैं। पंचायत के विकास की समीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने उग्रवाद प्रभावित भगहर में दो करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से जिला परिषद की अनुशंसा पर समेकित विकास भवन (बहुउद्देश्यीय) का निर्माण कराया था। वर्ष 2019 में 25 अक्तूबर को स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, तत्कालीन विधायक मनोज यादव, तत्कालीन जिला परिषद की



अध्यक्ष सुशीला देवी सहित जिला, अनुमंडल तथा स्थानीय प्रशासन ने इसका उद्घाटन किया था। अधिकारियों ने भगहर के ग्रामीणों से कहा था कि पंचायत में संचालित स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी राशन दुकान, प्रखंड और अंचल तथा अन्य विभागों के संचालित कार्यों के लिए बहुउद्देशीय भवन बनाया गया है। ग्रामीणों को अब सरकारी अधिकारियों और कर्मियों के लिए गांवों या मुख्यालय में नहीं भटकना पड़ेगा। गांवों की विकास की सभी योजनाओं का संचालन, संरक्षण और देखरेख बहुउद्देश्यीय भवन में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मियों द्वारा किया जाएगा। लेकिन उद्घाटन के चार साल बीत जाने के बाद न तो सरकारी दफ्तर इस बहुउद्देश्यीय भवन में शिफ्ट हुए और न ही अधिकारी और कर्मी यहां बैठ पाए। ग्रामीण जनता के लिए ढाई करोड़ का यह भवन सिर्फ सफेद हाथी बनकर रह गया। तीन दशक पूर्व भगहर के नाम से ही लोगों की रूह कांप उठती थी।

# राजा गोसाई धाम में पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
मांडू चट्टी राजा गोसाई धाम में महायज्ञ को लेकर गुरूवार को पुरोहितों ने राजा गोसाई धाम का मुख्य निर्माणकर्ता कमेटी के अध्यक्ष रविंदर कुमार और रेनू देवी के द्वारा भूमि पूजन किया गया। महायज्ञ में शिव परिवार, हनुमंत, शनि देव, राधा कृष्ण,और देवी मंडप का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भूमि पूजन विधिवत ब्राह्मण आचार्य के द्वारा कराते हुए मांडू डी मांडू चट्टी सभी मंदिरों में जाकर यज्ञ शुरूआत का आमंत्रण ध्वजा रोपण करके किया गया। 29 अप्रैल को सुबह 7:00 बजे महायज्ञ के लिए कलश यात्रा राजा गोसाई से दूधी नदी तक आयोजित की



जाएगी। 30 अप्रैल को वेदी पूजन समस्त देवी देवता का आह्वान, 1 मई को वेदी पो पुर्नावत 2 मई वेदी पूजन महास्नान नगर भ्रमण, आरती, संगीतमाय भगवानों, का ब्राह्मणों और आचार्य द्वारा कथा 3 मई को वेदी पूजन पूर्णवात मूर्तियों का न्याय शिखर स्नान प्राण प्रतिष्ठा हवन पूणाहुत कन्या पूजन ब्राह्मण भोजन भंडारा, 8:00 बजे रात्रि से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

NEWS इन ब्रीफ

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना जांच शुरू

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो कोरोना जाँच आरम्भ कर दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो मैं आने जाने वाले ग्रामीणों व मरीजों का कोरोना जांच की जा रही है। इसके पूर्व कोरोना मरीज मिलने पर किस तरह कार्य करना है। इसके लिए स्वस्थ्य विभाग द्वारा मोक ड्रिल भी किया गया। मालूम हो कि झारखंड में कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने लगी है। मौके पर डॉक्टर असगर अली, सुरेंद्र उरांव, अशोक उरांव, गांधी बड़ाईक, पॉल मिंज, सहदेव सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### संपन्न हुई आठवीं बोर्ड की परीक्षा

**बानो।** एस एस हाई स्कूल बानो में जैक द्वारा आयोजित आठवीं की बोर्ड परीक्षा शांति पूर्व सम्पन्न हो गया। मालूम हो कि प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में आठवीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई थीं। एसएस हाई स्कूल बानो केंद्र में संत थॉमस स्कूल बानो, कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय बानो, मध्य विद्यालय जराकेल, मध्य विद्यालय कनारोवां विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया केंद्र में कुल 120 लोगो को परीक्षा देना था परंतु 4 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए। मौके पर केंद्राधीक्षक अनन्त किशोर पण्डा ,डॉ संजय कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### वाहन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

**बांसजोर।** बांसजोर ओपी अंतर्गत तारका के चित्र टोली के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर देर रात 45 वर्षीय रमेश साव नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी विनोद उरांव ने बताया कि रमेश साव शौच के लिए घर से निकला था और इसी बीच सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया।

### फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**जलडेगा।** जलडेगा के ओड़गा ओपी अंतर्गत स्टेशन टोली के पास पेड़ में फांसी लगाकर 45 वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली।महिला की पहचान एलिसा तोपनो के रूप में हुई घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी 2 वर्षों से बाहर रहकर काम करती थी।

### जय भारत सत्याग्रह अभियान आयोजित

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को कचमची बाजार टाड़ में प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत के नेतृत्व में जय भारत सत्याग्रह अभियान का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रभारी सामूल अंसारी के आलावे काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर चन्द्र उरांव, तबरेज मीरदहा, रंजन उरांव आदि मौजूद रहे।

# हथियार के बल पर मां व बेटी को किया अगवा

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**



चैनपुर थाना क्षेत्र के डहुडड़गांव निवासी लिबिन कुजूर ने पत्नी व नाबालिक बेटी को अगवा कर लेने की शिकायत चैनपुर थाना में दर्ज कराई है। पीड़ित लिबिन कुजूर ने बताया कि मेरी पत्नी फिलसीता कुजूर (44) व नाबालिग बेटी अंजनी कुजूर 16 वर्ष को सोमवार की रात चैनपुर थाना क्षेत्र के लोरम्बा गांव निवासी साधन साय पिता स्वर्गीय दिनेश्वर साय के द्वारा मुझे धमकाते हुए हथियार के बल पर अगवा कर लिया। इस दौरान उसने कहा कि अगर इस बात की जानकारी किसी को दी तो तुमको भी जान से मार दूंगा। हथियार दिखाते हुए उसने मुझे काफी धमकाया। इस घटना के बाद मैं काफी डर गया था इस लिए घटना की जानकारी किसी को नहीं दे पाया। बाद में मैं काफी हिम्मत जुटाकर चैनपुर थाना आकर लिखित रूप से जानकारी देते हुए मेरी पत्नी हो नाबालिक बच्ची को वापस लाने की गुहार लगाई है।

## जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रसव के दौरान महिला की मौत

# परिजनों ने लगाया अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

**आलोक कुमार, जलडेगा**



जलडेगा प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। यहां प्रसव के दौरान भितबुना निवासी सावित्री देवी, पति कृष्णा मांझी, नामक महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को गर्भवती महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा में भर्ती किया गया। रात लगभग 10 बजे महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। महिला के साथ में गए परिजनों ने बताया कि लेबर रूम में नर्सों ने सही से देखभाल नहीं की, बच्चा खुद से जन्म ले चुका था और नर्स बाद में आई। महिला के शरीर से काफी खून भी बहा। रात भर किसी तरह महिला ठीक रही लेकिन अगले दिन बुधवार को सुबह उसकी स्थिति खराब होते गई। उसे तुरंत 108 के माध्यम से सिमडेगा रेफर कर दिया गया, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

परिजनों ने सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद सुजान मुंडा ने तुरंत अस्पताल जाकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित तिर्की से मामले की जानकारी ली और घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की लापरवाही से नवजात शिशु को जन्म देने के बाद मां की मौत हो गई। मामले की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर प्रशासन को करवाई करनी होगी। बता दें कि महिला का पति कृष्णा मांझी अपने दो अन्य बेटियों को उसकी मां के भरोसे छोड़कर बाहर काम करने गया था। वह देर रात घर पहुंचा लेकिन वो अपनी पत्नी से अंतिम मुलाकात भी नहीं कर सका। लोग उसे हिम्मत दे रहे हैं, परिवार की स्थिति भी काफी खराब है इसलिए दोनों बेटियां भी अभी तक स्कूल से वंचित हैं। मां किसी तरह मजदूरी कर के बेटियों का भरण पोषण करती थी लेकिन अब वो भी नही रही। इधर नवजात शिशु को पालन पोषण और देखभाल के लिए बिरमित्रपुर के अपने किसी रिश्तेदार के यहां दे दिया गया है।

## आजसू पार्टी ने लोहरदगा में निकाला न्याय मार्च, कहा

# जिलों के आरक्षण तय करने को जातीय जनगणना जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




झारखंड की जनभावना और बड़ी आबादी के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आजसू पार्टी के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत लोहरदगा आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष ओम भारती के नेतृत्व में न्याय मार्च निकाला गया। इस न्याय मार्च मैं बतौर मुख्य अतिथि आजसू महिला मोर्चा की केंद्रीय उपाध्यक्ष सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत उपस्थित थे। न्याय मार्च की शुरुआत आजसु पार्टी कार्यालय से हुई व जिला मुख्यालय में आकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। न्याय मार्च में आजसू पार्टी के जिला के सभी पदाधिकारी केंद्र के पदाधिकारी महिला मोर्चा के पदाधिकारी सभी प्रखंडों के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में आजसू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कहा कि इस यात्रा के जरिए पार्टी राज्य सरकार को सचेत भी करती है कि उलझन पैदा करने की वजह क्षेत्र में शीघ्र निर्णायक कदम उठाए आजसू पार्टी राज्य में अविलंब खतियान आधारित नियोजन नीति बनाकर सरकारी पदों को भरने की मांग पर जोर देती है। झारखंड में जिलों के आरक्षण तय करने के लिए जातीय जनगणना का होना जरूरी है। यह जातीय जनगणना बहुप्रतीक्षित मांग है।सरकार इसे अविलंब पूरा करें। सामाजिक यात्रा के माध्यम से आजसू पार्टी सरकार को सरना कोड लागू करने की मांग एक बार फिर करती है। झारखंड में आंदोलनकारियों का मान सम्मान सुविधाएं प्राप्त परिश्रम और फ्रीडम फाइटर का दर्जा देने की पुनः मांग करती है। मौके पर केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ साहदेव, सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, राजू गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राम नारायण प्रसाद, विलियम कुजुर, महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू, केंद्रीय महिला प्रवक्ता अंजू देवी, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, शाहिद अंसारी, नरेश साहू, विश्वनाथ उरांव, परमेश्वर महतो, पुष्पा देवी सहित आजसू पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ट्रांसफार्मर में लगे हाईटेंशन तार को छूने से युवक की मौत

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के पतिअम्बा सराई टोली के मैदान में लगे ट्रांसफार्मर में लगे हाईटेंशन तार को छूकर गांव के ही 19 वर्षीय लड़के ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक की पहचान नितेश सुरीन, पिता किशोर सुरीन, उम्र 19 वर्ष के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही जलडेगा थाना प्रभारी हीरालाल महतो, एएसआई जयनाथ राम दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। इस बीच पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों से घटना से संबंधित जानकारी ली। ग्रामीणों के मुताबिक घटना के वक्त आसपास कोई नहीं था सब अपने अपने दैनिक दिनचर्या में व्यस्त थे। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि युवक ने शराब का सेवन किया था एवं उसका मानसिक संतुलन भी सही नहीं था। ग्रामीणों ने कहा कि सराई टोली के लोग हमेशा जिंदगी को ताक में रखकर बिजली उपभोग कर रहे हैं। बिजली सप्लाई की पुरी ब्यवस्था जमीन पर स्थापित कर गांव में संचालित किया जाता है। ट्रांसफार्मर और हाईटेंशन लाइन के निचे खेल मैदान होने के कारण लोगों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। ग्रामीणों ने विद्युतीकरण के अन्यत्र सुरक्षित स्थान पर स्थापित करने की मांग किया है।

# चेकडेम निर्माण के दौरान दलदल में फंसी पोपलेन



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

कंडरा कोयल नदी में चेकडैम निर्माण कार्य के दौरान पोपलेन मशीन दलदल में फंस गई। हालांकि गनीमत रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। दलदल से मशीन निकालने का प्रयास जारी है।

सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित कंडरा कोयल नदी में करोड़ो की लागत से चेकडैम निर्माण कार्य पीएचडी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। बता दें कि नलजल योजना के तहत बुटी पंचायत सहित अन्य पंचायत में जलमीनार भी निर्माण कराया गया है। जहां पानी की सप्लाई कंडरा कोयल नदी से किया जाएगा। जिसको लेकर चेकडैम निर्माण कार्य प्रगति पर है। परंतु निर्माण के दौरान ट्रेंच कटिंग के क्रम में पोप्लेन मशीन दलदल में फंस गया। जिसे कोई खतरा नही हुआ। बताया जाता है कि ट्रेंच कटिंग कर मशीन निकाल ने के दौरान मिट्टी गिरने से दलदल हो गया था। और मशीन का चैन उतरने से दलदल में फस गया। मशीन के दलदल में जाते ही ऑपरेटर अपनी सूझबूझ का परिचय दे लगातार मशीन को निकालने का प्रयास करता रहा। परन्तु ऐसे समय में सोचने समझने की क्षमता विफल हो जाता है। उसके बाबजूद जेसीबी मशीन गए दलदल से गाड़ी निकालने को लेकर प्रयास जारी है। परंतु गाड़ी को निकालने में सफलता नहीं मिली। ऑपरेटर एवं संवेदक के द्वारा गाड़ी निकलने का वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

# कार्रवाई : 24 वाहनों पर किया 40 हजार जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**



जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर परिवहन विभाग के कर्मियों के द्वारा बुधवार को कुडू थाना गेट के समीप सघन रूप से वाहनों की जांच का अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से वाहनों के संबंधित कागजात इंश्योरेंस, ऑनर बुक, चालक के लाइसेंस एवं हेलमेट की जांच की गई।

अभियान में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, आईटी सहायक दुलार कुजूर और कुडू थाना पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे। सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी ने बताया कि बिना कागजात, बिना हेलमेट के आज करीब दो दर्जन वाहनों को पकड़ा गया। इनमें कई का चलान काटा गया और 40 हजार जुर्माना वसूला गया। जिले में वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा।

### चैनपुर मध्य विद्यालय का किया गया निरीक्षण

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय सिलफरी का निरीक्षण गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय पठन पाठन सहित स्कूल यूनिफॉर्म, मिड डे मील टीचरों की उपस्थिति, बच्चो की उपस्थिति, स्कूल प्रांगण में सहजन का पौधा, करी पत्ता का पौधा आदि की जांच की गई। इस दौरान बीडीओ श्री सिंह ने स्कूली बच्चों से कहा कि यदि ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित किया जाए एवं अभी से ही नियमित पढ़ाई की जाए तो निश्चित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को कछुए और खरगोश की प्रचलित दौड़ प्रतियोगिता संबंधित कहानी सुनाई।

# बीडीओ ने जलप्रपात का दौरा कर सुंदरीकरण का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



**सेन्हा** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित धरधरिया जलप्रपात स्थल का भ्रमण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जायजा लिया। जानकारी के अनुसार बता दें कि धरधरिया जलप्रपात सुंदरीकरण कार्य पूर्व से विशेष प्रमंडल के माध्यम से संवेदक द्वारा कराया जा रहा है। उसके बाबजूद धरधरिया जलप्रपात स्थल में और भी बेहतर सुंदरीकरण को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर स्थल का जांच किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में धरधरिया जलप्रपात चर्चित स्थल है। जहां लोग दर्शन के लिए लोग दूर दूर से आते जाते रहते है। जिसे देखते हुए सुंदरीकरण पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट हुआ है। सैलानियों का घूमने का सुविधा एवं यातायात पर भी ध्यान दिया जाएगा। बताते हुए बीडीओ ने कहा की धरधरिया जलप्रपात जाने वाला पथ काफी जर्जर हो चुका है। इसका निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया जाना है, जिससे धरधरिया जलप्रपात की सुंदरता में निखार आए।

### बिजली बिल वसूली के लिए लगेगा कैंप

**कैरो / लोहरदगा।** बिजली विभाग के द्वारा राजस्व वसूली को लेकर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 17 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक कैम्प लगाया जाएगा। जहां पर उपभोक्ता जाकर अपना अपना बकाया बिजली बिल जमा कर सकते हैं।कैरो पावर ग्रिड के मजूल अंसारी ने बतलाया कि दिनांक 17 अप्रैल को गराड़ीह,18 अप्रैल को बंडा,19 अप्रैल को एडादोन,20 अप्रैल ख्वास खिजरी,21 अप्रैल को नगजुआ,22 अप्रैल को ख्वास अम्बवा,23 अप्रैल को नरौली,24 अप्रैल को गितिलगढ़,25 अप्रैल को हनहट,26 अप्रैल को लापुर,27 अप्रैल को गजनी,28 अप्रैल को हुदु,29 अप्रैल को चाल्हो और 30 अप्रैल कैरो में कैम्प लगाया जाएगा।

## मांग : सड़क निर्माण कार्य में ली जा रही जमीन के बदले में भुगतान हो

# मुआवजा : ग्रामीणों ने विधायक संग की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**



प्रखंड के अधर्मा में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बन रहे सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य में जमीन दबाया जा रहा है और उस जमीन के बदले में नियम के अनुसार हमें मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

विधायक ने कोलेबिरा अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को भी बैठक में बुलाया और उन्होंने कहा कि संवेदक एवं विभाग मिलकर जमीन को सड़क में दबा रहे हैं जबकि ग्रामीण बार-बार इस बात को कह रहे हैं कि हम लोग का जमीन सड़क में लिया जा रहा है। उससे पहले अधिग्रहण का मुआवजा मिले उसके बाद ही कार्य हो। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग कार्य करें हम मना नहीं करेंगे परंतु पहले भुगतान दी जाए उसे दिन तय हुआ था कि विभागीय अधिकारी संवेदक और विधायक के साथ बैठक होगी तब जाकर शाम शुरू किया जाएगा, किंतु फिर भी यह लोग काम कर रहे हैं और मना करने पर धमकाया जा रहा है। ग्रामीणों की बातों को सुनने के बाद विधायक ने समिति के कर्मचारियों को फटकार लगाई उन्होंने कहा कि सरकार 2013 एवं 2017 में भूमि अधिग्रहण विधेयक लाकर स्पष्ट कर दिया है कि सरकार किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहण कार्य शुरू करने से पहले 80 प्रतिशत तक की राशि भुगतान करने के बाद ही काम करा सकेंगे, परंतु जैसा कि अंचलाधिकारी कोलेबिरा का कहना है कि अभी तक हम लोगों को विभाग की जानकारी नहीं दी गई है और ना ही अभीयाचना किया गया है फिर किस हिसाब से काम शुरू हो गया है जबकि विभाग और संवेदक को समझना चाहिए कि यह जमीन आदिवासियों की जमीन है और आदिवासी को डरा धमका कर कार्य करने पर एसटी एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज हो सकता है और 6 महीना का जेल भी होगा। उन्होंने संवेदक से कहा है कि विभाग के स्तर पर कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को मुआवजा मिले उसके बाद कार्य शुरू करें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, श्यामलाल प्रसाद, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, सुनील खड़िया, राकेश कोनगाड़ी, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन आदि उपस्थित थे।

# एसके सेवन स्टार्स अकादमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



स्वामी करपात्री सेवन स्टार्स अकादमी मसमानो विद्यालय परिसर में चौथा वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची सेवन स्टार्स अकादमी के निदेशक बिन्देश्वर उराव उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथिओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, जलेबी रेस, बिस्कुट रेस, रीले रेस, जमपिंग रेस, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कंगारू रेस, बेक रेस, बैलून रेस, वन लेग रेस, 3 लेग रेस, केला ईटिंग रेस, चम्मच रेस, सुई धागा रेस, थिंग्स कॉलेक्टिंग रेस, वाटर बॉटल फिलिंग रेस, इत्यादि खेलों का आयोजन धूमधाम से किया गया। अंत में सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं संतावाना स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को अतिथियों द्वारा मेडल, सील्ड एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । सबसे अधिक ममता उराव ने 8 मेडल, अरबिन्द महतो ने 7 मेडल एवं आर्यन साहू ने 5 मेडल जीता और शेष बच्चों ने दो, तीन तो कोई चार मेडल प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य नंदन कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रमोद उराव, स्वामी जी, अभय महतो, आशुतोष राम, रामकेश्वर साहू, विनय राम, बबलू उराव, संजय पाण्डेय, संतोष उराव, कंचना सरोज, सुषमा देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, जीवन साहू तथा सभी अभिभावक गण एवं ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

### डॉ आंबेडकर छात्रावास में समारोह की तैयारी पूरी

**मेदिनीनगर।** डॉ आंबेडकर छात्रावास (अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास बाई पास रोड रेड़मा) के तत्वावधान में डॉ भीमराव आंबेडकर जी की 132 जयंती समारोह की तैयारी कर ली गयी है। छात्रावास परिवार इस वर्ष विशेष आयोजन कर रहा है। 13 अप्रैल को संध्या 6 बजे कैंडल मार्च निकाला जायेगा। उसके पश्चात 14 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जायेगी । जयंती के उपलक्ष्य में छात्रावास के विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया जायेगा।

# सदर अस्पताल में 2022 से 2023 मार्च तक 306 व्यक्तियों की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में विभिन्न घटनाओं में 2022 जून माह में 25, जुलाई माह में 32, अगस्त माह में 23, सितंबर माह में 27, अक्टूबर माह में 22, नवंबर माह में 47 और दिसंबर माह के अंत तक 44 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 2023 की बात करें तो जनवरी माह में 31, फरवरी माह में 17 मार्च माह के अंतिम तक 38 लोगों की मौत हो चुकी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह और सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की इंचार्ज शबाना खातून ने संयुक्त रूप से बताया कि सदर अस्पताल में 2 वर्षों में टोटल 306 लोगों की मौत सदर अस्पताल में हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों की मौत तो सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है और कुछ लोगो की मौत बाहर ही सड़क दुर्घटना में हुई है। जिन्हें सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाया गया था। इनका भी आंकड़ा इसमें शामिल है। वही मौके पर उपस्थित अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन बाइक दुर्घटना घायल व प्वाइजनिंग केस में आधा दर्जन से अधिक मरीज पहुंचते हैं। इनमें इलाज के दौरान कई लोगों की मौत हो जाती है। इस मौत के आंकड़ों को देखते हुए अस्पताल अधीक्षक ने चिंता जाहिर की है।




# अभाआम सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाजी मैदान मे अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का सम्मेलन 14 और 15 अप्रैल को होना था।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के हेमंत सोरेन का आगमन होना था। महासम्मेलन होने से संबंधित एक पंपलेट भी केंद्रीय आदिवासी महासम्मेलन समिति के द्वारा छपवाया गया था। परंतु किसी कारणवश हेमंत सोरेन कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाएंगे। इस संबंध में फोन कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा व संजीव कुमार तिवारी ने इस बाबत बताया कि जानकारी नहीं है। यदि मुख्यमंत्री को आना होता तो सभी जेएमएम के नेताओं को उसके पूर्व ही सूचना मिल जाती। वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को नहीं पहुंचने को लेकर डीपीआरओ के कर्मचारियों ने अनभिज्ञता व्यक्त की।




### आजसू ने निकाला न्याय मार्च

**मेदिनीनगर।** आजसू पलामू के द्वारा गुरुवार को न्याय मार्च निकाला गया। मार्च समाहरणालय पहुँच कर उपायुक्त पलामू को ज्ञापन सौंपा। न्याय मार्च कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव विजय मेहता, विकेश शुक्ला, लौकेश सिह, जिलाध्यक्ष दीलीप चौधरी कार्यकारी जिला अध्यक्ष संतन मेहता अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अकमल खान, तुलसी शुक्ला, कमलेश मेहता, आनन्द चन्द्रवंशी, बसंत विश्वकर्मा आदि शामिल थे। न्याय मार्च में हेमन्त सोरेन सरकार के झुठ और लुट के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की गई।

# पलामू में साइबर ठग के शिकार हुए दो लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में फिल्म और सेलिब्रिटी को रेटिंग देने के नाम पर लाखों की ठगी हुई है। पीड़ित व्यक्ति को खास फिल्म और खास सेलिब्रिटी को रेटिंग देने को कहा जाता था। पूरे मामले में पलामू के साइबर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसके बाद पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक पलामू के हुसैनाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति को कुछ दिन पहले मोबाइल पर एक कॉल आया था। कॉल के माध्यम से उसे बताया गया कि फिल्म और सेलिब्रिटी को रेटिंग देनी है। इस माध्यम से वह घर बैठे पैसा कमा सकता है। बाद में पीड़ित व्यक्ति को एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया था। इस ग्रुप में व्यक्ति को खास फिल्म और सेलिब्रिटी को रेटिंग देने का निर्देश दिया जाता था। रेटिंग देने के बाद पीड़ित व्यक्ति उसका स्क्रीनशॉट लेकर ग्रुप में पोस्ट करता था। इसके एवज पीड़ित व्यक्ति को कुछ पॉइंट मिलते थे। पीड़ित व्यक्ति को कुछ ही दिनों में एक लाख पॉइंट हो गए थे। इस पॉइंट के एवज में उसे एक लाख रुपये देने की बात कही गई। पीड़ित व्यक्ति ने पॉइंट के एवज में रुपय की मांग की तो ठगों ने कुछ तकनीकी समस्या बताई और दोबारा रेटिंग करने को कहा. दोबारा की रेटिंग में पीड़ित व्यक्ति को कुछ कम पॉइंट मिल रहे थे. जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने रेटिंग में कम पॉइंट होने की शिकायत व्हाट्सएप ग्रुप में की थी। पीड़ित व्यक्ति को रेटिंग बढ़ाने और रुपयों को लेने के लिए कुछ रकम की मांग की गई। व्यक्ति ने आठ से 10 किस्तों में ठगों को पांच लाख रुपये दे दिए है। इसी तरह मेदिनीनगर के रहने वाले एक व्यक्ति को फिल्म स्टार और सेलिब्रिटी को पेज पर लाइक और कमेंट करने को कहा गया था। उससे भी एक लाख रुपये की ठगी हुई है।

# आज पलामू में मनेगी सतुआन व अम्बेडकर जयंती

### आज सूर्य मीन राशि से मेष राशि मे प्रवेश करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज पलामू में सतुआन और अम्बेडकर जयंती बड़े उत्साह से मनाई जायेगी। खास कर सतुआन जिसे मेष संक्रांति पर्व के नाम से भी जाना जाता है। कही इसे सतुआन व सिरुआ-विशुवा के नाम से भी जाना जाता है। आज सूर्य मीन राशि से मेष राशि मे प्रवेश करेंगे। आज के दिन में आम की कैरियों को पीसकर चटनी बनाना और साथ में सत्तू घोलकर पहले सूर्य देव को चढ़ाना और फिर प्रसाद में ग्रहण करना मुख्य होता है। सतुआन पर्व जो गर्मी के आ जाने की घोषणा करता है और बताता है कि अब मौसम तेजी से गर्म होगा। आने वाले दिनों में गर्मी होने वाली है। जब खेतों की मिट्टी बिल्कुल सूखकर कड़ी हो जाएगी। मनुष्य जब गर्मी से त्रस्त हो जाएगा, तो ऐसे में सत्तू ही एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो शीतलता दे पाएगा। बिहार की लोक संस्कृति में यह प्रकृति से जुड़ाव का पर्व है, जो अब सिर्फ बड़े-बुजुर्गों की याद में ही रह गया है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में 14-15 अप्रैल को सतुआन मनाया जाता है। यह ग्रीष्म ऋतु के स्वागत का पर्व है। इस दिन सूर्यदेव राशि परिवर्तन करते हैं। इसलिए इसे मेष संक्रांति भी कहते हैं। सतुआन के दिन सत्तू खाने की परंपरा बहुत पुराने समय से रही है। पुरोहित ओम पाठक ने बताया कि इस दिन लोग अपने पूजा घर में मिट्टी या पीतल के घड़े में आम का पल्लो स्थापित करते हैं। सत्तू, गुड़ और चीनी से पूजा होती है। पूजा के उपरांत लोग सत्तू, आम प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है।



### दक्षिण भारत में मनाते हैं विशु पर्व

दक्षिण भारत मे आज के दिन को यानी सूर्य के राशि परिवर्तन दिवस को विशु कानी पर्व के तौर पर मनाते हैं। यह पर्व भगवान विष्णु को समर्पित है और दक्षिण भारत में नव वर्ष का प्रतीक है। दरअसल विशु कानी पर्व कृषि आधारित पर्व है, जिसमें खेतों में बुआई का उत्सव मनाते हैं। अलग अलग धर्मो में मेष संक्रांति को कई नामो से जाना जाता है। जिसमे असम में बिहू,पंजाब में बैसाखी,केरल में विशु, बंगाल में पोहला बैशाख कहते है। वही,आज भारत रत्न अम्बेडकर जयंती का भी आयोजन पलामू में होगा। जिसमें स्थानीय अम्बेडकर चौक में स्थापित अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा को सजाया गया है। आज कई संगठनों और आम लोगो के द्वारा बाबा अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। राजनीतिक दल,सामाजिक संगठन,स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा अम्बेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण कर उन्हें याद किया जाएगा।आज के दिन अम्बेडकर का जन्म 1928 में पुणे में हुआ था। भारत के पहले कानून मंत्री डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के पिता कहे जाते हैं। डॉ भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान, संविधान सभा द्वारा तैयार किया गया था। अम्बेडकर जयंती को जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने में व इस हेतु उनके समर्पण को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। उन्होंने जाति व्यवस्था का कड़ा विरोध किया और इसे समाज से मिटाने का प्रयास किया। डॉ भीमराव अंबेडकर हमेशा उत्पीड़ितों के साथ एकजुटता से खड़े रहे और महिलाओं, मजदूरों और अछूतों के जीवन के उत्थान के लिए काम किये। एक प्रखर समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और प्रभावशाली वक्ता होने के साथ, डॉ अम्बेडकर राजनीति विज्ञान, कानून और अर्थशास्त्र जैसे विभिन्न विषयों केभी विद्वान थे।

### 10 किग्रा अफीम, 14.5 किलोग्राम पोषाहार जब्त

**नवीन मेल संवाददाता।**
**चतरा/इटखोरी**

बच्चों के पोषाहार व अफीम तस्करी की बड़ी साजिश पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर विफल कर दी गई है। इंटर स्टेट गिरोह का तस्कर कारु यादव गिरफ्तार। तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा पिकप, 10 किलो अफीम, 20 क्विंटल चावल व 14.5 क्विंटल आंगनबाड़ी द्वारा बच्चों के बीच निःशुल्क वितरण को आवंटित पौष्टिक मीठा दलिया पुलिस ने किया जप्त। डीएसपी मुख्यालय केदार राम में पत्रकारों को बताया कि इटखोरी अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा और थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम को चतरा-चौपारण मुख्य पथ पर वाहन जांच के क्रम में सफलता मिली। आगे बताया कि सिमरिया थाना क्षेत्र के बगरा से कालाबाजारी कर तस्करी के लिए इटखोरी के रास्ते बाराचट्टी बिहार ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार तस्कर गया के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत काहुदाग गांव का रहने वाला है। तस्कर को जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में सीओ व थाना प्रभारी के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक बंटी यादव शामिल थे।

## बालूमाथ व महुआडांड़ में बुधवार देर शाम हुईं दुर्घटनाएं, 2 घायल

# सड़क हादसों में पांच की मौत

**नवीन मेल संवाददाता।**
**बालूमाथ/महुआडांड़**

बालूमाथ और महुआडांड़ में बुधवार रात्रि हुई दो अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत कल कलिया- दीदी दाग गांव के समीप बालूमाथ बालू मुख्य मार्ग में बुधवार देर शाम को ऑटो और मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गई। इसमें एक व्यक्ति हीरालाल उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बालू गांव से कुछ लोग ऑटो बुक करके ओझा के पास टंडवा की ओर गए थे। बुधवार की देर शाम सभी लोग वापस अपने घर लौट रहे थे कि इसी बीच लातेहार से बालूमाथ की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार और ऑटो की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे ऑटो में बैठे लोग और मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 108 एंबुलेंस की सहायता से लाया गया, जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने हीरालाल उरांव को जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। वहीं भुनेश्वर उड़ाव और मोबीन का प्राथमिक उपचार कर स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया था। भुवनेश्वर उरांव एवं मोबीन अंसारी की देर रात रांची रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई। बता दें कि भुनेश्वर उरांव के दोनों पैर टूट गए थे, जबकि मोबीन के सिर में गंभीर चोटें लगी थी।





### 407 में टक्कर लगकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो युवक की मौत

वहीं महुआडांड़ थाना क्षेत्र के एनएच 9 मेदिनीनगर मुख्य रोड स्थित पार्वती रेस्ट हाउस के पास बुधवार की रात्रि नौ बजे हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महुआडांड़ बाजार की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल पार्वती रेस्ट हाउस के पास खड़ी 407 गाड़ी नंबर जे.एच 19इ,5206 में सीधे टक्कर में लगने से मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हुई। मोटरसाइकिल में सवार अतुल खलखो (19) पिता स्व. दिलीप खलखो गांव बहेराटोली की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा अमरदीप उरांव गंभीर रूप से घायल हुआ। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी आशुतोष यादव दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले दोनों युवकों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां अतुल खलखो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अमरदीप जो गंभीर रूप से घायल था, उसको लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया।

### बिजली की अनियमित आपूर्ति से छात्र परेशान

**महुआडांड़।** प्रखंड में बिजली संकट गहराने लगा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति एवं कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। कई घंटों तक बिजली गुल हो जाती है। उपभोक्ता कहते हैं कि आधी रात में बिजली आती है, वह भी दो या चार घंटे रहने के बाद कट जाती है। लंबे समय तक बिजली कटे रहने से उपभोक्ता एवं छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालय तो जनरेटर के भरोसे चल रहे हैं। ज्ञात हो कि मैट्रिक, इंटर, नौवीं एवं आठवीं बोर्ड एग्जाम चल रहा है। छात्रों को पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही है। वहीं बिजली आधारित उपकरण बेकार साबित हो रहे हैं। छात्र सुदीप खलखो समेत अन्य छात्रों ने कहा कि परीक्षा चल रही है। ऐसे में पढ़ाई करना जरूरी हो जाता है। बिजली नहीं रहने के कारण हम मोमबत्ती एवं सोलर लाइट से पढ़ाई करने को मजबूर होते हैं। बिजली सप्लाई में खराबी होने को लेकर विभाग बताता है कि ब्रेकडाउन लोकल कोर्ट एवं मेंटेनेंस को लेकर बिजली आपूर्ति बाधित रहती है।

# पीएम आवास को जल्द पूरा करें



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना की महुआडाड के अनुमंडलीय पदाधिकारी नित निखिल सुरीन समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, पीएम आवास के बीपीएम दीपक कुमार समेत सभी पंचायतों के मुखिया और पंचायत सेवक मौजूद रहे। बैठक के दौरान पंचायत वार समीक्षा करते हुए आवास निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त कर लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जो लाभुक आवास निर्माण कार्य में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करने का निर्देश बीडीओ को दिया। बैठक के दौरान बीडीओ द्वारा सभी पंचायत सेवक, मुखिया, सभी स्वयंसेवक को अपने-अपने क्षेत्र में आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण करने और उसकी तस्वीर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही आवास निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही करने वाले पर कार्रवाई करने की भी बात कही। बैठक में प्रखंड समन्वयक मनजीत सिंह, मनरेगा बीपीओ मनीष शर्मा, मुखिया बिपिन सिंह, शतरोहन सिंह, वीरेंद्र सिंह, पूनम देवी, बुद्धेश्वर सिंह, पंचायत सेवक अरविंद कुमार, सर्वेश सिंह, रवि कांत रवि आदि मौजूद थे।

## कार्यक्रम पीएम तक राहुल गांधी के सवाल पहुंचाएंगे कांग्रेसी

# युवा कांग्रेस का पोस्टकार्ड अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

कांग्रेस युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज और प्रभारी दीनबंधु शर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को परिसदन भवन लातेहार में कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष अमित यादव के अध्यक्षता में पोस्टकार्ड अभियान का शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रमन सिंह और प्रदेश महासचिव आफताब आलम ने शिरकत की। मौके पर प्रभारी रमन सिंह ने कहा कि पोस्टकार्ड के माध्यम से हमलोग पूरे जिले से राहुल गांधी की आवाज को प्रधानमंत्री के कानो तक पंहुचाने का काम करेंगे। आफताब आलम ने कहा कि जबतक राहुल गांधी के द्वारा पूछे गए सवाल कि अडानी के बीस हजार करोड़ कहां से आया नही बताते है तब तक हम सभी उनसे सवाल करते रहेंगे।



वहीं युवा जिलाध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि पार्टी के द्वारा जो भी निर्देश मिलेगा हमलोग लागातार संगठन के हित में काम करेंगे। आज दोनो विधानसभा लातेहार और मनिका मे एक साथ यह कार्यक्रम शुरू किया गया। मनिका मे प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव के अध्यक्षता मे कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान मौजूद थे। उन्होंने कहा किपोस्टकार्ड के माध्यम से राहुल गांधी के सवालों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछने का काम किया गया और लागातार यह काम होता रहेगा। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, विधानसभा उपाध्यक्ष संतोष रजक, प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद साजिद, मोहम्मद इमरान, बिजेंदर उरांव,मुख्तार, रासिद समेत कई लोग मौजूद थे।

### एनटीपीसी को एपेक्स से मिला गोल्ड मेडल

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा स्थित एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा ईकाई प्रबंधन द्वारा सीएसआर में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एपेक्स इंडिया की ओर से उसे गोल्ड अवार्ड दिया गया। अवार्ड ईकाई के एजीएम एचआर अनिल चावला ने प्राप्त किया। प्रबंधन के अनुसार 11 अप्रैल को गोवा के ताज में आयोजित एक भव्य समारोह में संस्था की ओर से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा वर्ष 2022 में किए गए सामाजिक दायित्व के निर्वहन पर गहन अध्ययन किया गया। वहीं एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा किए गए कार्यों व विशेषज्ञों द्वारा एक वर्ष के प्राप्त आंकड़ों के गहन विश्लेषण के आधार पर एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा को सर्वोच्च सफल प्रतिभागी घोषित किया।



# लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन, पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

राज्य सरकार के खिलाफ मंगलवार को रांची में आयोजित भाजपा के विरोध प्रदर्शन और सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुए लाठीचार्ज के खिलाफ बुधवार की शाम प्रखंड मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक हरि कृष्ण सिंह, जिप सदस्य संतोषी शेखर समेत पार्टी के कई नेता शामिल हुए। प्रदर्शन स्वामी विवेकानंद चौक से निकल कर बस स्टैंड स्थित आंबेडकर चौक पहुंचा जहां पर हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, मुखिया कालो देवी, मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, दीपक तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, महामंत्री प्रवीण कुमार, पारस जायसवाल, हेमंत कश्यप आदि मौजूद रहे।



**बालूमाथ में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 22 के मुरपा मोर चौक पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाह के नेतृत्व में मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता एवं विजय यादव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह, पप्पू सिन्हा, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति अरविंद भगत, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो महामंत्री सूरज शाह, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, पूर्व ओबीसी जिला महामंत्री देवनंदन प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

**ज्ञान की बात**

**मेरा न कोई पुत्र है न कोई पक्ष। कृष्ण बोले, मेरा तो बस एक ही धर्म है। कोई हमारा स्वार्थ सिद्ध कर दे तो वह हमें प्रिय नहीं हो जाना चाहिए। कोई हमारे परिवार में जन्म ले ले तो वह हमारा रक्षणीय नहीं हो सकता। मेरे लिए तो जैसे जरासंध, शिशुपाल और एकलव्य थे, उसी प्रकार घटोत्कच भी था। जैसे वे अधर्मी मारे गए, वैसे ही घटोत्कच को भी मरना ही था। - ठाकुरजी**



# मदरसे में आर्म्स..

***आये*** दिन देखा जा रहा है कि हमारे शिक्षण संस्थान अपनी दिशा से भटकते जा रहे हैं। स्कूल और मदरसों में पढ़ाई की जगह कई असामाजिक गतिविधियों का संचालन हो रहा है। धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाया जा रहा है। पढ़ाने वाले शिक्षक पहले की तरह नहीं रहे। यही कारण है कि हर जगह शिक्षा के क्षेत्र में गिरावट देखने को मिल रहे हैं। बहरहाल पलामू जिले के पिपराताड़ थाना क्षेत्र के एक मदरसा से पुलिस ने हथियार बरामद किया है। ऐसे में सवाल उठता है कि मदरसे में हथियार रखने की जरूरत क्यों आ पड़ी? सवालों के घने जंगलों में इसका उत्तर खोजा जा रहा है। लेकिन यह कहा जा सकता है कि मदरसे में हथियार पाया जाना,यह दर्शाता है कि हमारे आंगन की धूप गहरी और काली हो चुकी है। अभी पलामू में रामनवमी के मौके पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की घटना घट चुकी है। आनन फानन में शांतिप्रिय लोगों और जिला प्रशासन की कुशलता के कारण अनहोनी की घटना को टाला गया। उस समय माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों को नकेल डाल कर शांत कराया गया। ऐसे में किसी मदरसे से हथियार का बरामद होना,आने वाले दिनों के लिए खतरे की घंटी है। हालांकि इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है । पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। व्यक्ति के पास से पुलिस ने देसी पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि व्यक्ति को पिस्तौल कहां से मिली और किन कारणों से गन खरीदी गयी है। मदरसा में हथियार मिलने की घटना को लेकर बताया जा रहा है कि कई जगहों पर चोरी छिपे ऐसी हरकतें जारी हैं। पिपराटांड़ थाना क्षेत्र का यह मदरसा प्रारंभ से शक के दायरे में आता था। इसी प्रकार जिले के कई मदरसे और मस्जिदों में गैरकानूनी कामों को अंजाम देने की सूचना पुलिस को मिली है। खासकर आबादी से दूर कम बसावट वाले क्षेत्रों में स्थित मदरसे असामाजिक गतिविधियों का सेंटर बनते जा रहे हैं। यहां नाम मात्र की पढ़ाई होती है। शिक्षा की ओट में गैरकानूनी कार्यों को अंजाम दिया जाता है। ऐसी सूचना के आलोक में दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस की टीम की छापेमारी जारी है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मदरसा से देसी पिस्तौल बरामद मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है। इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। यह मदरसा पिपराटांड़ के केलहवा के इलाके में संचालित है। मदरसा में 300 से 400 बच्चे पढ़ाई करते हैं। जानकारी के अनुसार मदरसा को सरकारी अनुदान भी मिलता है। इस खबर के बाद से पुलिस और दंडाधिकारी इलाके में सर्च अभियान चला रहे हैं। बता दें कि हिरासत में लिया व्यक्ति लोहरसी का रहने वाला है। पिपराटांड़ थाना में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। जिस इलाके में यह मदरसा संचालित है, वह पलामू प्रमंडल के मुख्यालय में मेदिनीनगर से करीब 75 किलोमीटर दूर है। यह इलाका चतरा सीमा से सटा हुआ है। आगे जंगल ही जंगल है। भौगोलिक दृष्टिकोण से यह इलाके अपराध करने योग्य हैं। इन क्षेत्रों से दूर से भी आने और जाने वालों पर नजर रखी जा सकती है। दूसरी तरफ इस जगह से आसानी से दूसरे क्षेत्रों में आया व जाया जा सकता है। गौरतलब है कि इन सैकड़ो बच्चों को कौन सी पढ़ाई पढ़ा कर तैयार करने की योजना है। जहां पर हथियार की बरामदगी होती हो,वहां के बच्चे समाज में बड़े होकर क्या संदेश देगें। बहरहाल ऐसी घटनाओं पर अविलंब रोक लगनी चाहिए। कारण हथियार अर्थात हिंसा की कोई जगह हमारे समाज में नहीं है।

**मदरसा में हथियार मिलने की घटना को लेकर बताया जा रहा है कि कई जगहों पर चोरी छिपे ऐसी हरकतें जारी हैं। पिपराटांड़ थाना क्षेत्र का यह मदरसा प्रारंभ से शक के दायरे में आता था।**

# बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व 'मूकनायक'





प्रो. संजय द्विवेदी

'***अगर*** कोई इंसान, हिंदुस्तान के कुदरती तत्वों और मानव समाज को एक दर्शक के नजरिये से फिल्म की तरह देखता है, तो ये मुल्क नाइंसाफी की पनाहगाह के सिवा कुछ नहीं दिखेगा।' बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने आज से 102 वर्ष पूर्व 31 जनवरी 1920 को अपने अखबार 'मूकनायक' के पहले संस्करण के लिए जो लेख लिखा था, यह उसका पहला वाक्य है। अपनी पुस्तक 'पत्रकारिता के युग निर्माता : भीमराव आंबेडकर' में लेखक सूर्यनारायण रणसुभे ने इसलिए कहा भी है - कि 'जाने-अनजाने बाबा साहेब ने इसी दिन से दीन-दलित, शोषित और हजारों वर्षों से उपेक्षित मूक जनता के नायकत्व को स्वीकार किया था।' आज के मीडिया को कैसे देखा जाय? यदि इस सवाल का जवाब ढूंढना है, तो 'मूकनायक' के माध्यम से इसे समझना बेहद आसान है। इस संबंध में मूकनायक के प्रवेशांक के संपादकीय में आंबेडकर ने जो लिखा था, उस पर ध्यान देना बेहद आवश्यक है। आंबेडकर लिखते हैं कि 'मुंबई जैसे इलाके से निकलने वाले बहुत से समाचार पत्रों को देखकर तो यही लगता है कि उनके बहुत से पन्ने किसी जाति विशेष के हितों को देखने वाले हैं। उन्हें अन्य जाति के हितों की परवाह ही नहीं है। कभी-कभी वे दूसरी जातियों के लिए अहितकारक भी नजर आते हैं। ऐसे समाचार पत्र वालों को हमारा यही इशारा है कि कोई भी जाति यदि अवनत होती है, तो उसका असर दूसरी जातियों पर भी होता है। समाज एक नाव की तरह है। जिस तरह से इंजन वाली नाव से यात्रा करने वाले यदि जानबूझकर दूसरों का नुकसान करें, तो अपने इस विनाशक स्वभाव की वजह से उसे भी अंत में जल समाधि लेनी ही पड़ती है। इसी तरह से एक जाति का नुकसान करने से अप्रत्यक्ष नुकसान उस जाति का भी होता है जो दूसरे का नुकसान करती है।' बाबा साहेब ने जो लिखा, उसको आज के दौर के मीडिया के परिप्रेक्ष्य में देखें, तो स्थितियां करीब-करीब कुछ वैसी ही दिखाई देती हैं। आज का मीडिया हमें कुछ उस तरह ही काम करता दिखाई देता है, जिसको पहचानते हुए बाबा साहेब ने 'मूकनायक' की शुरूआत की थी। इस समाचार पत्र के नाम में ही आंबेडकर का व्यक्तित्व छिपा हुआ है। मेरा मानना है कि वे 'मूक' समाज को आवाज देकर ही उनके 'नायक' बने। बाबा साहेब ने कई मीडिया प्रकाशनों की शुरूआत की। उनका संपादन किया। सलाहकार के तौर पर काम किया और मालिक के तौर पर उनकी रखवाली की। मूकनायक के प्रकाशन के समय बाबा साहेब की आयु मात्र 29 वर्ष थी। और वे तीन वर्ष पूर्व ही यानी 1917 में अमेरिका से उच्च शिक्षा ग्रहण कर लौटे थे। अक्सर लोग ये प्रश्न करते हैं कि कि एक उच्च शिक्षित युवक ने अपना समाचार-पत्र मराठी भाषा में क्यों प्रकाशित किया? वह अंग्रेजी भाषा में भी समाचार-पत्र का प्रकाशन कर सकते थे। ऐसा करके वह सवर्ण समाज के बीच प्रसिद्धी पा सकते थे और अंग्रेज सरकार तक दलितों की स्थिति प्रभावी ढंग से रख सकते थे। लेकिन बाबा साहेब ने 'मूकनायक' का प्रकाशन वर्षों के शोषण और हीनभावना की ग्रंथि से ग्रसित दलित समाज के आत्म-गौरव को जगाने के लिए किया गया था। जो समाज शिक्षा से दूर था, जिसके लिए अपनी मातृभाषा मराठी में लिखना और पढ़ना भी कठिन था, उनके बीच जाकर 'अंग्रेजी मूकनायक' आखिर क्या जागृति लाता? इसलिए आंबेडकर ने मराठी भाषा में ही समाचार पत्रों का प्रकाशन किया। अगर हम उनकी पहुंच की और

**आंबेडकर लिखते हैं कि 'मुंबई जैसे इलाके से निकलने वाले बहुत से समाचार पत्रों को देखकर तो यही लगता है कि उनके बहुत से पन्ने किसी जाति विशेष के हितों को देखने वाले हैं। उन्हें अन्य जाति के हितों की परवाह ही नहीं है।**

**दिवस विशेष**

उनके द्वारा चलाये गये सामाजिक आंदोलनों की बात करें, तो बाबा साहेब अपने समय में संभवतः सब से ज्यादा दौरा करने वाले नेता थे। सबसे खास बात यह है कि उन्हें ये काम अकेले अपने बूते ही करने पड़ते थे। न तो उन के पास सामाजिक समर्थन था, न ही आंबेडकर को उस तरह का आर्थिक सहयोग मिलता था, जैसा कांग्रेस पार्टी को हासिल था। इसके विपरीत, आंबेडकर का आंदोलन गरीब जनता का आंदोलन था। उनके समर्थक वो लोग थे, जो समाज के हाशिए पर पड़े थे, जो तमाम अधिकारों से महरूम थे, जो जमीन के नाम पर या किसी जमींदार के बंधुआ थे। आंबेडकर का समर्थक, हिंदुस्तान का वो समुदाय था, जो आर्थिक रूप से सब से कमजोर था। इसका नतीजा ये हुआ कि आंबेडकर को सामाजिक आंदोलनों के बोझ को सिर से पांव तक केवल अपने कंधों पर उठाना पड़ा। उन्हें इस के लिए बाहर से कुछ खास समर्थन हासिल नहीं हुआ। और ये बात उस दौर के मीडिया को बखूबी नजर आती थी। आंबेडकर के कामों को घरेलू ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी जाना जाता था। हमें हिंदुस्तान के मीडिया में आंबेडकर की मौजूदगी और उनके संपादकीय कामों की जानकारी तो है, लेकिन ये बात ज्यादातर लोगों को नहीं मालूम कि उन्हें विदेशी मीडिया में भी व्यापक रूप से कवरेज मिलती थी। बहुत से मशहूर अंतरराष्ट्रीय अखबार, आंबेडकर के छुआछूत के खिलाफ अभियानों और महात्मा गांधी से उनके संघर्षों में काफी दिलचस्पी रखते थे। लंदन का 'द टाइम्स', ऑस्ट्रेलिया का 'डेली मर्करी', और 'न्यूयॉर्क टाइम्स', 'न्यूयॉर्क एम्सटर्डम न्यूज', 'बाल्टीमोर अफ्रो-अमरीकन', 'द नॉरफॉक जर्नल' जैसे अखबार अपने यहां आंबेडकर के विचारों और अभियानों को प्रमुखता से प्रकाशित करते थे। भारतीय संविधान के निर्माण में आंबेडकर की भूमिका हो या फिर संसद की परिचर्चाओं में आंबेडकर के भाषण, या फिर नेहरू सरकार से आंबेडकर के इस्तीफे की खबर। इन सब पर दुनिया बारीकी से नजर रखती थी। बाबा साहेब ने अपने सामाजिक आंदोलन को मीडिया के माध्यम से भी चलाया। उन्होंने मराठी भाषा मे अपने पहले समाचार पत्र 'मूकनायक' की शुरूआत क्षेत्रीयता के सम्मान के साथ की थी। मूकनायक के अभियान के दिग्दर्शन के लिए तुकाराम की सीखों को बुनियाद बनाया गया। इसी तरह, आंबेडकर के एक अन्य अखबार 'बहिष्कृत भारत' का मार्गदर्शन संत ज्ञानेश्वर के सबक किया करते थे। आंबेडकर ने इन पत्रिकाओं के माध्यम से भारत के अछूतों के अधिकारों की मांग उठाई। उन्होंने मूकनायक के पहले बारह संस्करणों का संपादन किया, जिसके बाद उन्होंने इसके संपादन की ज़िम्मेदारी पांडुरंग भाटकर को सौंप दी थी। बाद में डी डी घोलप इस पत्र के संपादक बने। हालांकि मूकनायक का प्रकाशन 1923 में बंद हो गया। इसकी खास वजह ये थी कि आंबेडकर, इस अखबार का मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध नहीं थे। वो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गये थे। इसके अलावा अखबार को न तो विज्ञापन मिल पा रहे थे और न ही उसके ग्राहकों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि उससे अखबार के प्रकाशन का खर्च निकाला जा सके। शुरूआती वर्षों में राजिश्री शाहू महाराज ने इस पत्रिका को चलाने में सहयोग दिया था। आंबेडकर की पत्रकारिता का अध्ययन करने वाले गंगाधर पानतावणे कहते हैं कि, 'मूकनायक का उदय, भारत के अछूतों के स्वाधीनता आंदोलन के लिए वरदान साबित हुआ था।

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें मां गंगा की कथा*

**उन्हें** भगवान से अभीष्ट वर भी मिल गया । वे चाहते थे कि मेरे पूर्वज तर जायें । भगवान ने गंगा से कहा- हे सुरेश्वरी ! , तुम अभी भारतवर्ष में जाओ और मेरी आज्ञानुसार सगर के सभी पुत्रों को पवित्र करो । तब श्री गंगा जी ने पृथ्वी पर आना स्वीकार कर लिया । जिस समय गंगा पृथ्वी पर आने को हुई तो उस समय उनके वेग को संभालने के लिए शिवजी ने उन्हें अपने मस्तक पर धारण किया और वे गंगाधर के नाम से विख्यात फिर जब जटाओं में से उन्होंने एक बूंद छोड़ी तो गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ गंगा भूतल पर उतर कर राजा भगीरथ के पीछे - पीछे चली । वेग के कारण मार्ग में ऋषि का आश्रम बह चला। मुनि कुपित हो गए और सारी नदी का आचमन कर गए। तब फिर भागीरथ की आराधना से जब मुनि प्रसन्न हुए तो गंगा को अपनी जंघा से प्रकट किया। तब गंगा भगीरथी से जाह्नवी कहलाई । फिर राजा भगीरथ गंगा की स्तुति करके उन्हें अपने साथ ले वहां पहुंचे , जहां सगर के साठ हजार पुत्र जलकर भस्म हो गए थे । परम पवित्र गंगा जल का स्पर्श पाकर वे राजकुमार बैकुण्ठ को चले गए। भगीरथ अपने पूर्वजों को तारकर कृत - कृत्य हो गए । चूंकि राजा भगीरथ गंगा को पृथ्वी पर लाए। इसलिए गंगा ( गंगा जी ) को भागीरथी भी कहा जाता है। गंगा जलरूप में कैसे आई ? नारदजी ने पूछा भगवन ! भूमण्डल को पवित्र करने वाली त्रिप्रयाग गंगा कहां से प्रकट हुई अर्थात इसका जन्म और आविर्भाव कैसे हुआ । नारायण जी बोले एक समय की बात है कार्तिक मास की पूर्णिमा थी । भगवान श्रीकृष्ण रासमंडल में थे । इतने में ब्रह्मा की प्रेरणा से प्रेरित होकर उल्लास को बढ़ाने वाले , पछताने लगे। जिसके प्रत्येक शब्द में उल्लास बढ़ाने की शक्ति भरी थी । उसे सुनकर सभी गोप , गोपी और देवता मुग्ध होकर मूर्च्छित हो गए । जब किसी प्रकार से उन्हें चेत हआ तो उन्होंने देखा कि समस्त रासमंडल का पूरा स्थल जल से भरा हुआ है।

(क्रमशः)

# औद्योगिक घरानों के बंटवारे कैसे प्रेम से हों




आर.के.सिन्हा

***दीपक*** पारेख को भारत के कॉरपोरेट जगत में बहुत ही आदर भाव के साथ देखा जाता है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन दीपक पारेख बीती आधी सदी से कॉरपोरेट जगत की हरेक घटना के अहम साक्षी हैं। वे जब किसी विषय पर बोलते हैं तो उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं होता। उन्होंने हाल ही में एक सेमिनार में कहा कि भारत के बहुत से औद्योगिक घरानों में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुआ विवाद इतना गंभीर हो गया है कि वे घराने इस आघात से बुरी तरह से छलनी हो गये। इस पूरी प्रकिया में लंबा वक्त भी लगा सो अलग। उनकी सलाह थी कि जिन घरानों में विवाद हो, उन्हें मध्यस्थता के रास्ते पर चलना चाहिए। इससे धन और वक्त भी बच जायेगा। दीपक पारेख की बात में दम है। हमने देखा है कि रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद उनके दोनों पुत्रों- मुकेश और अनिल में संपत्ति विवाद गहरा होता चला गया। बात जब कोर्ट गई तो दोनों ने नामवर वकीलों को अपने पक्ष में दलीलें देने के लिए रखा। इस प्रक्रिया में दोनों ने करीब दो सौ करोड़ रुपये फूंक भी दिये। अंत में, बैंकिंग की दुनिया के प्रमुख हस्ताक्षर केवी कामथ को मध्यस्थता और संपत्ति के बंटवारे के लिए रखा गया। फिर कहीं जाकर बात बनी। कामथ आईसीआईसीआई बैंक के फाउंडर चेयरमैन थे। हालांकि यह स्वीकार करना होगा कि बंटवारे के बाद मुकेश अंबानी ने जहां शिखर को छुआ, वहीं अनिल अंबानी अपने समूह को कायदे से दिशा देने में नाकाम रहे। अब बात पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े औद्योगिक समूह की भी कर लेते हैं। यह समूह चीनी, धागे, टायर, घी वगैरह का उत्पादन करता था। इस समूह का देश में खासा नाम था। पर इसके चेयरमैन का 1970 के दशक के आरंभ में निधन हो गया। कुछ समय के लिए चेयरमैन के छोटे भाई को समूह का प्रमुख बना दिया गया। पर बड़े भाई के पुत्रों ने विद्रोह कर दिया। इसके चलते यह समूह कलह-क्लेश का शिकार हो गया। इसकी पहले वाली स्थिति नहीं रही। अब यह समूह कतई खबरों में नहीं रहता, किसी विशेष उपलब्धि के चलते। इसी तरह दिल्ली के डीसीएम समूह को गांधीवादी लाला श्रीराम ने शुरू किया था। उनके बाद, उनके दोनों पुत्रों लाला भरत राम तथा लाला चरत राम ने डीसीएस समूह को सही से चलाया। पर इनके बाद डीसीएम समूह बिखरने लगा। यानी तीसरी पीढ़ी इसे एक नहीं रख सकी। दोनों भाइयों के पुत्रों के बीच डीसीएम समूह की कंपनियां विभाजित हुई थीं। इससे पहले विवाद भी हुए। पर यह तो कहना ही होगा कि डीसीएम समूह ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में शानदार योगदान दिया। इस समूह की तरफ से श्रीराम कॉलेज आफ कॉमर्स, लेडी श्रीराम कॉलेज, श्रीराम कला केंद्र जैसे स्तरीय संस्थान खोले गये। मुंबई में मफतलाल समूह में भी बंटवारे के सवाल पर लंबे समय तक बवाल चलता रहा। इसका समूह को नुकसान हुआ। मफतलाल समूह की विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई। कायदे से बड़े घरानों का समय रहते बंटवारा हो जाना चाहिए। प्रोमोटर को चाहिए कि वे एक उम्र के बाद अपने समूह की संपत्तियों का अपने बच्चों में बंटवारा कर दे। इससे विवाद की नौबत नहीं आयेगी। बंटवारे के बाद जिस-जिस के हिस्से में कंपनियां आयेंगी वे उन्हें आगे लेकर जायेंगे। अगर बात गुजरे कुछ दशकों की करें तो हम देखते हैं कि कोलकाता के आरपी गोयनका समूह का बंटवारा सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ। आरपीजी समूह के चेयरमैन आरपी गोयनका ने अपनी कंपनियों को अपने दोनों पुत्रों- हर्ष और संजीव में वक्त रहते हुए बांट दिया। अब दोनों भाई अपने-अपने समूहों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। दोनों भाइयों के आपसी संबंध भी मधुर हैं। संजीव गोयनका उद्योग और वाणिज्य संगठन सीआईआई के अध्यक्ष भी रहे हैं। हर्ष ट्वीटर पर भी एक्टिव रहते हैं।

**एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन दीपक पारेख बीती आधी सदी से कॉरपोरेट जगत की हरेक घटना के अहम साक्षी हैं। वे जब किसी विषय पर बोलते हैं तो उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं होता।**

**कॉर्पोरेट चर्चा**

**फोटो की दुनिया**



**ट्वीट-ट्वीट**

sonu sood
@SonuSood

जितना भी मैं मनीष कश्यप को जानता हूँ उसने हमेशा बिहार के लोगों के भले के लिए ही आवाज़ उठाई है। हो सकता है उस से कुछ गलती भी हुई हो। पर यह बात मैं यक़ीन से कह सकता हूँ कि वो देशहित के लिये ही लड़ा है। न्याय और क़ानून से ऊपर हमारे देश में कुछ नहीं। जो भी होगा सही ही होगा। 🙏

**फेसबुक वॉल से**

Siddharth Vallabh
1 d ·

यही है ज़िन्दगी की मुख़्तसर तस्वीर वल्लभ
ख़ुशी आरिज़ी मिली ,गधा मुस्तक़िल मिला



# आनंद ही ब्रह्म है, आनंद सबकी अभिलाषा



हृदयनारायण दीक्षित

***आनंद*** सबकी अभिलाषा है। प्रसन्नता मापने का मानक तय करना कठिन है। लेकिन पिछले 10 वर्ष से आनंद या हैप्पीनेस की मात्रा जानने का काम जारी है। इसकी शुरूआत वर्ष 2012 में हुई थी। लगभग 150 देशों को इस रैंकिंग में शामिल किया जाता है। वैसे, व्यक्ति-व्यक्ति की प्रसन्नता के मानक अलग-अलग होते हैं। कोई सुन्दर किताब पढ़कर आनंदित होता है। कोई अपने मन का वातावरण पाकर प्रसन्न होता है। कोई झगड़ालू है। उसे कलह में सुख मिलता है। प्रसन्नता मापना आसान काम नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक सूचकांक की वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2022 आयी है। प्रसन्न और अप्रसन्न देशों की रैंकिंग बतायी गयी है। मूल्यांकन के आधार विचारणीय हैं। इसमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद एक मानक है। जीवन चुनने की स्वतंत्रता और उदारता भी मानक हैं। सामाजिक समर्थन को भी प्रसन्नता का मानक कहा गया है। इस रिपोर्ट में फिनलैण्ड पहले स्थान पर आया है। फिनलैण्ड विशाल जंगलों और सुन्दर झीलों का देश है। प्रति व्यक्ति आय, सामाजिक विश्वास, उदारता और जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने की स्वतंत्रता है। प्रसन्नता के लिए डेनमार्क दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर आइसलैण्ड है, चौथे स्थान पर स्विटजरलैण्ड और पांचवें स्थान पर नीदरलैण्ड है। अमेरिका 16वें स्थान पर है। चीन 72वॉं है। ब्रिटेन 17वॉं है। अपना भारत प्रसन्नता के इस मानक में 136वॉं है। पाकिस्तान 121वॉं है। अफगानिस्तान की रैंकिंग सबसे निचले स्थान पर है। प्रसन्नता मापने के यह मानक संयुक्त राष्ट्र के हैं। भारत में प्रसन्नता के मानक भिन्न हैं। यहां प्रसन्नता विधायी मूल्य हैं। किसी के प्रसन्न होने या न होने के मानक जीडीपी आदि से तय नहीं हो सकते। प्रसन्नता आंतरिक होती है। भारत प्राचीनकाल से ही प्रसन्न राष्ट्र रहा है। ऋग्वेद में सोमदेव से प्रसन्नता प्राप्ति की कामना हैं, ''हे सोमदेव मुझे ऐसे स्थान पर रखो जहॉं प्रचुर अन्न हो। जहाँ सदा नीरा नदियॉं हों, मुद, मोद, प्रमोद हों, मुझे वहाँ स्थान दो। जहाँ विवस्वान का पुत्र राजा है वहॉं स्थान दो।'' इसमें मुद, मोद, प्रमोद तीन शब्द आते हैं। तीनों प्रसन्नता बोधक हैं। नदियों का सुन्दर प्रवाह, प्रचुर अन्न सुन्दर राज्य व्यवस्था प्रसन्नता के घटक हैं। तैत्तरीय उपनिषद् उत्तर वैदिककाल की रचना है। ऋषि कहते हैं कि 'हम आनंद की मीमांसा करते हैं, 'मनुष्य स्वस्थ हो सदाचारी हो, सांस्कृतिक स्वभाव वाला हो। सदाचार की शिक्षा देने में समर्थ हो। शरीर रोग रहित हो। वह धन सम्पन्न हो। यह सब मनुष्य के बड़े सुख हैं।'' लेकिन ऐसे आनंद से मानव गंधर्वों का आनंद 100 गुना ज्यादा है। यह आनंद अकामहत व्यक्ति को स्वभाव से ही प्राप्त है। मनुष्य गंधर्व की अपेक्षा देवगंधर्व आनंद 100 गुना अधिक बताया गया है। अकामहत व्यक्ति को यह आनंद भी स्वाभाविक रूप से प्राप्त है।'' आगे कहते हैं देव गंधर्व आनंद से पीतरों का आनंद 100 गुना ज्यादा है। यह भी भोगों के प्रति निष्काम व्यक्ति को स्वभाव रूप से प्राप्त है। इसी तरह पितरों के आनंद से 'आजानज' नामक देवों का आनंद 100 गुना ज्यादा है। उच्च लोकों में रहने वाले हमारे पितरों के आनंद से 'आजानज' आनंद 100 गुना है। लेकिन भोगों के प्रति निष्काम अकामहत व्यक्ति को यह आनंद सहज ही प्राप्त है। आजानज आनंद से कर्मदेवानाम आनंद 100 गुना ज्यादा है। यह आनंद भी भोगों से कामना रहित को स्वाभाविक रूप से प्राप्त है। देवताओं के आनंद से 100 गुना ज्यादा इन्द्र का आनंद है। भोगों से दूर रहने वाले लोगों को यह आनंद भी स्वतः प्राप्त होता है। इसी तरह इन्द्र के आनंद से वृहस्पति का आनंद 100 गुना है। यह आनंद भी भोगों से विरक्त वेदवेत्ता को प्राप्त है। वृहस्पति के आनंद से 100 गुना ज्यादा आनंद प्रजापति का आनंद है। भोगों से विरक्त अकामहत व्यक्ति को यह आनंद भी स्वतः प्राप्त है। प्रजापति के आनंद से 100 गुना ब्रम्ह का आनंद है। यह भी भोगों से विरक्त अकामहत व्यक्ति को प्राप्त है। आनंद सबकी अभिलाषा है।

**150 देशों को रैंकिंग में शामिल किया जाता है। वैसे, व्यक्ति-व्यक्ति की प्रसन्नता के मानक अलग-अलग होते हैं। कोई सुन्दर किताब पढ़कर आनंदित होता है। कोई अपने मन का वातावरण पाकर ।**

**अध्यात्म**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# संबलपुर में सांप्रदायिक हिंसा के बाद इंटरनेट सेवाएं बंद



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार ने हनुमान जयंती शोभायात्रा के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा के मद्देनजर संबलपुर जिले में गुरुवार सुबह 10 बजे से 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाओं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बंद कर दिया है। हिंसा बुधवार शाम को हुई थी। ओडिशा के गृह विभाग ने इस आशय की एक अधिसूचना जारी करते हुए कहा, राज्य सरकार के संज्ञान में आया है कि हनुमान जयंती शोभायात्रा के अवसर पर हनुमान जयंती समन्वय समिति के सदस्यों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 12 अप्रैल शाम करीब 6 बजे मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। रैली के दौरान संबलपुर शहर में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच झड़पें हुईं। स्थिति गंभीर है और उपद्रवी संबलपुर जिले में सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से झूठे और भड़काऊ संदेश प्रसारित कर रहे हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि व्हाट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर और इस तरह के अन्य मीडिया जैसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म आदि में सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने की क्षमता है, जिससे संबलपुर जिले में सार्वजनिक व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा हो सकती है। गृह विभाग ने कहा, इसलिए, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इस तरह के भड़काऊ संदेश फैलाकर संबलपुर जिले में सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने से रोकने के लिए तथा शांति और सौहार्द्र बहाल करने के लिए गृह विभाग ने इंटरनेट/डेटा सेवाओं, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को निलंबित कर दिया है। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवरानन कुमार सिंह के नाम से जारी अधिसूचना में 13 अप्रैल 2023 को सुबह 10 बजे से अगले 48 घंटों के लिए व्हाट्सऐप, फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया सहित उपरोक्त प्रकार की इंटरनेट और डेटा सेवाओं के उपयोग और पहुंच को प्रतिबंधित करने का आदेश दिया गया है। संबलपुर कस्बे में बुधवार शाम हनुमान जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित बाइक रैली के दौरान भड़की हिंसा में 10 पुलिसकर्मियों समेत 20 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस दौरान संबलपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) और धनुपाली थाने की प्रभारी निरीक्षक (आईआईसी) गंभीर रूप से घायल हो गईं।

आईआईसी, अनीता प्रधान को तुरंत बुर्ला स्थित वीर सुरेंद्र साईं इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक धनुपाली थाना छाक से शुरू हुई बाइक रैली जब मोतीझरान छाक से होकर गुजर रही थी तो कुछ बदमाशों ने पथराव किया, जिससे दो गुटों में झड़प हो गई। हिंसा के बाद संबलपुर जिला प्रशासन ने शांति बनाए रखने के लिए संबलपुर क्षेत्र के छह थानों के पूरे अधिकार क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

## संबलपुर की घटना राज्य की कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति का उदाहरण : धर्मेन्द्र प्रधान

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने संबलपुर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाले गए मोटरसाइकिल जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर राज्य की नवीन पटनायक सरकार पर निशाना साधा है। प्रधान ने कहा कि संबलपुर की घटना राज्य में कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति का उदाहरण है। उन्होंने संबलपुर की जनता से शांति बनाये रखने की अपील की है। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने पत्रकारों से कहा कि संबलपुर की घटना के लिए राज्य सरकार का रवैया जिम्मेदार है। विशेष तौर पर पुलिस पर हमला होना शासन के निकम्मेपन को बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस हमले में पुलिसकर्मी सबसे अधिक घायल हुए हैं, लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति की बात करने पर सत्तारूढ़ पार्टी के प्रवक्ता गर्जना करते हैं मानो खराब कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए प्रदेश के साढे. चार करोड लोग जिम्मेदार हैं।

# विषाक्त भोजन से एक ही परिवार के तीन लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी। अररिया**

जोकीहाट प्रखंड के महजाली महलगांव वार्ड संख्या दस में विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के तीन लोग बीमार हो गए। तीनों बीमार लोगों को इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सक के देखरेख में तीनों बीमार लोगों का इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी गुरुवार को मिली।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, महजाली महलगांव के वार्ड संख्या दस में विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के तीन लोगों का पेट दर्द और उल्टी होने से तबियत काफी खराब हो गई। जिसके बाद तीनों को आनन फानन में सबसे पहले जोकीहाट रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन नाजुक हालत देखते हुए तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जोकीहाट रेफरल अस्पताल से अररिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में तीनों का इलाज किया जा रहा है। सदर अस्पताल में बीमार लोगों में अफसाना, आरबून निशा और दिलदार शामिल है। परिजन ने बताया कि बुधवार की दोपहर में साढ़े तीन बजे के करीब खाना खाने के बाद सभी गेहूं में तैयार फसल को कटने के लिए चले गये और खेत में ही अचानक तीनों के पेट में काफी दर्द हुआ और फिर उल्टी शुरू हो गई। जिसके बाद तीनों बेसुध होकर खेत में ही मूर्छित हो गए। परिजनों ने खेत में पड़ा देख तीनों को पहले जोकीहाट रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया और फिर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर उपरांत अररिया सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां तीनों खतरे से बाहर बताए जाते हैं। चिकित्सकों ने भोजन विषाक्त के कारण तीनों के बीमार होने की बात कही।

## NEWS इन ब्रीफ

### तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत

**विष्णुपुर।** तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत होने का मामला सामने आया है। घटना दक्षिण 24 परगना के विष्णुपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के घटी। मृतकों के नाम शुभोजीत मंडल और सौम्यजीत मिश्रा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुभोजीत और सौम्यजीत अपने दोस्तों के साथ बड़ा कचहरी के मंदिर पहुंचे। वहां से वे समूहों में बाइक से लौट रहे थे। विष्णुपुर थाना अंतर्गत बिबिरहाट के पास गुरुवार तड़के करीब चार बजे शुभोजीत की तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई। उस बाइक पर ग्यारहवीं कक्षा का छात्र सौम्यजीत (18) भी सवार था। बाकी दोस्तों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। सौम्यजीत को सरशुना के विद्यासागर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुभोजीत को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### कोलकाता में कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता के एक निजी अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव एक बुजुर्ग की गुरुवार को मौत हो गई। यह पश्चिम बंगाल में इस साल कोरोना से होने वाली दूसरी मौत है। मृतक की पहचान 76 वर्षीय भास्कर दास के रूप में हुई है। वह कोलकाता के रिजेंट पार्क इलाके के रहने वाले थे। दास कुछ ही दिन पहले उत्तर बंगाल से छुट्टियां मनाकर लौटे थे। वहां से कोलकाता लौटने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें 9 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए थे। बुधवार को पता चला कि वह कोरोना पॉजिटिव हैं। गुरुवार सुबह 11 बजे उनकी मौत हो गई। इस साल राज्य में कोरोना से पहली मौत 25 मार्च को हुई थी जब नादिया जिले के 72 साल के गोविंद कुंडू ने दम तोड़ दिया था। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 48 नए मामले सामने आए हैं।

## ओडिशा के ऊर्जा मंत्री प्रताप केशरी देब ने कहा

# इस साल बिजली कटौती नहीं होगी

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा में लू का प्रकोप जारी रहने के बीच राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रताप केशरी देब ने बुधवार को लोगों को आश्वासन दिया कि इस साल राज्य में बिजली की कोई कटौती नहीं होगी। देब ने यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा, मीडिया में बिजली कटौती की संभावना के बारे में अटकलें हैं। मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि इस साल ग्रामीण क्षेत्रों सहित ओडिशा में बिजली कटौती नहीं होगी। हालांकि, तकनीकी कारणों से बिजली की अस्थायी कटौती हो सकती है, उन्होंने कहा, लोगों की मांग के अनुसार राज्य में बिजली की आपूर्ति की जा रही है। मंत्री का बयान महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य



इस समय भीषण गर्मी की स्थिति से जूझ रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक बुलेटिन के अनुसार, बुधवार को कम से कम 14 स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक दर्ज किया गया।

झारसुगुड़ा 43 डिग्री सेल्सियस के साथ ओडिशा का सबसे गर्म स्थान रहा, इसके बाद बारीपदा का स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह, संबलपुर में अधिकतम दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बौध और तालचर में यह 41.6 डिग्री रहा।

पश्चिमी ओडिशा के बोलांगीर और टिटलागढ़ शहरों में अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री, अंगुला में 41.1 डिग्री, भद्रका में 41 डिग्री, सुंदरगढ़ में 41 डिग्री, हीराकुडा में 40.7 डिग्री, राउरकेला में 40.6 डिग्री और चांदबाली में 40.3 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में ओडिशा के कई हिस्सों में लू का अलर्ट जारी किया है।

# सुधाकर सिंह ने नीतीश को फिर दिखाया आईना



### मुख्यमंत्री नीतीश वर्तमान से भविष्य की राजनीति बदलते रहे हैं

### नीतीश बिहार में पहले यूपीए के एजेंडे पर काम करके दिखाएं

**एजेंसी। पटना**


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली में भले ही विपक्ष को एकजुट करने को लेकर विभिन्न दलों के नेताओं से मुलाकात कर रहे हों, लेकिन राजद के विधायक और पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह उन्हे आईना दिखाने से नहीं चूक रहे। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि वे कब तक यूपीए में रहेंगे, वे ही इसका उत्तर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि वे वर्तमान से भविष्य की राजनीति बदलते रहे हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यूपीए में शामिल हुए हैं, इसके लिए उन्हें बधाई है। लेकिन वे इससे पहले एनडीए का हिस्सा थे। इसलिए उन्होंने अभी तक यूपीए के एजेंडे पर कोई काम ही नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यूपीए का एजेंडा तय है। सिंह ने नीतीश कुमार को यूपीए के एजेंडे पर काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि उन्हे किसानों के हित में सोचना चाहिए। उन्हें मंडी कानून किसानों के मुद्दे आदि को लागू करना होगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि विपक्ष तो पहले से ही एकजुट है, इसमें नई बात क्या है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि ऐसे कई दल हैं जो अलग है, जिनसे सहयोग मांगा जा सकता है। राजद के नेता ने कहा कि कई राज्यों में क्षेत्रीय दल के नेता मुख्यमंत्री हैं और अपने क्षेत्र में ताकतवर हैं। उनमें भी योग्यता में कोई कमी नहीं है।

## नीतीश में पीएम मैटेरियल, वह जहां भी रहेंगे, मैं उनके साथ रहूंगा: मांझी

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली दौरे के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली में उन्होंने गुरुवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा तथा माउंटेन मैन दशरथ मांझी को भारत रत्न देने की मांग की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्षी दलों के एकजुट करने की कवायद के बीच मांझी का दिल्ली जाकर गृह मंत्री शाह से मिलने की सूचना के बाद प्रदेश की सियासत में कई तरह के कयास लगाए जाने लगे। हालांकि मांझी ने गृहमंत्री से मुलाकात के बाद इन कयासों पर विराम लगाते हुए कहा कि वे नीतीश कुमार के साथ हैं, वह जहां रहेंगे, उसी के साथ मैं भी रहूंगा। उन्होंने नीतीश की तारीफ करते हुए यहां तक कह दिया कि उनमें प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं। वह विपक्षी दलों को एकजुट करने का ईमानदार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दशरथ मांझी, जननायक कर्पूरी ठाकुर और आजाद भारत में बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण को भारत रत्न देने की भी मांग की। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि एनडीए में जाने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। वैसे, भले ही मांझी एनडीए में जाने के किसी भी संभावना से इनकार कर रहे हों, लेकिन बिहार की सियासत में इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि नीतीश के महागठबंधन के साथ जाने के पहले मांझी एनडीए में थे और उस समय भी अमित शाह गृह मंत्री थे। सवाल उठाए जा रहे हैं कि अगर दशरथ मांझी के लिए उन्हें भारत रत्न की मांग करनी थी, तो उस समय भी कर सकते थे।

# बिहार में बैंक से 12 लाख रुपये लूटे, गार्ड की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। छपरा**



बिहार के सारण जिले के सोनपुर क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार को दिनदहाड़े एक बैंक से करीब 12 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। इस दौरान सुरक्षा में तैनात 2 होमगार्ड के जवानों को गोली मार दी, जिसमे एक जवान की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सोनपुर के बरबट्टा स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अचानक पांच बदमाश घुस गए और हथियार के बल पर कैश काउंटर में रखे 12 लाख रुपए लूट लिए। बताया जाता है कि विरोध करने पर लुटेरों ने सुरक्षा में तैनात दो होमगार्ड जवानों को गोली मार दी जिसमें एक जवान की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद सारण के पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला भी घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि लुटेरे 10 से 12 लाख रुपए लूट लिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है तथा सीसीटीवी भी खंगाल रही है। बताया जाता है कि लुटेरे हैलमेट पहनकर पहुंचे थे। उल्लेखनीय है कि बुधवार को पूर्वी चंपारण के चकिया थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने आईसीआईसीआई बैंक में धावा बोलकर करीब 48 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए थे।

### नक्सलियों ने दिन दहाड़े दो टिप्पर वाहनों को किया आग के हवाले

**बीजापुर।** जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पदेड़ा के पास दिन दहाड़े बीच सड़क पर गिट्टी परिवहन कर रही दो टिप्पर वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया हैं। नक्सलियों के द्वारा दिन दहाड़े बीच सड़क पर बेखौफ आगजनी की घटना को अंजाम देकर मौके से नक्सली फरार हो गये। आगजनी में दोनों टिप्पर वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। घटना की सूचना पर पुलिस पार्टी घटना स्थल के लिए रवाना हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि, आज बस्तर जिले के जगदलपुर में प्रियंका गांधी और भूपेश की सरकार आज बड़ा कार्यक्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में प्रियंका गाँधी, सीएम भूपेश बघेल सहित छत्तीसगढ़ के सभी मंत्री और विधायक बस्तर के जगदलपुर में मौजूद है। प्रियंका गांधी जगदलपुर में भरोसे के कार्यक्रम सम्मलेन में पहुंची है। इस बड़े कार्यक्रम के बीच नक्सलियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है।

# बंगाल सरकार को करनी चाहिए पुलिसकर्मियों की भर्ती : हाईकोर्ट

**एजेंसी। कोलकाता**



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल सरकार को सलाह दी कि वह संविदा नागरिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति के बजाय पुलिस बलों में अधिक नियमित भर्ती करे। न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने कहा, राज्य में मुख्य समस्या नियमित पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की कमी है। यानी संविदा नियुक्तियों पर निर्भरता बढ़ रही है। नागरिक स्वयंसेवक नियमित पुलिस कर्मियों की भूमिका निभा रहे हैं। नियमित पुलिस कर्मियों उप-निरीक्षकों, सहायक उप-निरीक्षकों और कांस्टेबलों के रैंक की भर्ती का कोई विकल्प नहीं है। इस सिलसिले में जस्टिस मंथा ने पिछले साल छात्र नेता अनीस खान की रहस्यमयी मौत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से अनीस खान की मृत्यु की रात, दो नागरिक स्वयंसेवक उनके आवास पर गए। गौरतलब है कि पिछले साल 19 फरवरी को अनीस खान कोलकाता से सटे हावड़ा जिले के अमता में अपने आवास पर रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। उसके परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसे मार डाला। राज्य पुलिस ने अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त महानिदेशक ज्ञानवंत सिंह के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर जांच शुरू की। एसआईटी के सदस्यों ने इस सिलसिले में एक होमगार्ड और सिविक वालंटियर को भी गिरफ्तार किया है। पिछले महीने ही, कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा फटकारने पर बंगाल पुलिस निदेशालय ने पुलिस से संबंधित गतिविधियों में नागरिक स्वयंसेवकों की भूमिका को परिभाषित किया और दिशानिर्देश जारी किए। शनिवार को निदेशालय द्वारा जारी दिशा-निदेशों के तहत, नागरिक स्वयंसेवक दुर्गा पूजा, क्रिसमस और नए साल की पूर्व संध्या जैसे विशेष त्योहारों के अवसर पर यातायात प्रबंधन और अन्य संबंधित कर्तव्यों में पुलिस कर्मियों की सहायता करेंगे। अदालत का निर्देश नागरिक स्वयंसेवकों के एक वर्ग द्वारा ज्यादती की लगातार शिकायतों के बाद आया। कोलकाता पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस में 2012 में नागरिक स्वयंसेवकों का पद सृजित किया गया था। मुख्यमंत्री कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्तमान में राज्य में 1,19,916 नागरिक स्वयंसेवक हैं।

### आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में सह आरोपी वाराणसी में गिरफ्तार

**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले के मुख्य आरोपी समर सिंह को फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा पुलिस रिमांड पर भेजने के कुछ घंटे बाद वाराणसी पुलिस ने मामले के एक अन्य आरोपी संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने बताया कि संजय के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद क्राइम ब्रांच और सारनाथ पुलिस ने बुधवार देर शाम आजमगढ़ हाईवे को घेर लिया और संजय को आजमगढ़ अंडरपास से गिरफ्तार कर लिया गया। 26 मार्च को आकांक्षा का शव उसके होटल के कमरे में लटका मिलने के बाद उसकी मां मधु सिंह ने 27 मार्च को सारनाथ थाने में भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके दोस्त संजय सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इससे पहले सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सुरभि पाठक की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सारनाथ पुलिस को समर सिंह को 17 अप्रैल तक पांच दिन की रिमांड पर लेने का आदेश दिया था।

## बाबासाहेब की 132वीं जयंती | आईआईएमसी में 'विशेष व्याख्यान' का आयोजन, डॉ. जाधव बोले

# अंबेडकर के संघर्ष ने दी लाखों लोगों को उम्मीद

**नवीन मेल नेटवर्क। नई दिल्ली**

भारत के संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पुणे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. नरेन्द्र जाधव ने कहा कि अंबेडकर ने अपना जीवन विषम परिस्थितियों में व्यतीत किया और उनके संघर्ष ने लाखों लोगों को उम्मीद दी। उन्होंने कहा कि भारत को इतना व्यापक संविधान देने के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह, डीन (छात्र कल्याण) प्रो. प्रमोद कुमार सहित सभी केंद्रों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



'डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर : एक बहुआयामी प्रतिभा' विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए डॉ. जाधव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व के अनेक ऐसे पक्ष हैं, जिन पर अलग-अलग लंबी चर्चा की जा सकती है। इनमें वे एक महान अर्थशास्त्री, शिक्षाविद्, समाज सुधारक, कानूनविद्, संविधानविद्, एंथ्रोपोलॉजिस्ट, आर्थिक प्रशासक, जातिप्रथा के उन्मूलक जैसे विभिन्न रूपों में नजर आते हैं।

डॉ. जाधव के अनुसार बाबासाहेब असाधारण अर्थशास्त्री थे। उन्होंने अपनी पढ़ाई के दौरान ही अपनी थीसिस 'एडमिनिस्ट्रेशन एंड फाइनेंस ऑफ ईस्ट इंडिया कंपनी' में लिखा था कि किस प्रकार ब्रिटिश सरकार की नीतियां भारत के आम लोगों के हितों को नुकसान पहुंचा रही हैं। श्री जाधव ने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक-राजनीतिक व्यस्तताओं के बावजूद 22 पुस्तकें लिखीं, जो भारतीय अर्थनीति, मुद्रानीति, वित्तीय मामलों आदि के संदर्भ में महत्वपूर्ण नीतिनिर्धारक सुझाव देती हैं। डॉ. जाधव ने बताया कि बाबासाहेब ने एक समाज सुधारक के रूप में भी बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए। 1923 में भारत वापस आने के बाद, अगले साल उन्होंने 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' का गठन किया और समाज में समता लाने के लिए अथक प्रयास किए। वह 'समरसता' से अधिक 'समानता' पर जोर देते थे।

इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी ने बाबासाहेब के एक पत्रकार के रूप में समाज के लिए किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने 'मूकनायक', 'बहिष्कृत भारत' और 'प्रबुद्ध नायक' जैसे प्रकाशनों के माध्यम से एक ऐसी सामाजिक चेतना जगाई, जो अपने आप में एक मिसाल है। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि जिस प्रकार के समाज की कल्पना डॉ. अंबेडकर ने सौ साल पहले की थी, उसे साकार करना मीडिया का दायित्व है। अगर हम इस चुनौती को स्वीकार करेंगे, तभी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के स्वप्न को यथार्थ में बदल सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन आईआईएमसी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन कौंडल ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अमरावती परिसर में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनोद निताले ने दिया।

## देवी दर्शन / सियासी यात्रा



मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर प्रियंका गांधी ने माता के दर्शन किए।



बघेल-प्रियंका ने पं. नेहरू की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# नीरज चोपड़ा दोहा में डायमंड लीग खिताब का बचाव करने उतरेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मौजूदा ओलम्पिक चैंपियन और विश्व रजत विजेता नीरज चोपड़ा पांच मई को दोहा मीट में अपने डायमंड लीग खिताब का बचाव करने उतरेंगे। चोट के कारण चोपड़ा 2022 दोहा मीट में नहीं उतरे थे जहाँ ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन पीटर्स ने इतिहास में पांचवीं सबसे लम्बी थ्रो 93.07 मीटर फेंकी थी।

मौजूदा भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ने पिछले वर्ष स्टॉकहोम में 89.94 मीटर की थ्रो के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ में दो मीटर का सुधार किया था और 2022 वांडा डायमंड लीग चैंपियन बने थे। वह यह प्रतिष्ठित इवेंट जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने थे।

दोहा में नीरज के साथ भाला फेंक स्पर्धा के खिताब के दावेदारों में विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा) और टोक्यो 2021 के रजत विजेता जाकोब वडलेच (चेक गणराज्य) भी रहेंगे।


इन तीन स्टार एथलीटों के साथ यूरोपियन चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, पूर्व ओलंपिक चैंपियन त्रिनिदाद एन्ड टोबेगो के केशोर्न वालकोट और रियो ओलम्पिक के रजत विजेता केन्या के जूलियस येगो भी रहेंगे।

चोपड़ा के लिए टोक्यो 2020 की कामयाबी के बाद पिछला वर्ष काफी सफल रहा था। उन्होंने ओरेगॉन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और फिर डायमंड लीग खिताब जीता था।

# एशियाई खेलों के लिए टीम में जगह बनाने पर है ध्यान : सिमरनजीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के आक्रामक मिडफील्डर सिमरनजीत सिंह ने अगस्त 2021 में टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक मैच में जर्मनी के खिलाफ दो गोल कर भारतीय टीम को 5-4 से मिली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सबसे बड़े मंच पर अपनी ताकत साबित की। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 41 साल बाद पुरुष हॉकी में ओलिंपिक खेलों में कोई पदक जीता। हालांकि इसके बाद सिमरनजीत के लिए जीवन पहले जैसा नहीं था क्योंकि उन्हें कई चोटें लगी और वह जकार्ता में हीरो एशिया कप और एफआईएच ओडिशा हॉकी मेन्स वर्ल्ड कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला सहित कुछ प्रमुख टूर्नामेंटों में हिस्सा नहीं ले सके। हालांकि वह एशिया कप में टीम का हिस्सा थे लेकिन चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच खेलने के बाद बीच में ही स्वदेश लौट आए।




हालांकि, 26 वर्षीय सिमरनजीत ने अपनी वापसी की दिशा में अपना पहला कदम उठा लिया है क्योंकि उन्हें हॉकी इंडिया नेशनल कोचिंग कैंप के लिए 39-सदस्यीय भारतीय पुरुष कोर ग्रुप में नामित किया गया था, जो 1 अप्रैल को साई बेंगलुरु में शुरू हुआ था।

टीम की यूरोप यात्रा से पहले 21 मई को शिविर का समापन होगा, जहां वे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-2023 के शेष सत्र में बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से भिड़ेंगे।

सिमरनजीत ने कहा, काफी समय तक चोटों से जूझने के बाद नेशनल कोचिंग कैंप में वापसी कर मैं बहुत खुश हूं।

सिमरनजीत ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने मुश्किल दौर से निकलने और वापसी करने के लिए ब्राजील के ऐस नेमार जूनियर से प्रेरणा ली। उन्होंने कहा, खेल में खिलाड़ियों को किसी भी समय चोट लग सकती है लेकिन यह उन पर निर्भर करता है कि वे इससे कैसे निपटते हैं और वापसी करते हैं। मेरे लिए, नेमार ने एक प्रेरणा के रूप में काम किया क्योंकि कई बार चोटिल होने के बावजूद, ब्राजील के फुटबॉलर ने हमेशा मजबूत वापसी की है। इसी तरह, मैंने भी पूरी फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया, वापसी करने के लिए सभी जरूरी चीजें कीं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैंने कभी हार नहीं मानी।

## NEWS इन ब्रीफ

### यूईएफए को यूरो 2028-2032 के लिए तीन बोलियां मिलीं

**जेनेवा।** यूईएफए ने घोषणा की कि उसे 2028 और 2032 यूरोपीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए ब्रिटेन, तुर्की और इटली से तीन बोलियां प्राप्त हुई हैं। यूईएफए ने बुधवार को कहा, इनमें ब्रिटेन और आयरलैंड की संयुक्त बोली शामिल है, जिसका प्रतिनिधित्व इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के फुटबॉल संघ यूरो 2028 के लिए बोली लगाने के लिए करते हैं। उधर तुर्की यूरो 2028 या 2032 के लिए बोली लगाना चाहता है। सिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इतालवी फुटबॉल महासंघ ने यूरो 2032 के लिए डोजियर जमा कर दिया है।

# गुजरात की शानदार गेंदबाजी पर पंजाब ने बनाए 153 रन

**एजेंसी। पंजाब**

आईपीएल 2023 का 18वां मैच पंजाब किंग्स और गुजरात टाइट्ंस के बीच मोहाली के पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आईएस बिंद्रा स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में गुजरात ने टॉस जीतकर पंजाब को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया है। पंजाब ने पहले बल्लेबाज करते हुए 154 रनों का लक्ष्य रखा है। पंजाब की ओर से ओपनिंग करने आए प्रभसिमरन सिंह बिना खाता खोले ही प्वेलियन लौट गए, जबकि कप्तान शिखर धवन 8 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद मैथ्यू शॉर्ट ने पारी को रफ्तार दी,लेकिन वह भी 36 रन बनाकर चलते बने। भानुका राजपक्षे ने 20 और जितेश शर्मा ने 25 रनों का योगदान दिया। अंत में जितेश शर्मा और सैम करन ने पारी को संभाला, लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए। जितेश ने 25 और करन 22 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद शाहरुख खान ने 9 गेंदों में 22 रनों की तूफानी पारी खेली। वहीं आखिर में हरप्रीत बराड़ ने नाबाद 8 रन बनाए, जबकि ऋषि धवन 1 रन बनाकर चलते बने। गुजरात की ओर से मोहित शर्मा ने सर्वश्रेष्ठ 2 विकेट चटकाए, जबकि अन्य चार गेंदबाजों ने 1-1 विकेट हासिल की।



**यौन उत्पीड़न मामला: नहीं मिले हैं सुबूत**

# बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ नहीं हो सका आरोप साबित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के शीर्ष पहलवानों द्वारा शोषण के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। सूत्रों ने यह संकेत दिए हैं। एक अभूतपूर्व कदम में विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे शीर्ष पहलवानों ने जनवरी में दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था और डब्ल्यूएफआई प्रमुख पर यौन शोषण और डराने-धमकाने के आरोप लगाए थे। पहलवानों ने मांग की थी कि



डब्ल्यूएफआई को भंग कर दिया जाए और अध्यक्ष को हटा दिया जाए। खेल मंत्रालय ने 23 जनवरी को महान मुक्केबाज एमसी मेरीकोम की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया था और उसे एक महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा था। बाद में समय सीमा दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई और प्रदर्शनकारी पहलवानों के आग्रह पर बबीता फोगाट को जांच पैनल में छठे सदस्य के रूप में शामिल किया गया। समिति ने अप्रैल के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी लेकिन मंत्रालय ने अभी तक इसके निष्कर्षों को सार्वजनिक नहीं किया है। हालांकि कई सूत्रों ने पुष्टि की कि पहलवान कई सुनवाई के बाद डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को साबित नहीं कर सके।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा के द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल, 2023 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" अर्थात "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता" रखा गया है।

अग्निकांड एक भयावह प्राकृतिक आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है एवं इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जन सेवा में अपने प्राणों की आहुति देनेवाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार!

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2023 तक पूरे राज्य में "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।


मेरी आम जनता से अपील है कि आग की विभीषिका के प्रति वे सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Awareness in Fire Safety for Growth of National Infrastructure (AGNI)" "राष्ट्रीय अवसंरचना के विकास के लिए अग्नि सुरक्षा में जागरूकता" रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परतापूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार!


PR No. 295105 (Jharkhand Fire Service) 2023-24

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार



# भारत में 11 अरब डॉलर के पार पहुंचा मोबाइल फोन निर्यात

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत से मोबाइल फोन का निर्यात 11.12 अरब डॉलर के करीब पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि देश मोबाइल उपकरण के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने की ओर अग्रसर है। उद्योग संगठन इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईओ) के आंकड़ों और सूत्रों के आकलन के अनुसार, कुल निर्यात में आधी हिस्सेदारी आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल की है। वैष्णव ने कहा, ह्यह्यस्मार्टफोन का निर्यात दोगुना होकर 11 अरब डॉलर से अधिक हो गया है और इसके साथ भारत दुनिया के मोबाइल उपकरण बाजार में नेतृत्व करने और भारत के इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में बड़ी भूमिका निभाने की दिशा में बढ़ रहा है। यह प्रधानमंत्री मोदीजी के ह्यमेक इन इंडियाह्व कार्यक्रम की बड़ी सफलता है।ह्वह्वआईसीईओ ने कहा कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 45,000 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2022-



23 में दोगुना 90,000 करोड़ रुपये (लगभग 11.12 अरब डॉलर) को पार कर गया। संगठन के चेयरमैन पंकज महेंद्रू ने कहा, कोई भी अर्थव्यवस्था या क्षेत्र बड़ी मात्रा में निर्यात के बिना जीवंत वैश्विक अर्थव्यवस्था या क्षेत्र नहीं बन सकता। मोबाइल फोन निर्यात यात्रा जारी है। मोबाइल फोन निर्यात में 100 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2022-23 में आंकड़ा 90,000 करोड़ रुपये को पार कर चुका है। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात भी 58 प्रतिशत बढ़कर 1,85,000 करोड़ रुपये हो गया है। यह अत्यंत संतोष की बात है कि हमने वर्ष के लिए 75,000 करोड़ रुपये के लक्षित आंकड़े को पार कर लिया है। सरकार ने देश से 10 अरब डॉलर के मोबाइल फोन के निर्यात का लक्ष्य तय किया है।औद्योगिक सूत्रों के अनुसार, अनुमान है कि एप्पल की 5.5 अरब डॉलर (लगभग 45,000 करोड़ रुपये) के ह्यमेड इन इंडियाह्व आईफोन के निर्यात के साथ कुल निर्यात में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सूत्रों ने अनुमान लगाया कि सैमसंग फोन की 36,000 करोड़ रुपये के फोन के निर्यात के साथ लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## पहली तिमाही में
# 150 से अधिक एआई चैटबॉट ऐप लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**
चैटजीपीटी की सफलता के बाद, गूगल और एप्पल ऐप स्टोर पर 'ए आई चैटबॉट' या 'एआई चैट' शब्द वाले ऐप की इस साल पहली तिमाही में 1,480 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई है। एनालिटिक्स फर्म एपटॉपिया के मुताबिक, इस साल (मार्च तक) ऐसे 158 ऐप स्टोर पर आ चुके हैं। पहली तिमाही में एआई चैटबॉट ऐप्स के डाउनलोड में 1,506 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इन-ऐप खरीदारी (आईएपी) राजस्व में साल-दर-साल 4,184 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एडम ब्लैकर, वीपी, इनसाइट्स इन ऐप्टोपिया ने कहा, ओपनएआई के चैटजीपीटी उत्पाद के सार्वजनिक लॉन्च ने मोबाइल ऐप के दायरे सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस गोल्ड रश पैदा की है। शीर्ष 10 एआई चैटबॉट ऐप सभी एआई चैटबॉट ऐप डाउनलोड के 52 प्रतिशत और 2023 की पहली तिमाही में उनके आईएपी राजस्व के 72 प्रतिशत थे।




ब्लैकर ने सूचित किया, इनमें से अधिकांश ऐप्स की तरह जिनी, ऐप के उपयोग को कम करने के लिए उपयोगकताओं को चार्ज कर राजस्व उत्पन्न करता है। जिनी 2023 में अब तक का दूसरा सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला और दूसरा सबसे अधिक राजस्व देने वाला एआई चैटबॉट ऐप है। इनमें से अधिकतर ऐप्स स्वतंत्र डेवलपर्स द्वारा बनाए गए हैं और अंततः उनकी मार्केटिंग पॉवर के कारण माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसे बड़े ब्रांडों को भी पार करने की संभावना है।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**
शेयर बाजार में आज यानी गुरुवार (13 अप्रैल) को तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 38 अंक की बढ़त के साथ 60,431 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 15 अंकों की तेजी रही। यह 17,828 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयरों में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिली। लगातार 9वें दिन शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ है। आज अडाणी ग्रुप के 10 शेयरों में से 6 में गिरावट और 4 में तेजी देखने को मिली। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.20% चढ़ा। एनडीटीवी के शेयर में 2% की तेजी रही। एसीसी और अडाणी पोर्ट्स में भी तेजी देखने को मिली। अडाणी टोटल गैस के शेयर में 2% से ज्यादा की गिरावट रही। अंबुजा सीमेंट, अडाणी ट्रांसमिशन, विल्मर, पावर और ग्रीन एनर्जी के शेयरों में भी गिरावट देखने को मिली। इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी लाइफ, आयशर मोटर्स, अपोलो हॉस्पिटल, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, ब्रिटानिया और कोटक बैंक समेत निफ्टी-50 के 29 शेयरों में तेजी रही। वहीं इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एनटीपीसी, टीसीएस, बीपीसीएल, विप्रो, डिविस लैब और सन फार्मा समेत निफ्टी के 20 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। वहीं एक शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ। ठरए के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 8 में तेजी और 3 में गिरावट देखने को मिली। पीएसयू बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.45% की तेजी रही।

# 19 अप्रैल को आएगी एमजी की सस्ती इलेक्ट्रिक कार


**एजेंसी। नई दिल्ली**
ब्रिटिश कार मैकर कंपनी मॉरिस गैरेज मोटर इंडिया ने अपनी दूसरी इलेक्ट्रिक कार कॉमेट की लॉन्चिंग डेट का एलान कर दिया है। कंपनी इसे 19 अप्रैल को भारत में लॉन्च करेगी। ये एमजी की सबसे छोटी और एंट्री लेवल इलेक्ट्रिक कार होगी। कंपनी ने 2 मार्च को अपकमिंग स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार का नाम अनाउंस किया था। इस छोटी ईवी का नाम 'कॉमेट एश' होगा। ये कार टाटा टियागो एश से होगा। इसके बाद से कार के बारे में कंपनी



अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल से लगातार अपडेट दे रही है। कुछ दिन पहले इंटीरियर को अनवील किया था और अब डेशबोर्ड की फुल इमेज और सीट अपहोल्सट्री को टीज किया है। हालांकि एमजी ने इस कार के डिजाइन और फीचर्स को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। माना जा रहा है कि भारतीय बाजार में लंबे समय से चल रही इलेक्ट्रिक कार की टेस्टिंग वाला मॉडल हो सकता है। नया टीजर हमें कार के इंटरटेनमेंट सिस्टम की जानकारी देता है। एमजी मोटर इसे 'इंटेलिजेंट टेक डैशबोर्ड' कह रही है। कार में इंटीग्रेटेड फ्लोटिंग वाइड स्क्रीन मिलती है, जिसमें 10.25 इंच की हेड यूनिट और 10.25 इंच का डिजिटल क्लस्टर शामिल है।

# गूगल ने किया एंड्रॉइड 14 का पहला सार्वजनिक बीटा जारी

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
गूगल ने एंड्रॉइड 14 का पहला सार्वजनिक बीटा सिस्टम नेविगेशन, गोपनीयता, प्रदर्शन और उपयोगकर्ता अनुकूलन दोनों डेवलपर्स और शुरूआती एडोप्टर्स के लिए नए फीचर्स के साथ जारी किया है। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, ₹आज हम एंड्रॉइड 14 का पहला बीटा जारी कर रहे हैं, जो टैबलेट, फोल्डेबल और अन्य पर बड़ी स्क्रीन डिवाइस के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए गोपनीयता, सुरक्षा, प्रदर्शन, डेवलपर उत्पादकता और उपयोगकर्ता अनुकूलन के हमारे मुख्य विषयों के आसपास निर्माण कर रहा है।₹ फीचर्स के बीच, आपके ऐप के साथ इंटरैक्ट करते समय बैक जेस्चर समझ और प्राइवेसी को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए जेस्चर नेविगेशन के तहत एक नया बैक एरो अपडेट किया गया है। बैक ऐरो उपयोगकर्ता के वॉलपेपर या डिवाइस थीम के साथ काम करता है। एंड्रॉइड 14 एक नई सिस्टम शेयर शीट भी पेश करता है, वह पेज जो तब खुलता है जब आप कंटेंट साझा करने के लिए टैप करते हैं, डेवलपर्स को कस्टम ऐप-विशिष्ट क्रियाओं को शेयर मेनू के शीर्ष पर जोड़ने की अनुमति देता है। गूगल इसे एंड्रॉइड शेयर शीट्स की तुलना में एक 'बेहतर' अनुभव के रूप में वर्णित करता है जो हमेशा लक्ष्य को वर्णानुक्रम में क्रमबद्ध करता है। कंपनी ने उल्लेख




किया कि इसके अलावा, नई शेयर शीट यह निर्धारित करने के लिए अधिक ऐप सिग्नल का उपयोग करती है कि प्रत्यक्ष शेयर लक्ष्यों को कैसे रैंक करना चाहिए। एंड्रॉइड 14 बीटा में नए ग्राफिकल फीचर भी शामिल हैं, जैसे कि मॉर्फि ग प्रभाव और उन्नत भाषा सेटिंग्स, जो स्वचालित रूप से एप्लिकेशन को भाषा प्राथमिकताएं प्रदान करते हैं। विकलांग उपयोगकताओं की सहायता करने का दावा करने वाली सेवाओं तक पहुंचने के लिए ऐप्स को संवेदनशील डेटा की ध्श्यता को सीमित करने की अनुमति देकर प्राइवेसी में भी सुधार किया जाता है।

# सोने-चांदी हुआ महंगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
चांदी की फिर चांदी हो गई है। बुधवार को पहली बार इसका भाव 75,365 रु./किलो तक पहुंचा। हालांकि, यह 74,940 रु. पर बंद हुई। इससे पहले 7 अगस्त 20 को कीमतें 75,013 रु. तक पहुंची थीं, यानी 977 दिन बाद चांदी फिर 75 हजारी हुई थी। इससे पहले 5 अप्रैल 23 को सोना भी 60,781 रु./दस ग्राम का रिकॉर्ड स्तर छू चुका है। इस साल अब तक चांदी 6,591 रु./किलो और सोना 5,450 रु./दस ग्राम तक महंगा हो चुका है। अप्रैल के पिछले 10 दिनों (3-12 अप्रैल) में चांदी 3,240 रु./किलो और सोना 898 रु./दस ग्राम तक उछला है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, बुधवार को सोना 60,613 रु. पर बंद हुआ। देशभर के 14 सेंटरों से सोने-चांदी का करंट रेट लेकर उसके औसत के आधार पर भाव



निकाले गए हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया का अनुमान है कि इस साल चांदी 90 हजार रु./किलो तक जा सकती है। इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ने और सोने की कीमतें ज्यादा होने से भी चांदी की कीमतों में उछाल आ रहा है। सिल्वर एळऋआने से चांदी में निवेश के विकल्प बढ़ने का भी असर। खाने-पीने की चीजों के दाम घटने से मार्च में खुदरा महंगाई दर 5.66% पर आ गई।

## विदेश

### माउंट एवरेस्ट चढ़ने के लिए
# नेपाल ने 47 देशों के 243 पर्वतारोहियों को दी अनुमति



**एजेंसी। काठमांडू**
नेपाल में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए 47 देशों के 243 पर्वतारोहियों को अनुमति दी गई है, जिनमें 41 महिलाएं भी हैं। इस सीजन में एवरेस्ट सहित नेपाल के 21 पहाड़ों पर चढ़ने की अनुमति मांगी गई थी। सभी पर्वतारोही पहाड़ पर चढ़ने के लिए नेपाल आए हैं। वे पहाड़ चढ़ने से पहले अभी अभ्यास कर रहे हैं। पर्यटन विभाग ने एक बयान में बताया कि 10 अप्रैल तक जिन लोगों को अनुमति दी है, उनमें सबसे अधिक 51 लोग अमेरिका से हैं। दूसरे स्थान पर चीन के 31 लोग और तीसरे स्थान पर भारत के 25 लोग हैं। नेपाल के 11 लोगों को मिली अनुमति है। विभाग के मुताबिक इस साल 559 लोगों को नेपाल में विभिन्न पहाड़ों पर चढ़ने की अनुमति मिली है, जिनमें से 446 पुरुष और 113 महिलाएं हैं। नेपाल ने पर्वतारोहण परमिट के जरिए करीब 29 लाख डॉलर की कमाई की है।

# उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया : दक्षिण कोरिया

**एजेंसी। सोल**
दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने गुरुवार को तनाव बढ़ाते हुए पूर्वी सागर की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जबकि वह दोनों देश के बीच होने वाली दैनिक फोन कॉल का पिछले कुछ दिनों से जवाब नहीं दे रहा है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि प्योंगयांग के आसपास के क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 7.23 बजे लॉन्च का पता चला। मिसाइल को लॉफ्टेड एंगल पर छोड़ा गया था और पानी में गिरने से पहले इसने करीब 1,000 किमी की दूरी तय की। जेसीएस ने कहा, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के खुफिया अधिकारी इसके विस्तृत विवरणों का व्यापक विश्लेषण कर रहे हैं। सोल के एक अधिकारी ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने एक नई मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया है। सहयोगी देश अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) समेत विभिन्न संभावनाओं की जांच कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) ने उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण की जोरदार निंदा की, जबकि अमेरिकी एनएससी ने प्रक्षेपण को आईसीबीएम परीक्षण करार दिया है। सोल के अधिकारियों ने कहा कि नवीनतम लॉन्च का आंशिक उद्देश्य उत्तर कोरिया के राष्ट्रीय संस्थापक और वर्तमान नेता के दादा स्वर्गीय किम इल-सुंग की शनिवार को होने वाली 111वीं जयंती से पहले परमाणु बल का प्रदर्शन और आंशिक उद्देश्य दक्षिण कोरिया और वाशिंगटन के निरोध के प्रयासों का विरोध भी हो सकता है।



# पाकिस्तान में 180 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एंटी-नारकोटिक्स फोर्स (एएनएफ) ने कहा है कि उसने अभियान चलाकर 180 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त की और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। बुधवार को एक बयान में कहा गया कि हेरोइन, हशीश, अफीम और मेथम्फेटामाइन दवाओं के जखीरे को जब्त किया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के हवाले से बयान में कहा गया है कि एक खुफिया एजेंसी द्वारा समर्थित एएनएफ टीम ने दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत की प्रांतीय राजधानी क्वेटा के कुचलक रोड इलाके में छापा मारा और एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए 110.8 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। राष्ट्रीय राजधानी इस्लामाबाद में एक अन्य अभियान में एएनएफ ने दो संदिग्धों के कब्जे से 36 किलो हशीश बरामद किया। एएनएफ के बयान में कहा गया है कि नशीले पदार्थों को एक वाहन के कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस सिलेंडर में छुपाया गया था।

## पेज एक के शेष

### मिट्टी में मिले...

मार गिराए गए। असद के दाहिने हाथ में ब्रटिश रिवॉल्वर ब्रिटिश बुलडॉग 455 बैरल था। उधर, प्रयागराज में एक अदालत ने अतीक अहमद को 7 जबकि उसके भाई अशरफ अहमद को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजने का हुक्म सुनाया। कोर्ट में पेशी के वक्त जब अतीक को पता चला कि उसका बेटा असद और शूटर गुलाम मुठभेड़ में मारे गए हैं तब वह वहीं दहाड़े मार-मार कर रोने लगा। बाद में जब उसे जेल लाया जा रहा था तब उसने मीडिया से कहा कि उसके बेटे की जान उसकी ही वजह से गई। उसने अपने वकीलों से कहा है कि जब भी असद की मिट्टी (दफनाने की रस्म) हो, वह उसमें शामिल होना चाहता है। हालांकि, देर रात अदालती आदेश के बाद वह मिट्टी में शामिल नहीं हो सकेगा। इस बीच, यूपी एसटीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक अमिताभ यश ने कहा है कि बीते 45 दिनों से पूरी एसटीएफ इन्हें खोज रही थी। इनके पास समर्पण करने का पूरा मौका था। इन्होंने समर्पण नहीं कर एसटीएफ पर फायरिंग की जिसके जवाब में एसटीएफ ने दोनों को मार गिराया। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कर दिया गया है।

उधर, यह भी खबर आई है कि अतीक अहमद उन हथियारों को खरीदता था, जो पाकिस्तान अपने ड्रोन से पंजाब के इलाकों में गिराता था। यह जानकारी एसटीएफ ने रिमांड में लेने के लिए पेश अपने आवेदन में दी है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह और ओपी सिंह ने मुठभेड़ को सर्वथा उचित बताया है, तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती और एआईएमआईएम के सदर असदद्दुदीन ओवैसी ने इस मुठभेड़ पर सवाल खड़े किये हैं। ऐसी भी खबरें चल रही थीं कि एसटीएफ ने गुड्डू बमबाज को घेर लिया है। हालांकि, इसकी पुष्टि एसटीएफ ने नहीं की। इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से चालीस राउंड फायरिंग हुई है। गौरतलब है कि इन दोनों इनामी बदमाशों ने बीती 24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके दो सरकारी गनर की प्रयागराज में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। एक अधिवक्ता भी मारा गया था। तभी से ये दोनों फरार चल रहे थे।

सपाध्यक्ष अखिलेश ने कहा : भाजपाई न्यायालय में विश्वास ही नहीं करते हैं। आज के और हालिया एनकाउंटरों की भी गहन जांच-पड़ताल हो और दोषियों को छोड़ा न जाए। सही-गलत के फैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता है। भाजपा भाईचारे के खिलाफ है।

### क्या हुआ बरामद...

पूछताछ कर रही है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, एक हजार से अधिक डीड बरामद किए गए हैं। यह डीड किनके नाम पर है, वहीं हिंदपीढ़ी में अजहर खान के यहां से छापेमारी के दौरान कोलकाता के रजिस्टार आफ एस्योरेंस, एडिशनल रजिस्ट्रार आफ एस्योरेंस कोलकाता के स्टांप व पेपर मिले हैं। ईडी यह पड़ताल कर रही है कि कोलकाता के स्टांप व पेपर का क्या इस्तेमाल किया जाना था।

### सरकार का विरोध...

पाल और उन दो वीर पुलिस के जवानों के परिवारों की चिंता नहीं है जिन्हें अकारण ही अपनी जान गंवानी पड़ी। सरकार के विरोधी दल बताएंगे कि क्या यही न्याय है? जनता आज सवाल पूछ रही है कि अपराधियों के प्रति राजनीतिक दलों में सहानुभूति क्यों? क्या माफिया/अपराधी कानून को मानते हैं? अपराधियों का कैसा मानवाधिकार? न्याय उमेश पाल के परिजनों को मिलना चाहिए या अतीक और उसके परिजनों को? यूपी के मुखिया आज जिस तरह सूबे को अपराधमुक्त करने में लगे हैं, ऐसा इतिहास में कभी नहीं देखा गया। सीएम योगी के इस मॉडल की चर्चा और मांग सिर्फ भारत के दूसरे राज्यों में ही नहीं बल्कि विदेशों तक में हो रही है। ऐसे में यूपी की 25 करोड़ जनता का फर्ज बनता है कि यदि वह अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना चाहती है तो पुलिस और सरकार के साथ खड़ी हो और उनका हौसला बढ़ाये। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर तो ऐसा बहुत ही जरूरी है। नीचे गिरती राजनीति को अब जनता ही जागरुक होकर बचा सकती है।

## आशंका
### अमेरिका-जापान की 70 प्रतिशत फ्लाइट्स पर होगा असर
# ताइवान का उत्तरी एयर स्पेस बंद करेगा चीन

**एजेंसी। ताइवान**
चीन ने नॉर्थ ताइवान के एक खास हिस्से में 16 से 18 अप्रैल के बीच एयर स्पेस बंद रखने का फैसला कर लिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक- इस दौरान इस हिस्से में सिविलियन फ्लाइट्स ऑपरेट नहीं कर सकेंगी। एक ताइवानी अफसर के मुताबिक- फ्लाइट बैन से इस इलाके का करीब 70% एयर ट्रैफिक डिस्टर्ब होगा। इसका असर साउथ कोरिया, जापान और नॉर्थ अमेरिका जाने वाली फ्लाइट्स पर पड़ेगा। खास बात यह है कि इतने बड़े मामले के बावजूद अब तक चीन और ताइवान ने ऑफिशियली कोई कमेंट नहीं किया है। पिछले दिनों चीन के 172 फाइटर जेट्स ने इसी इलाके में मिलिट्री ड्रिल की थी। इसके बाद अमेरिका और साउथ कोरिया ने भी ड्रिल की। इसमें ताइवान की एयरफोर्स के कमांडोज को खासतौर पर शामिल किया गया था। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आशंका जताई गई है कि चीन दबाव डालने के लिए ताइवान के खिलाफ कोई छोटा ऑपरेशन कर सकता है। दूसरी तरफ, ताइवान के आर्मी चीफ पिछले हफ्ते ही कह चुके हैं कि चीन की किसी भी हरकत पर उसे जबरदस्त सरप्राइज मिलेगा।चीन कई महीनों से ताइवान के एयर और मरीन स्पेस में घुसपैठ कर रहा है। इसके बावजूद ताइवान ने कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि, उसके पास जवाब देने के तमाम इक्युपमेंट्स और फाइटर जेट्स मौजूद हैं। रॉयटर्स से बातचीत में चीन के कुछ अफसरों ने माना कि कुछ होने वाला है, लेकिन इससे ज्यादा कुछ बताना फिलहाल ठीक नहीं होगा। इसके दो मायने हो सकते हैं। पहला- हमेशा की तरह चीन की कोशिश ताइवान पर दबाव बनाने की हो सकती है। दूसरी- हो सकता है चीन की आर्मी और खासतौर पर ये देखना चाहती हो कि ताइवान किसी छोटे हमले या ऑपरेशन का जवाब किस तरह देता है। चीन इस बात से सख्त नाराज है कि ताइवान की प्रेसिडेंट साइ इंग विन अमेरिका क्यों गईं और वहां पार्लियामेंट स्पीकर केविन मैक्कार्थी से करीब 2 घंटे की मुलाकात क्यों की। करीब एक साल से अमेरिकी नेवी के एयरक्राफ्ट कैरियर और वॉरशिप इस इलाके में तैनात हैं। चीन ने पहली बार पिछले हफ्ते अपना एक वॉरशिप यहां भेजा था। वो महज 24 घंटे में लौट गया। ताइवान के पास अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम तैनात है। इसके अलावा उसके पास एफ-16 और टाईकून जैसे जबरदस्त फाइटर जेट्स की पूरी फ्लीट यानी बेड़ा है। पिछले साल अगस्त में



अमेरिका की तब की हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी ताइवान के दौरे पर गईं थीं। तब चीन ने उनके एयरक्राफ्ट को उड़ाने की धमकी दी थी। हालांकि, वो कुछ नहीं कर पाया। 1940 के दशक में जब चीन का शासन कम्युनिस्ट पार्टी के हाथ में आया तो बचे हुए राष्ट्रवादी देश छोड़ ताइवान द्वीप पर जा बसे थे। इन राष्ट्रवादियों ने ताइवान में लोकतांत्रिक शासन लागू किया था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### पालघर : साधुओं की हत्या मामले की सीबीआई जांच कराएगी शिंदे सरकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के पालघर में दो साधुओं और उनके ड्राइवर की हत्या के मामले पर सुनवाई दो हफ्ते टाल दी है। महाराष्ट्र सरकार के वकील ने कहा कि शिंदे सरकार इस मामले की जांच सीबीआई को देने को तैयार है। निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही है। 2020 की इस घटना की जांच सीबीआई को देने का उद्धव ठाकरे सरकार ने विरोध किया था। 29 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सीबीआई जांच की इजाजत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को इस मामले में हलफनामा दाखिल करने को कहा।

### श्रीलंका से नावों को लाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप चाहते हैं मछुआरे



**चेन्नई।** तमिलनाडु में पुडुकोट्टई और रामनाथपुरम और पुडुचेरी में कराईकल के मछुआरों ने श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए अपने मछली पकड़ने वाले जहाजों को वापस लाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की मांग की है। मछुआरों ने शिकायत की कि श्रीलंकाई नौसेना और तटीय अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को पार करने के आरोप में करोड़ों रुपये के 50 से अधिक जहाजों को जब्त कर लिया है।

### ईडी और सीबीआई महज कठपुतली हैं : केटीआर

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मूकदर्शक और महज कठपुतली बन गए हैं। केटीआर ने यह आशंका भी जताई कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को भ्रष्टाचार पर खुलासे के लिए गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने आरएसएस नेता राम माधव के खिलाफ सत्यपाल मलिक के कथित आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, देश उत्सुकता से देख रहा है कि ईडी और सीबीआई मूक दर्शक और मात्र कठपुतली बन गए हैं। मुझे लगता है कि वे अब खुलासे के लिए पूर्व राज्यपाल सत्यपाल जी को गिरफ्तार करेंगे।

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

# 'ईसाई खतरे में हैं' का दावा झूठ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आठ राज्यों से रिकॉर्ड डेटा पेश किया है। इसमें दावा किया गया है कि देश भर में ईसाइयों पर बढ़ते हमलों का आरोप लगाने वाली याचिका याचिकाकर्ताओं द्वारा एक झूठी तस्वीर पेश करने का प्रयास है। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और छत्तीसगढ़ सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कोलिन गोंजाल्विस के तर्कों का विरोध किया। गोंजाल्विस ने कहा कि यह गिरफ्तारी का सवाल नहीं है। केंद्र के अनुसार, बिहार में याचिकाकर्ताओं ने 38 घटनाओं (ईसाइयों पर हमले) का दावा किया, हालांकि राज्य सरकार ने 15 घटनाओं की सूचना दी। इनमें से पांच मामलों को दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया, 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और दो मामलों में चार्जशीट दायर की गई। छत्तीसगढ़ में याचिकाकर्ताओं द्वारा 119 घटनाओं का दावा किया गया था, हालांकि राज्य सरकार ने 36 घटनाओं की सूचना दी और 12 घटनाओं में पारिवारिक विवाद था, जिन्हें सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया गया और 64 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और 13 मामलों में आरोप पत्र दायर किया गया।

उत्तर प्रदेश में याचिकाकर्ताओं द्वारा 150 घटनाओं का दावा किया गया था, लेकिन राज्य सरकार द्वारा 70 घटनाओं की सूचना दी गई थी। इसने कहा कि 44 एफआईआर दर्ज की गईं और 72 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया और 33 को सीआरपीसी की धारा 41-ए के तहत नोटिस दिया गया और 30 मामलों में आरोप पत्र दायर किए गए हैं। सुनवाई के दौरान मेहता ने ईसाइयों पर हमलों की संख्या पर याचिकाकर्ताओं के आंकड़ों को गलत बताया। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने कहा कि बिहार में 38 घटनाओं का दावा किया, लेकिन ये पड़ोसियों के बीच झगड़े थे। मामले में कार्रवाई की गई है। दलीलें सुनने के बाद पीठ में शामिल न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के वकील का कहना है कि गृह मंत्रालय का हलफनामा कल रात प्राप्त हुआ था और याचिकाकर्ताओं को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया जाना चाहिए और मामले को तीन सप्ताह के बाद आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका डॉ. पीटर मचाडो और अन्य द्वारा दायर की गई है।

#### याचिकाकर्ताओं के वकील ने घटनाओं की संख्या को बढ़ा-चढ़ाकर बताया

गृह मंत्रालय के हलफनामे में कहा गया है कि संबंधित राज्य सरकारों द्वारा दी गई जानकारी से यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ताओं के वकील ने घटनाओं की संख्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। हलफनामें में कहा गया है कि दो पक्षों के बीच कई तुच्छ विवादों को धार्मिक रंग दिया गया। उदाहरण के लिए जिला जौनपुर, उत्तर प्रदेश में एक घटना के संबंध में, याचिकाकर्ताओं के वकील ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि पुलिस ने पादरी प्रेम सिंह की प्रार्थना में बाधा डाली और पादरी को अपनी सेवाएं बंद करने की चेतावनी दी और साथ ही पादरी को हिरासत में लिया। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की सत्यापन रिपोर्ट से पता चलता है कि पादरी प्रेम सिंह का स्थानीय निवासी विजय कुमार के बीच भूमि विवाद है। इस मामले में पुलिस कार्रवाई को ईसाइयों के उत्पीड़न के रूप में पेश किया गया था। मामले को जानबूझकर धार्मिक रंग दिया गया था।



## आरएसएस को मार्च निकालने की मिली अनुमति

**एजेंसी। चेन्नई**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को तमिलनाडु पुलिस ने राज्य में 16 अप्रैल को रूट मार्च निकालने की अनुमति दे दी है। मद्रास उच्च न्यायालय के इस संबंध में आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की अपील को सर्वोच्च न्यायालय में मंगलवार को खारिज होने के बाद पुलिस ने यह अनुमति दी है। मद्रास उच्च न्यायालय ने 10 फरवरी को आरएसएस को यह कहते हुए मार्च निकालने की अनुमति दी थी कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए विरोध आवश्यक है। आरएसएस राज्य में 45 जगहों पर मार्च निकालेगा। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु पुलिस ने राज्य में दो अक्टूबर को एक सार्वजनिक कार्यक्रम के बाद रूट मार्च करने के लिए आरएसएस को अनुमति देने से इनकार कर दिया था। पुलिस ने तब कहा था कि इस्लामवादी संगठन, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के परिसरों पर एनआईए के छापे और उस संगठन के कुछ कार्यकताओं की गिरफ्तारी के बाद राज्य में मार्च निकालने के लिए स्थिति अनुकूल नहीं थी।

## कर्नाटक विस चुनाव में टिकट बंटवारे में गुजरात मॉडल नहीं, फिर भी टंटा

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कर्नाटक में भाजपा के जिन नेताओं का टिकट काटा गया वे विरोध में सड़क पर आ गये हैं, अन्य पार्टी के जिन नेताओं को पार्टी में लाकर टिकट दिया उनका भी विरोध होने लगा है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी व उसके आला नेताओं के विरूद्ध नंदिनी दूध का मुद्दा अलग उबाल ले रहा है। इसके अलावा यह भी मुद्दा बन गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया तथा कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के विरूद्ध जिन दो नेताओं को टिकट दिया गया है, उन दोनों को अन्य विधान सीट से भी क्यों टिकट दिया गया है। इससे जनता में यह संदेश जा रहा है कि भाजपा नेता डरे हुए हैं कि उनके प्रत्याशी सिद्धरमैया तथा कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार से चुनाव हार सकते हैं। इसीलिए उनको एक अन्य सीट से भी प्रत्याशी बनाकर दो सीट से लड़ाया जा रहा है। इसके कारण भाजपा के कमजोर होने का संदेश जा रहा है। जिसकी काट के लिए भाजपा पदाधिकारी दावा कर रहे हैं कि यह करके तो कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं को घेर दिया गया है। ताकि शिवकुमार व सिद्धारमैया कहीं और प्रचार करने नहीं जा पाएं। अपनी सीट बचाने के लिए ही जूझते रहें। लेकिन ऐसे भाजपा पदाधिकारियों से ही तमाम भाजपा नेता व कार्यकर्ता कहने लगे हैं कि पार्टी ने तो कांग्रेस के दोनों बड़े नेताओं को पहले ही वॉकओवर दे दिया है। इससे जनता में यह भी संदेश जा रहा है कि कांग्रेस के दोनों नेताओं के विरूद्ध झगड़ा उम्मीदवार नहीं मिल रहे थे इस कारण भाजपा ने अपने दो प्रभावी नेताओं को उनके विरूद्ध उतारा तो, लेकिन हारने की डर से दोनों को दूसरी जगह से भी टिकट दे दिया। इसके विरूद्ध लड़ाई में भाजपा की स्थिति कमजोर हुई है।

मालूम हो कि भाजपा ने कांग्रेस नेता सिद्धारमैया की वरुणा विधान सभा सीट से वी सोमन्ना को उम्मीदवार बनाया है लेकिन सोमन्ना को ही चामराजनगर सीट से भी उम्मीदवार बनाया गया है। फिलहाल वी सोमन्ना गोविंदराज नगर से विधायक हैं। इसी तरह कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार को कनकपुरा विधानसभा सीट पर चुनौती देने के लिए भाजपा ने आर अशोक को उतारा है, लेकिन अशोक को ही पद्मनाभ नगर विधान सभा सीट से भी उम्मीदवार बनाया है। आर अशोक इस पद्मनाभ नगर सीट से छह बार से चुनाव जीत रहे हैं। पहले इस सीट का नाम उत्तरहल्ली था और बाद में पद्मनाभ नगर हुआ। इस तरह सोमन्ना तथा अशोक को दो-दो सीटों से उतारने से यह संदेश जा रहा है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं के विरुद्ध जीत को लेकर भाजपा आशंकित है, इसलिए उनके विरुद्ध लड़ने वाले दोनों भाजपा नेताओं को दूसरी सीट भी दी गई है। वैसे तो भाजपा ने उम्मीदवारों की घोषणा में बहुत सावधानी बरतने की कोशिश की है। यही वजह है कि टिकट काटने के मामले में गुजरात मॉडल लागू नहीं कर पाई है।

पहले कहा जा रहा था कि 2019 में कांग्रेस और जेडीएस के जो 17 विधायक पार्टी छोड़ कर भाजपा में आए थे, उनको टिकट नहीं दिया जाएगा। लेकिन पार्टी ने जो दो सूची जारी की है उससे जाहिर हो गया है कि बगावत व हारने के डर से कम का ही टिकट काटी है। केवल 14 वर्तमान विधायकों को प्रत्याशी नहीं बनाया है। अब तो 224 विधान सभा सीटों में से केवल 12 सीटों के लिए ही प्रत्याशी घोषित किये जाने हैं। कोशिश यह हो रही है कि पहले कांग्रेस व जेडीएस प्रत्याशी घोषित कर दें, उसके बाद तीसरी सूची जारी हो। लेकिन कांग्रेस भी यही सोच रही है कि पहले भाजपा अपनी पूरी सूची जारी कर दे, उसके बाद जिन भाजपा नेताओं को टिकट नहीं मिला है उनमें से कुछ प्रभावी नेताओं को प्रत्याशी बना दे। यह सब जानते हुए ही भाजपा ने बेलगावी इलाके में विवादास्पद जरकिहोली परिवार के हिसाब से टिकट बांटी है।

कुछ समय से मंत्री नहीं बनाए जाने से रमेश जरकिहोली नाराज चल रहे थे। भाजपा ने उनकी नाराजगी दूर करते हुए उनके लोगों को टिकट दी। रमेश जरकिहोली के साथ-साथ उनके भाई बालचंद्र जरकिहोली को भी उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह बीएस येदियुरप्पा की नारंगी दूर करने के लिए उनके पुत्र बीवाई विजयेंद्र को उनकी पारंपरिक शिकारीपुरा विधान सभा सीट से उम्मीदवार बनाने के साथ ही येदियुरप्पा के ज्यादातर लोगों को टिकट दिया गया है। इसी तरह से भाजपा ने चर्चित बेल्लारी बंधुओं का भी पूरा ख्याल रखा है। तीन बेल्लारी बंधुओं में से एक जनार्दन रेड्डी ने अपनी अलग पार्टी बनाई है, इसके बावजूद उनके भाई जी सोमशेखर रेड्डी को बेल्लारी शहरी सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा रेड्डी बंधुओं के सबसे घनिष्ठ बी श्रीरामुलु को बेल्लारी ग्रामीण से टिकट दिया गया है।

## कर्नाटक विस चुनाव प्रचार पीक के पहले कोरोना संक्रमण पीक पर पहुंच जाएगा?

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

क्या दिल्ली व अन्य कई राज्यों में अगले दो सप्ताह में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ेंगे और कर्नाटक में विधानसभा चुनाव प्रचार पीक पर पहुंचने तक कोरोना संक्रमण भी पीक पर पहुंच जाएगा? सरकारी आंकड़े जो बताए जा रहे हैं उससे तो यही लगता है। एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टर व चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार का कहना है कि दिल्ली में एक दो सप्ताह में कोविड के मामले पीक पर पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा: हमने अस्पताल में मरीजों, खास तौर से बच्चों के लिए पूरे प्रबंध किये है, क्योंकि संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीके की एहतियाती खुराक (बूस्टर डोज) लेना चाहिए।

सुरेश कुमार ने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित एक नवजात को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ. कुमार ने कहा: बच्चों का टीकाकरण नहीं हुआ है, ऐसे में हमें उनके लिए एहतियात बरतने की जरूरत है, क्योंकि उनमें बुखार, खांसी-सर्दी, आंखों में संक्रमण और पेट के संक्रमण जैसे लक्षण नजर आ रहे हैं। (कोरोना वायरस का) यह स्वरूप (एक्सबीबी.1.16) बच्चों को ज्यादा प्रभावित कर रहा है। हमारे अस्पताल में 18 दिन के नवजात को भर्ती कराया गया है और वह कोरोना वायरस से संक्रमित है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में चार और बच्चे भर्ती हैं। स्कूलों और सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनना बचाव के लिए ठीक रहेगा। वरिष्ठ नागरिकों को भी मास्क लगाना चाहिए। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना वायरस का नया स्वरूप एक्सबीबी.1.16 इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

## FILMY हलचल

### नहीं रही मशहूर अभिनेत्री उत्तरा बावकर



**मशहूर** अभिनेत्री उत्तरा बावकर का निधन हो गया। वह 79 साल की थीं। वह लंबी बीमारी से जूझ रही थीं। उन्होंने अब तक कई मराठी और हिंदी फिल्मों और धारावाहिकों में काम किया था। अभिनेत्री उत्तरा बावकर ने अब तक कई सीरियल्स में भी काम किया है। उत्तरा बावकर ने 1986 में सीरियल 'यात्रा' से फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह 1987 में रिलीज हुए सीरियल 'तमस' से चर्चा में आईं। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह 'एक दिन अमांका', 'रुक्मावती की हवेली', 'द बर्निंग सीजन', 'सरदारी बेगम' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री शोक में है। उत्तरा बावकर ने सुमित्रा भावे की कई फिल्मों में काम किया। उनके पास मुद्रा और आवाज अभिनय पर कमान थी। वह कई वर्षों तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में पढ़ा रही थी।

### अपकमिंग शो 'श्रवणी' में नकारात्मक भूमिका में नजर आएंगी आरती सिंह



**अभिनेत्री** आरती सिंह अपकमिंग पारिवारिक ड्रामा शो 'श्रवणी' में जल्द ही एक नकारात्मक किरदार में अपनी नई पारी खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो न सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन करेगा, बल्कि उनके दिलों को भी छू लेगा। अपने अभिनय प्रदर्शन से आरती सिंह ने लाखों लोगों का दिल जीता है, ऐसे में उन्हें पूरी तरह से एक अलग अवतार में देखना दर्शकों के लिए बहुत दिलचस्प होगा। आरती इस शो में चंद्रा चाची की नकारात्मक भूमिका निभाएंगी। यह शो दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव देने का वादा करता है। आरती सिंह के अब तक निभाए गए किरदारों को ध्यान रखते हुए दर्शक अनुमान लगा रहे हैं कि वह एक रूढ़िवादी मां या बहू का किरदार निभाएंगी। इस विचार को आरती सिंह ने कहा: मैं अपने प्रशंसकों और खुद को अपने अलग-अलग किरदारों से आश्चर्यचकित करना चाहती हूं। मैं खुद को सिर्फ एक तरह के किरदार निभाने तक सीमित नहीं रखना चाहती। इसलिए मैं एक नेगेटिव किरदार निभाने को लेकर बहुत उत्साहित हूं, यह मेरे लिए एक नई चुनौती है और इसके लिए अपना सौ प्रतिशत अभिनय देने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

### संजय दत्त ने सेट पर चोट लगने की खबरों को खारिज किया

**अभिनेता** संजय दत्त ने दमदार अभिनय के दम पर अपनी इतनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बॉलीवुड ही नहीं साउथ फिल्म इंडस्ट्री में भी अपना नाम बनाया है। संजय दत्त इन दिनों अपनी अपकमिंग कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' की शूटिंग कर रहे हैं। खबर आई थी कि इस शूट के दौरान संजय दत्त घायल हो गए हैं। लेकिन अब खुद संजय दत्त ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस खबर का खंडन किया है। संजय दत्त ने ट्वीट कर बताया कि वह ठीक हैं। उन्होंने कहा: ऐसी खबरें हैं कि मैं गंभीर रूप से घायल हूं। लेकिन ये खबरें निराधार हैं। मैं ठीक और स्वस्थ हूं। फिलहाल मैं 'केडी' की शूटिंग कर रहा हूं और सेट पर हर कोई मेरा ख्याल रख रहा है।

### 'शकुंतलम' के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस सामंथा की बिगड़ी तबीयत



**साउथ** की मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म शकुंतलम को लेकर सुर्खियों में हैं। सामंथा पिछले कुछ महीनों से मायोजिटिस नाम की ऑटोइम्यून बीमारी से जूझ रही हैं। कुछ दिनों पहले सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने फैंस को अपनी बीमारी की जानकारी दी थी। अब शकुंतलम के प्रमोशन के दौरान सामंथा की तबीयत फिर से बिगड़ गई है। उन्हें बुखार है और उनकी आवाज चली गई है। सामंथा ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को इस बात की जानकारी दी है। सामंथा ने अपने ट्विटर पर पोस्ट शेयर किया। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा है। मैं अपनी फिल्म का प्रचार करने और आपका प्यार पाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। दुर्भाग्य से व्यस्त कार्यक्रम और प्रमोशन ने मुझ पर अपना असर डाला है।

## दुर्लभ ग्रहण | पृथ्वी पर होने जा रहे संकर सूर्यग्रहण का समझिये साइंस

# पृथ्वी का गोल होना संकर सूर्यग्रहण का कारण

### पृथ्वी अगर होती सपाट तो न होता हाईब्रिड सोलर इकलिप्स

**नवीन मेल नेटवर्क। भोपाल**

20 अप्रैल को दुर्लभ हाईब्रिड सूर्यग्रहण की घटना होने जा रही है। इस बारे में नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने विद्याविज्ञान के अंतर्गत जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिम ऑस्ट्रेलिया और दक्षिणी गोलार्द्ध के समुद्री भागों में होने जा रहे इस ग्रहण को भारत में तो नहीं देखा जा सकेगा, लेकिन सदी में औसतन सिर्फ सात बार होने वाली इस घटना का साइंस समझने का यह अवसर है। सारिका ने बताया कि अगर




पृथ्वी गोलाकार न होकर सपाट चौकोर होती तो हाईब्रिड सोलर इकलिप्स की घटना पृथ्वी पर नहीं होती।

सारिका ने बताया कि गणितीय रूप से ग्रहण के समय सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी को चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी से भाग देने पर अगर 400 के लगभग आता है तो हाईब्रिड सोलर इकलिप्स होने की परिस्थितियां बनती हैं। सारिका ने बताया कि हमारी पृथ्वी गोलाकार है, इस कारण चंद्रमा की दूरी, लोकेशन बदलने पर बदलती रहती है। उन स्थानों पर जहां कि ग्रहण के दौरान चंद्रमा सिर के ठीक उपर होता है तो उसका अपेरेन्ट साइज बड़ा होता है। इस कारण यह सूर्य को पूरी तरह से ढ़ंक लेता है और पूर्ण सूर्यग्रहण दिखने लगता है।

उन स्थानों में जहां कि चंद्रमा क्षितिज के पास होता है वहां चंद्रमा का अपेरेंट साइज थोड़ा छोटा दिखता है और यह सूर्य को पूरी तरह नहीं ढ़ंक पाता है जिससे सूर्य का किनारा चमकता रहता है और बीच में चंद्रमा के कारण काला अंधेरा दिखता है। यह वलयाकार सूर्यग्रहण के रूप में दिखता है। अगर पृथ्वी चपटी सपाट होती तो चंद्रमा की दूरी एक समान रहती और कोई एक ही प्रकार का ग्रहण होता। इसलि चपटी नहीं, गोलाकार पृथ्वी पर होने जा रहे संकर सूर्यग्रहण का साइंस समझने की जरूरत है।